दैनिक

राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र

DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

# भारत देश हमारा

करनाल

Postal Regd. No. PKL-235/2024-26

www.bharatdeshhamara.com,E-mail-bdhkarnal@gmail.com

मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी संपादक - डा.के.के.संधू प्रबन्ध संपादक: सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल

PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227 वर्ष 9 अंक 70 शुक्रवार 13 मार्च, 2026 Friday 13 March, 2026 मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 12 मोब :9416406615,7404278000,9215537704







## ई-रिक्शा चलाते समय युवक को आया हार्ट अटैक,मौत

**उमरिया 12 मार्च( निस ):** कहा जाता है कि मौत कब और किसे अपने आगोश में ले ले, इसका कोई अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। ऐसा ही एक चौंकाने वाला मामला मध्य प्रदेश के उमरिया जिले से सामने आया है, जहां एक युवक की ई-रिक्शा चलाते-चलाते ही अचानक मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और परिवार पर( शेष पृष्ठ दो पर )

# देशवासी घबराएं नहीं, तेल व घरेलू गैस की कमी नहीं-पीएम मोदी, उच्चस्तरीय कमेटी का गठन



नई दिल्ली 12 मार्च (निस)। देश में एलपीजी सप्लाई को लेकर फैली अफवाहों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से शांति बनाए रखने और पैनिक न करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण ऊर्जा की सप्लाई चेन प्रभावित हुई है, लेकिन हमारी सरकार संकट से निपटने में सक्षम है। पीएम मोदी ने तमिलनाडु में एनडीए की मीटिंग के दौरान सभी से सही जानकारी साझा करने और बिना पुष्टि के अफवाहें न फैलाने का आग्रह किया।वहीं केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एलपीजी सप्लाई पर नजर रखने के लिए कंट्रोल रूम बनाए हैं। मंत्रालय का कहना है कि घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पहले की तरह जारी है और पैनिक खरीद से स्थिति प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा और अन्य राज्यों में जिला प्रशासन लोगों को अफवाहों से बचने की सलाह दे रहा है। केंद्र सरकार ने पहले ही एस्मा लागू किया है, इसके तहत घरेलू गैस की आपूर्ति को प्राथमिकता दी जाती है और बीते छह महीनों के औसत के अनुसार सप्लाई बनाए रखने का निर्देश है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और पेट्रोलियम मंत्रालय के साथ मिलकर फैक्ट चेक करने और सही सूचना देने का काम शुरु कर दिया है। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस प्रमुखों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था और अफवाहों से उत्पन्न हालात को संभालने के लिए दिशा-निर्देश दिए हैं। वहीं पीएम मोदी ने कोरोना महामारी के दौर का उदाहरण देकर कहा कि तब 140 करोड़ भारतीयों ने देश की मजबूती दिखाई थी और अब भी हम इस संकट से जल्द ही उबर जाने वाले है। उन्होंने दोहराया कि सरकार की प्राथमिकता सभी नागरिकों के हितों की रक्षा करना है और किसी भी तरह के पैनिक की जरूरत नहीं है। जनता से अपील की गई है कि केवल सत्यापित सूचना को साझा करें और अफवाहों को आगे न बढ़ाएं। इस तरह, प्रशासन और केंद्र सरकार मिलकर एलपीजी संकट को नियंत्रित करने( शेष पृष्ठ दो पर )

# लोकसभा में एलपीजी गैस मामले को लेकर जोरदार हंगामा, राहुल गांधी और पेट्रोलियम मंत्री आमने-सामने

### स्पीकर ने विषय से भटकने पर रोका, हरदीप पुरी बोले- देश में गैस की कमी नहीं



**नई दिल्ली 12 मार्च ( निस ):** लोकसभा में गुरुवार को एलपीजी संकट को लेकर जोरदार हंगामा देखने को मिला। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देश में गैस सिलेंडर की कथित कमी और ऊर्जा सुरक्षा का मुद्दा उठाया, जिस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हस्तक्षेप करना पड़ा और उन्होंने राहुल गांधी को नोटिस में दिए गए विषय तक सीमित रहने को कहा। सदन में बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा, कि देश में एलपीजी संकट की स्थिति बनती दिख रही है। उन्होंने कहा, अभी तो दर्द की शुरुआत हुई है। कई रेस्टोरेंट बंद हो रहे हैं, सड़क किनारे के विक्रेता प्रभावित हो रहे हैं और एलपीजी को लेकर लोगों में घबराहट है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी देश की मजबूत नींव उसकी ऊर्जा सुरक्षा होती है और इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि यदि अमेरिका यह तय करे कि भारत रूस से तेल या गैस खरीद सकता है या नहीं, तो यह स्थिति समझ से परे है। इसी दौरान उन्होंने एक अन्य विवादित मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा कि तेल मंत्री खुद किसी समय एपस्टीन को अपना दोस्त बता चुके हैं। इस टिप्पणी के बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया।हंगामा देख स्पीकर ओम बिरला ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए राहुल गांधी से कहा कि वे केवल उसी विषय पर बोलें, जिसके लिए उन्होंने नोटिस दिया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी अन्य मुद्दे पर चर्चा करनी है तो उसके लिए अलग से नोटिस देना होगा। इसके बाद विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामे के बीच स्पीकर ने पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी को जवाब देने के लिए आमंत्रित किया। पुरी ने कहा कि देश में एलपीजी, पेट्रोल या डीजल की कोई कमी नहीं है और विपक्ष अनावश्यक रूप से माहौल बना रहा है। उन्होंने बताया कि भारत के पास पर्याप्त कच्चे तेल का भंडार है और( शेष पृष्ठ दो पर )

# फारुक अब्दुल्ला पर हमले को लेकर खड़गे व नड्डा ने चिंता जताई, कहा-गंभीर मामला





नई दिल्ली, 12 मार्च (निस) संसद में कई सांसदों ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला पर हुए हमले का मुद्दा उठाया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पूर्व जम्मू-कश्मीर सीएम की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई और केंद्र सरकार द्वारा स्थानीय पुलिस पर नियंत्रण को मुद्दा बनाया। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने इसका खंडन करते हुए इसे एक गंभीर मामला बताया और जांच का आश्वासन दिया। खड़गे ने कहा कि फारूक अब्दुल्ला की सुरक्षा को खतरा है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर पहले एक पूर्ण विकसित राज्य था और अब पुलिस केंद्र के नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि स्थानीय सुरक्षाकर्मियों ने उनकी जान बचाई और पूछा, क्या सरकार का यही इरादा था कि एनसी नेता की हत्या की जाए? मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नड्डा ने कहा कि पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला पर जानलेवा हमला चिंता का विषय और एक गंभीर मामला है और इसकी उचित जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और एनसी नेता( शेष पृष्ठ दो पर )

# संसद परिसर में गैस सिलेंडर संकट को लेकर विपक्ष का प्रदर्शन, राहुल गांधी ने सरकार पर उठाए सवाल




**नई दिल्ली 12 मार्च ( निस ):** ईरान और इजरायल-अमेरिका युद्ध के बीच देश में उपजे गैस सिलेंडर संकट के मुद्दे को लेकर गुरुवार को संसद परिसर में विपक्षी दलों के सांसदों ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए नरेंदर भी गायब, सिलेंडर भी गायब जैसे नारे लगाए। इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित कई विपक्षी सांसद शामिल हुए। संसद परिसर में विपक्षी सांसदों ने गैस सिलेंडर संकट को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित कई विपक्षी सांसद शामिल हुए। सांसदों ने बैनर के साथ ही हाथों में तख्तियां लेकर और नारे लगाकर सरकार पर निशाना साधा। इस दौरान नरेंदर भी गायब, सिलेंडर भी गायब के नारे संसद परिसर में गूंजते रहे। प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री लगातार देश से कह रहे हैं कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है, लेकिन उनके व्यवहार से ऐसा लगता( शेष पृष्ठ दो पर )

# मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाएगा विपक्ष



नई दिल्ली, 12 मार्च (निस) मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए विपक्ष बड़ी तैयारी में लगा हुआ है। दोनों सदनों के विपक्षी सांसद इस मामले में एकजुट हैं। महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए लोकसभा के करीब 120 सांसद और राज्यसभा के 60 सांसदों ने नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। बताया जा रहा है कि ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्षी अभियान की अगुवाई तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक सांसद कर रहे हैं।दरअसल पश्चिम बंगाल में आने वाले दिनों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके पहले राज्य में एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर सीएम ममता बनर्जी चुनाव आयुक्त कुमार के खिलाफ मुखर भी है। विपक्ष एक के नेता ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि नोटिस की दो अलग-अलग कॉपी शुक्रवार तक लोकसभा और राज्यसभा में जमा होगी। विपक्षी पार्टियां कुमार के( शेष पृष्ठ दो पर )



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी हरियाणा लोक भवन चंडीगढ़ में राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष को उनके जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए। साथ में हैं राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती मित्रा घोष और मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी।

# इनकम के आधार पर ओबीसी क्रीमी लेयर का स्टेटस तय नहीं कर सकते- सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली 12 मार्च ( निस ):** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि कोई उम्मीदवार अन्य पिछड़ा वर्ग के क्रीमी लेयर में आता है या नॉन-क्रीमी लेयर में यह सिर्फ आमदनी के आधार पर तय नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि सिर्फ इनकम ब्रैकेट के आधार पर क्रीमी लेयर का स्टेटस तय करना, पोस्ट की कैटेगरी और स्टेटस पैरामीटर का जिक्र किए बिना, कानून में साफ तौर पर टिकने लायक नहीं है। बता दें क्रीमी लेयर में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के ज्यादा अमीर और सामाजिक रूप से आगे रहने वाले सदस्य आते हैं जिन्हें सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण के दायर से बाहर रखा गया है। यह नियम इंद्रा साहनी बनाम यूनियन ऑफ इंडिया केस के बाद आया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण को सही ठहराया था, ( शेष पृष्ठ दो पर )

# भारत की कूटनीति रंग लाई, तेल लेकर आ रहा पोत सुरक्षित रुप से मुम्बई बंदरगाह पहुंचा




**नई दिल्ली 12 मार्च ( निस ):** ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच छिड़ी भीषण जंग ने इस वक्त पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को हिलाकर रख दिया है। विशेष रूप से सामरिक रूप से महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज (हॉर्मुज जलडमरूमध्य) वर्तमान में युद्ध का अखाड़ा बना हुआ है, जहाँ से वैश्विक तेल आपूर्ति का एक बड़ा हिस्सा गुजरता है। इस क्षेत्र में लगातार तेल टैंकरों को निशाना बनाए जाने और उन्हें डुबोए जाने की खबरों के बीच पूरी दुनिया में ऊर्जा संकट को लेकर हाहाकार मचा है। लेकिन इस भीषण तनाव के बीच भारत ने अपनी सधी हुई और दूरदर्शी कूटनीति के दम पर एक असंभव लगने वाले कार्य को संभव कर दिखाया है।लाइबेरियाई झंडे वाला विशाल तेल टैंकर शेनलोंग, जो सऊदी अरब से कच्चा तेल लेकर आ रहा था, सुरक्षित रूप से हॉर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर मुंबई बंदरगाह पहुंच गया है। यह घटना इसलिए असाधारण है क्योंकि युद्ध शुरू होने के बाद भारत की ओर आने वाला यह पहला जहाज है, जिसने इस खतरनाक समुद्री रास्ते से निकलकर अपनी मंजिल तय की है। ज्ञात हो कि ईरान ने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि वह अमेरिका और( शेष पृष्ठ दो पर )

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक आयोजित

### यमुनानगर, पानीपत पावर प्लांट के लिए कोल सप्लाई, रखरखाव की मंजूरी,बावल में 18 करोड़ से बनेगा न्यायिक काम्पलेक्स



**चण्डीगढ, 12 मार्च( अमृतपाल सिंह ):** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनस्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, शहरी स्थानीय निकाय, कृषि, बिजली निगम सहित कई विभागों के लिए आवश्यक उपकरण खरीद को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा कई विकास परियोजनाओं के निर्माण के लिए भी टेण्डर प्रक्रिया सम्पन्न की गई।बैठक में 675.82 करोड़ रुपए के कुल 15 एजेंडे रखे गए। नेगोसिएशन के बाद 657.82 करोड़ रुपए में छोड़े गए। इस प्रकार सरकार को लगभग 68.13 करोड़ रुपए की बचत हुई। मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विकास परियोजनाओं की समय समय पर मोनिटरिगं करें ताकि कार्य समय पर पूर्ण हो सकें। इसके अलावा विकास कार्यों में गुणवता पर विशेष ध्यान दिया जाए। कार्यो में देरी और गुणवता के मामले में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि टेण्डर प्रक्रिया भी समय पर पूरी करें। यदि कोई अधिकारी इसमें लापरवाही बरतेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाई की जाएगी।मुख्यमंत्री ने बैठक में यमुनानगर व पानीपत थर्मल पावर प्लांट में आटोमेटिड कोयला सप्लायर एवं रखरखाव के लिए प्रक्रिया पूरी की। इसके अलावा डीएचबीवीएनएल के लिए 220 केवी, 33/11 केवी के बिजली ट्रांसफर खरीदने की प्रक्रिया को भी अंतिम रूप दिया।

**गुरूग्राम में ड्रेन व बसई लाईन कार्य की स्वीकृति-** मुख्यमंत्री ने गुरूग्राम में बसई जलघर से सेक्टर 25, रेलवे लाईन 2 के नीचे से 1600 एमएम से 600 एमएम की पाईप लाईन डालने के कार्य की भी मंजूरी दी। लगभग 55 करोड़ रुपए की लागत से डलने वाली इस पाईप लाईन का कार्य जल्द शुरू कर बरसात के सीजन से पहले पूरा करने को कहा। उन्होंने बुस्टिगं स्टेशन सेक्टर 16 के लिए पाईप लाईन डालने के कार्य को स्वीकृति प्रदान की। बैठक में मुख्यमंत्री ने गुरूग्राम में स्टोर्म वाटर की निकासी हेतू अशोक विहार से नजदीक भीमगढ खेडी रेलवे कल्वर्ट नम्बर 50 तक आरसीसी मास्टर ड्रेन बनाने की स्वीकृति प्रदान की। इस कार्य पर लगभग 17.60 करोड़ की लागत आएगी। फरीदाबाद में लगभग 41.84 करोड़ रुपए की लागत से 20 एमएलडी सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने के कार्य के लिए भी टेण्डर प्रक्रिया पूरी की गई ।

**धनोदा, नावदा, किरोड़ी में बढ़ेगी सब स्टेशन की क्षमता-** मुख्यमंत्री ने महेन्द्रगढ के गांव धनोदा, फरीदाबाद के गांव नावदा तथा हिसार के गांव किरोड़ी में 400 केवी सब स्टेशन स्थापित करने के कार्य को भी स्वीकृति प्रदान की। इन पर( शेष पृष्ठ दो पर )

# कतर में फंसे सैकड़ों भारतीयों की हुई सुरक्षित वापसी, भारत आएंगी दो और उड़ानें

### भारतीय दूतावास ने फंसे लोगों को अज्ञात वस्तु, मलबे या टुकड़ों से दूर रहने की दी चेतावनी



**नई दिल्ली 12 मार्च ( निस ):** भारतीय दूतावास ने कहा है कि कतर में फंसे 500 से ज्यादा भारतीयों को नई दिल्ली और अन्य स्थानों पर पहुंचाया गया है। दूतावास ने पश्चिम एशियाई देश में अब भी फंसे लोगों को किसी भी अज्ञात वस्तु, मलबे या टुकड़ों के पास ना जाने की चेतावनी दी है। कतर स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर सलाह दी कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच कतर एयरवेज गुरुवार को भारत के लिए दो उड़ानें संचालित कर रहा है। दूतावास ने कहा कि कतर में फंसे 500 से ज्यादा भारतीय 11 मार्च को कतर एयरवेज की उड़ानों से नई दिल्ली और अन्य स्थानों के लिए रवाना हुए थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक संघर्ष के कारण उड़ानें रद्द होने से दुबई में फंसे ओडिशा के 35 पर्यटक बुधवार को सुरक्षित लौट आए। सीएमओ के बयान के मुताबिक फंसे हुए पर्यटकों में से नौ पर्यटक 7 मार्च को केरल के कोच्चि होते हुए भुवनेश्वर आए बाकी पर्यटक 8 मार्च को मुंबई होते हुए विशेष उड़ान से भुवनेश्वर पहुंचे। सीएम मोहन चरण माझी ने इस बात पर चिंता जताई कि क्षेत्र में जारी संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया में ओडिशा के कई लोग फंसे हैं। सीएमओ ने बताया कि सीएम माझी ने उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने की जरुरत पर जोर देते हुए मुख्य सचिव अनु गर्ग को स्थिति पर बारीकी से नजर रखने और उडिया लोगों की वापसी( शेष पृष्ठ दो पर )

## पृष्ठ एक का शेष...

### लोकसभा में एलपीजी गैस मामले को लेकर जोरदार ...

कई स्त्रोतों से ईंधन की आपूर्ति जारी है। पुरी ने कहा कि भारत को कनाडा, नॉर्वे और रूस से ईंधन मिल रहा है। इसके अलावा एलपीजी उत्पादन में करीब 28 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। उन्होंने बताया कि वैकल्पिक ईंधन चैनलों को सक्रिय कर दिया गया है और देशभर में सीएनजी की आपूर्ति भी सामान्य रूप से जारी है।
मंत्री ने कहा कि घबराहट के कारण लोगों ने ज्यादा बुकिंग कर दी है, जिससे मांग अचानक बढ़ गई है। सरकार ने स्थिति पर नजर रखने के लिए तीन मंत्रियों की एक समिति भी बनाई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि देश ऐसे हालात से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।वहीं स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि संसद नियमों के अनुसार ही चलेगी और बिना नोटिस के किसी अन्य मुद्दे पर चर्चा करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि संसद में किसी को भी विशेष अधिकार नहीं है, सभी को नियमों का पालन करना होगा। हंगामे के बीच स्पीकर कुछ समय के लिए चेयर छोड़कर चले गए, जिसके बाद जगदंबिका पाल ने कार्यवाही संभाली। विपक्षी सांसद वेल में पहुंच गए थे और लगातार नारेबाजी कर रहे थे। पाल ने सांसदों से अपना स्थान ग्रहण करने की अपील की, लेकिन सदन का माहौल लंबे समय तक तनावपूर्ण बना रहा।

### देशवासी घबराएं नहीं, तेल व घरेलू गैस की कमी ...

और लोगों को सही जानकारी देने में सक्रिय हैं।

**पेट्रोल-डीजल संकट पर एक्शन मोड में आई सरकार, हाई-लेवल कमेटी का किया गठन, ये मंत्री संभालेंगे कमान**-देशभर में पेट्रोल-डीजल की किल्लत को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। केंद्र सरकार ने एक खास कमेटी का गठन किया है, जिसकी कमान देश के कई बड़े मंत्री संभालेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में पेट्रोल, डीजल और गैस की आपूर्ति की मॉनिटरिंग के लिए कमिटी गठित की गई है।यह एक तीन सदसीय कमेटी है, जिसमें अमित शाह (गृह मंत्री), अमित शाह (गृह मंत्री) और हरदीप सिंह पुरी (पेट्रोलियम मंत्री) शामिल होंगे। देश में गैस की किल्लत की खबरें सामने आने के बाद हालात थोड़े गड़बड़ाते हुए नजर आ रहे है। कई बड़े शहरों जैसे कि दिल्ली, मुंबई, लखनऊ और भोपाल में गैस एजेंसियो के बाहर गैस भरवाने लोग लंबी लाइनें लगा कर खड़े हैं। ये लाइनें इतनी लंबी हैं कि लोगों को अपनी बारी के लिए घंटों का इंतजार करना पड़ रहा है। देश में ऐसे हालात मिडिल ईस्ट में बने युद्ध जैसे हालातों पर तनाव को लेकर उजागर हो रहे हैं। लोगों का ऐसा मानना है कि अगर युद्ध लंबा खींचता है तो इससे देश में गैस की किल्लत बन सकती है, जिसका सीधा असर आम जनता पर होगा। इसी के चलते बाजारों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। देश में बन रहे इन हालातों पर सरकार ने कहा है कि देश में गैस और तेल के पर्याप्त भंडार हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय ने अपना रुख साफ करते हुए कहा कि मिडिल ईस्ट में बन रहे इन युद्ध जैसे हालातों के बीच भारत में गैस की सप्लाई पर कोई असर नहीं होगा। इसके लिए सरकार ने लोगों को इस समय में पैनिक न करने की सलाह दी है और कहा है कि ऐसी अफवाहों से बचें।

### फारुक अब्दुल्ला पर हमले को लेकर खड़गे व

... फारुक अब्दुल्ला की सुरक्षा बढ़ाने के लिए जरुरी कदम उठाए जाएंगे। नड्डा ने कहा कि हर मामले को राजनीतिक रंग नहीं देना चाहिए और सरकार के खिलाफ खड़गे के आरोपों की कड़ी आलोचना की।नेशनल कॉन्फ्रेंस के चौधरी मोहम्मद रमजान ने भी फारूक अब्दुल्ला पर हुए हमले का मुद्दा उठाया और कहा कि घटनास्थल पर पुलिस मौजूद नहीं थी। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी इस घटना में घायल हुए हैं और उन्होंने और अन्य लोगों ने मिलकर अपराधी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। उन्होंने राज्य का दर्जा बहाल करने और फारूक अब्दुल्ला की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की।यह हमला तब हुआ जब एक व्यक्ति ने जम्मू के ग्रेटर कैलाश इलाके के रॉयल पार्क में एक शादी समारोह में फारूक अब्दुल्ला को गोली चला दी। पुलिस के मुताबिक सुरक्षा में तैनात एनएसजी के सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हमले को नाकाम कर दिया। आरोपी कमल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी जम्मू के पुरानी मंडी का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि अपराध में इस्तेमाल किया गया हथियार भी बरामद कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

**सूचना**
सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड़दीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।
**मोब: 9416406615**

**पाठकों हेतु आवश्यक सूचना**
समाचार-पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

**सूचना**
हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करे।
**कार्यालय: 15-ए, माल रोड़**
**नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल**
**मोब: 9416406615**

**सदा आपके साथ**
जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।
**नोट:**मेल में नाम पता व मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
सभी सेवाएं निशुल्क है।
**E-mail chardikla.hr@gmail.com**
**Whatsapp: 9896359037,8307425115**

**आवश्यक सूचना**
दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार-पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।
**मोब: 9215537704,7206600325,7206300081**

कृष्ण कुमार सन्धु, सम्पादक, पब्लिशर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब ,सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए, माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया ( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )
PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227

### कतर में फंसे सैकड़ों भारतीयों की हुई सुरक्षित वापसी, भारत ...

को सुविधाजनक बनाने के लिए जरुरी कदम उठाने का निर्देश दिया। वहीं, विपक्षी दलों ने विधानसभा में ओडिशा सरकार पर खाड़ी देशों में जारी संघर्ष के बीच फंसे राज्य के लोगों के प्रति कोई चिंता न दिखाने का आरोप लगाया। रिपोर्ट के मुताबिक मुख्य सचेतक प्रमिला मलिक और प्रताप केशरी देब द्वारा लाए गए स्थगन प्रस्ताव में इस मुद्दे पर बहस हुई। बीजू जनता दल (बीजद) विधायक अरुण कुमार साहू ने पूछा कि क्या राज्य सरकार के पास युद्ध के बीच फंसे उडिया लोगों को वापस लाने की कोई योजना है? बीजद सदस्य ध्रुव चरण साहू ने आरोप लगाया कि खाड़ी देशों में रह रहे लोगों के परिवार गंभीर मानसिक तनाव में हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि राज्य सरकार पश्चिम एशिया में युद्ध रोकने के लिए सदन में प्रस्ताव लाए। साहू ने कहा कि ओडिशा विधानसभा युद्ध रोकने की अपील करने वाली देश की पहली विधानसभा बने। विपक्षी विधायकों ने कहा कि हवाई संपर्क रद्द होने के कारण खाड़ी देशों में करीब तीन से चार लाख उडिया लोग फंसे हैं, जिनमें से ज्यादातर केंद्रपाड़ा, गंजाम और पुरी जिलों से हैं।

### संसद परिसर में गैस सिलेंडर संकट को लेकर विपक्ष का प्रदर्शन...

है कि वे खुद घबराए हुए हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री अलग-अलग कारणों से दबाव में दिखाई दे रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री कहते हैं कि घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन वे खुद घबराए हुए लग रहे हैं। आपने कल देखा कि सदन के अंदर प्रधानमंत्री की कुर्सी खाली थी। वे देश से कह रहे हैं कि चिंता मत करो, जबकि वे खुद परेशान दिख रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार को देश में उत्पन्न सिलेंडर संकट और आम लोगों की परेशानियों पर स्पष्ट जवाब देना चाहिए। विपक्ष का कहना है कि रसोई गैस की उपलब्धता और कीमतों से जुड़ी समस्याओं के कारण आम जनता परेशान है और सरकार को इस मुद्दे पर संसद में चर्चा करानी चाहिए।

### इनकम के आधार पर ओबीसी क्रीमी लेयर का स्टेटस ...

लेकिन अमीर तबकों को बाहर रखने का आदेश दिया था। बाद में सरकार ने ऐसे समूहों की पहचान करने के लिए 1993 में नियम बनाए। अभी, सालाना 8 लाख रुपए से ज्यादा कमाने वाला ओबीसी परिवार आम तौर पर क्रीमी लेयर का हिस्सा माना जाता है और आरक्षण पाने के अयोग्य हो जाता है। इस नियम का मकसद यह तय करना है कि कोटा मुख्य रूप से गरीब और ज्यादा पिछड़े ओबीसी समुदायों की मदद करे। इस कैटेगरी में ऊंचे संवैधानिक पदों, सीनियर सरकारी पदों, ऊंचे पदों पर काम करने वाले लोगों, या अच्छी-खासी प्रॉपर्टी और बिजनेस इनकम वाले लोगों के बच्चे भी शामिल हो सकते हैं। इनकम लिमिट को आखिरी बार 2017 में 6 लाख से 8 लाख रुपए किया गया था।

### ई-रिक्शा चलाते समय युवक को आया

... दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।जानकारी के अनुसार यह घटना उमरिया जिले के पाली कस्बे के बाजार इलाके की है। पाली निवासी 35 वर्षीय रवि विश्वकर्मा रोज की तरह बुधवार को अपना ई-रिक्शा लेकर बाजार की ओर गए थे। सब कुछ सामान्य था, लेकिन जैसे ही वह पाली के प्रकाश चौराहे के पास पहुंचे, अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। बताया जा रहा है कि अचानक आए तेज सीने के दर्द के बाद वह ई-रिक्शा में ही बेहोश होकर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने जब उन्हें इस हालत में देखा तो तुरंत मदद के लिए आगे आए।घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने बिना देर किए रवि विश्वकर्मा को पाली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उनकी जांच की, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक उनकी मौत हार्ट अटैक की वजह से होने की आशंका जताई जा रही है।

### ईरान जंग के बीच सफल सप्लाई: स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज पार ...

इजरायल के सहयोग वाले जहाजों को इस मार्ग से गुजरने नहीं देगा। ऐसे में शेनलोंग का सुरक्षित पहुंचना भारत की एक बहुत बड़ी कूटनीतिक सफलता मानी जा रही है। इस सफलता की पटकथा मंगलवार, 10 मार्च को लिखी गई थी, जब भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची से फोन पर लंबी और विस्तृत चर्चा की। ईरान द्वारा केवल चीन के जहाजों को रास्ता देने की घोषणा के बाद, जयशंकर ने मोर्चा संभाला और भारत की ऐतिहासिक दोस्ती व रणनीतिक स्वायत्तता का हवाला देते हुए भारतीय हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की। इस दौरान उन्होंने जर्मनी और दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रियों से भी संपर्क साधा ताकि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में भारत की स्थिति स्पष्ट रहे। करीब 1,35,335 मीट्रिक टन कच्चा तेल लेकर यह विशाल टैंकर बुधवार दोपहर 1 बजे मुंबई बंदरगाह पहुंचा और शाम को इसे जवाहर द्वीप पर बर्थ किया गया। इस जहाज पर भारत, पाकिस्तान और फिलीपींस के कुल 29 क्रू सदस्य सवार हैं। मुंबई पोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों के अनुसार, जहाज से तेल उतारने की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिसमें लगभग 36 घंटे लगेंगे। यह कच्चा तेल मुंबई के माहुल स्थित रिफाइनरियों में भेजा जाएगा, जो देश की ऊर्जा जरूरतों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि शेनलोंग सुरक्षित पहुंच गया है, लेकिन भारतीय नौवहन निदेशालय के अनुसार चुनौती अभी खत्म नहीं हुई है। वर्तमान में 28 भारतीय ध्वज वाले जहाज अब भी युद्ध प्रभावित क्षेत्र के आसपास मौजूद हैं। भारत ने अपनी सक्रिय कूटनीति के जरिए अब तक देश महिमा, स्वर्ण कमल और विशवा प्रेरणा जैसे 7 अन्य जहाजों को भी सुरक्षित जल क्षेत्र में पहुंचाने में सफलता हासिल की है। यह घटनाक्रम दर्शाता है कि वैश्विक अस्थिरता के दौर में भी भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है।

### मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग ....

खिलाफ सात खास आरोप लिस्ट तैयार करेंगी, जिसमें भेदभावपूर्ण व्यवहार, इलेक्शन फ्रॉड की जांच में जानबूझकर रुकावट डालना और एसआईआर के जरिए बड़े पैमाने पर लोगों को वोट डालने के अधिकार से वंचित करना शामिल है।बता दें कि मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाना संविधान के आर्टिकल 324 के तहत आता है, जिसमें कहा गया है, ...मुख्य चुनाव आयुक्त को सुप्रीम कोर्ट के जज की तरह ही और उन्हीं वजहों से हटाया जाएगा। कानून के मुताबिक, जिस सदन में नोटिस दिया जाता है, उस सदन के कम से कम सौ सदस्यों का समर्थन होना चाहिए, वहीं अगर राज्यसभा में नोटिस दिया जाता है, तब राज्यसभा के करीब 50 मेंबर्स का समर्थन होना चाहिए। इसके बाद स्पीकर इस पर विचार करते हैं। यह उनका विवेकाधिकार है कि वे प्रस्ताव को मान सकते हैं या मानने से मना कर सकते हैं।अगर इस हफ्ते नोटिस दे भी दिया जाता है और मान भी लिया जाता है, तब इस मामले में बहस होने में महीनों लग सकते हैं।

# भाजपा से छुटकारा पाना चाहती है देश-प्रदेश की जनता : राजेंद्र बल्ला

## बोले : कांग्रेस की सद्भाव यात्रा ने दिया आपसी भाईचारे और समरसता का संदेश



**तरावड़ी, 12 मार्च ( छाया शर्मा ):** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं हरियाणा पुलिस भर्ती बोर्ड के पूर्व सदस्य राजेंद्र बल्ला ने कहा कि पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही सद्भाव यात्रा एकता, भाई-चारा, सामाजिक सद्भावना का मजबूत संदेश दे रही है। विधानसभा नीलोखेड़ी में दो दिन की यात्रा एबला जागीर से शुरू होकर एबली खालसा, बडथल, अंजनथली, सिद्धपुर, नीलोखेड़ी गांव, पूजम, नीलोखेड़ी शहर, यूनिसपूर, बांकीपुर, बैरसाल और आगे हल्का इंद्री में प्रवेश कर गई। यात्रा का जगह-जगह पर लोगों ने जिस उत्साह और उमंग से फूल मालाओं से स्वागत किया वह काबिले तारीफ रहा। लोगों को कांग्रेस का राज याद आ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग 12 वर्षों से लोग भाजपा की नीतियों से तंग आ रहे हैं और कांग्रेस को याद कर रहे हैं। भाजपा के कार्यकाल में युवा परेशान है रोजगार नहीं हरियाणा सरकार कौशल के माध्यम से करीब सवा लाख कर्मचारी भर्ती कर रखे हैं, जहां पर कोई पैमाना नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने चहेतों को भर्ती कर रखा है। यही नही बुर्जूगों की पेंशन काटी जा रही है और नई पेंशन बंद नहीं पा रही। बीपीएल कार्ड बनते नहीं बल्कि काटे जा रहे हैं ऐसी बहुत सी समस्याएं हैं। लोग बीजेपी से छुटकारा पाना चाहते हैं। राजेंद्र बल्ला ने आगे कहा कि पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह सद्भाव यात्रा के माध्यम से लोगों को भाजपा की बंटवारे की राजनीति से अवगत करा रहे हैं और लोगों से अपील कर रहे हैं की हमें आपस में जो प्रेम और सद्भाव था उसी को बनाए रखना है और भाजपा की बंटवारे की राजनीति से अपने आप को जितना हो सके दूर रखना है नहीं तो आपस में हम लोगों का मिलना जुलना भी बंद हो जाएगा। सद्भाव यात्रा में कांग्रेस पार्टी के बहुत से कर्मठ कार्यकर्ताओं ने भाग लिया जिसमें मुख्य रूप से असंध से पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी जी, इंद्रजीत गुराया, ललित बुटाना, नरेश शर्मा एडवोकेट विजय कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

# 3 अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माण के विरुद्ध तोडफ़ोड़ की कार्रवाई की गई



**करनाल, 12 मार्च( सोनी दुआ ):** जिला नगर योजनाकार ने बताया कि वीरवार को पुलिस बल के सहयोग से अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माण के विरुद्ध तोडफ़ोड़ की कार्रवाई की। तोडफ़ोड़ की कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस की उपस्थिति में की गई। पहली अवैध कॉलोनी जो कि लगभग 4.5 एकड़ में कुटेल गांव में टोल प्लाजा लिंक रोड पर स्थित थी जिसमें सभी कच्ची सडकों के विरूद्ध तोडफोड की कार्यवाही की गई। दुसरी अवैध कॉलोनी जो कि लगभग 4.5 एकड़ में कम्बोपुरा गांव में अशोक विहार कॉलोनी के पीछे स्थित थी जिसमें 1 निर्माणधीन मकान, 4 डी.पी.सी., 1 कमरे के विरूद्ध तोडफोड की कार्यवाही की गई। तीसरी अवैध कॉलोनी जो कि लगभग 1.5 एकड़ में कम्बोपुरा गांव में असल कॉलोनी के पीछे स्थित थी जिसमें सभी पक्की सड़कों के विरूद्ध तोडफोड की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्यवाही के दौरान जिला नगर योजनाकार व ड्यूटी मजिस्ट्रेट व थाना मधुबन व जिला की पुलिस फोर्स मौके पर उपस्थित रही। इसके अतिरिक्त जिला नगर योजनाकार ने लोगो से अपील की कि कोई भी व्यक्ति अवैध कॉलोनी में कोई निर्माण नहीं करें अन्यथा कार्यालय द्वारा तोडफोड की कार्यवाही को मध्यनजर रखते हुए अवैध निर्माणो के विरूद्ध कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। उपरोक्त के अतिरिक्त भूमि के टुकडे काटकर बेचने वाले व जमीन मालिक को हिदायत दी जाती है कि प्लाट बेचने के नाम पर लिया गया धन तुरंत वापिस करें अन्यथा इस बारे सम्बन्धित थाने में मुकदमा दर्ज करवाया जायेगा।

## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में चयनित जाट समाज के युवा देश की सेवा में ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे कार्य : डॉ नवीन नैन भालसी



**करनाल, 12 मार्च ( प्रवीन ):** अन्तरराष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. नवीन नैन भालसी ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 में चयनित जाट समाज के सभी प्रतिभाशाली 34 उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं ओर आने वाली 29 मार्च को अन्तरराष्ट्रीय जाट संसद द्वारा आयोजित मेरठ प्रोग्राम में स्वागत,अभिनंदन का निमंत्रण भी दिया है ताकि आने वाली समय में नई पीढ़ी को भी मार्गदर्शन व प्रेरणा मिले। इस दौरान डॉ. नवीन नैन भालसी ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल इन युवाओं और उनके परिवारों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे जाट समाज और देश के लिए भी प्रेरणादायक है। इन युवाओं की मेहनत, लगन और समर्पण ने यह सिद्ध कर दिया है कि जाट समाज के युवा देश की प्रशासनिक सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने कहा कि समाज के अन्य युवाओं को भी इनसे प्रेरणा लेकर शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में आगे बढ़ना चाहिए, ताकि देश और समाज की सेवा में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित हो सके। अन्तरराष्ट्रीय जाट संसद सभी चयनित उम्मीदवारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है और आशा करती है कि ये सभी युवा देश की सेवा में ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

# लोकतंत्र खतरे में है-पूर्व मुख्यमंत्री

**जयपुर 12 मार्च ( निस ):**जयपुर महात्मा गांधी के दांडी मार्च की वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज के दिन महात्मा गांधी ने नमक सत्याग्रह की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य अंग्रेजों द्वारा नमक पर लगाए गए अन्यायपूर्ण कर का विरोध करना था। उन्होंने कहा कि आज के दौर में भी ऐसे ही हालात बन गए हैं कि लोकतंत्र खतरे में है और देश में अघोषित आपातकाल का माहौल बन गया है।
जयपुर में शहीद स्मारक से पैदल मार्च करते हुए अशोक गहलोत ने कहा कि दांडी मार्च की वर्षगांठ आज के दिन मनाने का औचित्य यही है कि देश के हालात चिंताजनक हैं और लोकतंत्र पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि आज के दिन देश के सामने जो चुनौतियां हैं, उनका मुकाबला करने के लिए हमें महात्मा गांधी के सिद्धांतों और संघर्ष से प्रेरणा लेनी होगी।उन्होंने कहा कि आज के दौर में सरकार द्वारा लोगों की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है और विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। गहलोत ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल का माहौल बन गया है, जहां लोगों की अभिव्यक्ति की आजादी को छीना जा रहा है और उन्हें अपनी बात कहने का मौका नहीं दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है और हमें इसके खिलाफ खड़ा होना होगा। उन्होंने केंद्र सरकार पर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया है और लोगों से महात्मा गांधी के सिद्धांतों का पालन करने की अपील की है।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई हाई पावर परचेज कमेटी ...

लगभग 157 करोड़ रुपए की लागत से बिजली ट्रांसफार्मर लगाए जाएगें। जिन गांवों के ट्रांसफार्मरों पर बिजली का लोढ बढ जाता है उनमें अधिक क्षमता के बिजली ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। इसके अलावा बावल में बनाए जाने वाले न्यायिक काम्पलेक्स के लिए भी टेण्डर प्रक्रिया पूरी की गई। इसके निर्माण पर 18 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसी प्रकार कालांवाली एसटीपी से रोड़ी घग्गर ड्रेन में पानी डालने के कार्य को भी मंजूरी दी गई। बैठक में अम्बाला में बन रहे शहीद स्मारक हेतू फर्नीचर की खरीद प्रक्रिया पूरी करने के लिए आयुक्त एवं सचिव, सूचना जन संपर्क एवं भाषा विभाग को अधिकृत किया गया।बैठक में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, एसीएस डा. राजाशेखर वुंडरू, ए के सिंह, अनुराग अग्रवाल, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. साकेत कुमार, आयुक्त एवं सचिव पंकज अग्रवाल, मोहम्मद शाईन, डा. अमित अग्रवाल, पी सी मीणा, सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के एम पांडुरंग सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# नरवाना की जनता की सेवा ही मेरा धर्म, समस्याओं का होगा त्वरित समाधान : कृष्ण कुमार बेदी



**नरवाना, 12 मार्च ( नरेन्द्र कुमार ):** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने गत संध्या पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनका शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर मंत्री से मिलने पहुंचे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या टालमटोल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। विशेष रूप से कमजोर, वंचित और पिछड़े वर्गों तक सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनहित के कार्यों को संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच के साथ पूरा किया जाए।मंत्री बेदी ने आमजन से भी आह्वान किया कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी रखें ताकि पात्र लोग इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि सरकार पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस अवसर पर मंडलाध्यक्ष सत्यवान शर्मा, दिनेश गोयल, सुरेंद्र प्रजापति, ओमप्रकाश शर्मा, सुरेश दनौदा, भीम दनौदा, वीरेंद्र नैन, सुरेश पांचाल, कृष्ण श्योकंद, रणधीर कश्यप सहित कैबिनेट मंत्री के निजी सहायक फकीरचंद, जसबीर नैन, मीडिया प्रभारी संजय बल्हारा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# गुरु नानक खालसा कालेज में लगे सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन

## साक्षी, केशव को मिला बैस्ट कैंपर अवार्ड, मोनी को फनी कैंपर और सुनैना ने हासिल किया पेटू कैंपर का अवार्ड



**करनाल, 12 मार्च ( संदीप रोहिला ):** गुरु नानक खालसा कालेज की एनएसएस इकाई की ओर से आयोजित सात दिवसीय शिविर गुरुवार को सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विनायक कालेज काछवा के प्रिंसिपल डा. जसबीर सिंह ने शिरकत की। कैंप में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रदीप कुमार ने कैंप की रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि ने राष्ट्र निर्माण व सामाजिक समरसता लाने में एनएसएस शिविरों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ये शिविर सामाजिक जागरूकता, सदभाव, सेवा, समर्पण व टीम भावना पैदा करने के लिए आवश्यक हैं। बैस्ट कैंपर का अवार्ड साक्षी, केशव, फनी कैंपर का अवार्ड मोनी, पेटू कैंपर का अवार्ड सुनैना को दिया गया। डा. अजय कुमार ने सभी का धन्यवाद किया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस और प्राचार्य डॉ चूहड़ सिंह ने विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की।

# हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने निर्माणाधीन रिंग रोड का किया निरीक्षण



**करनाल, 12 मार्च ( रविन्द्र मलिक ):** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज करनाल में निर्माणाधीन रिंग रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े और परियोजना को समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। इस मौके पर उपायुक्त उत्तम सिंह, एनएचएआई के अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रिंग रोड का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा घरौंडा हल्के में आता है। इस प्रोजेक्ट के निर्माण के बाद क्षेत्र का विकास बढ़ेगा। यह प्रोजेक्ट युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर प्रदान करेगा। कल्याण ने कहा कि समय-समय पर रिंग रोड का निरीक्षण किया जा रहा है। पिछले एक वर्ष में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा 100 से अधिक विषयों का निराकरण किया जा चुका है। वर्तमान में रिंग रोड से संबंधित जो भी समस्याएं या मांगें सामने आई हैं, उन पर आज अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई है। इन सभी विषयों पर एक औपचारिक प्रस्ताव बनाकर जल्द ही एनएचएआई को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि बजट सत्र की समाप्ति के बाद वे स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ इस प्रोजेक्ट और किसानों की मांगों पर विशेष चर्चा करेंगे।

**धरना दे रहे किसानों से किया संवाद :** पिछले कुछ दिनों से धरने पर बैठे किसानों के विषय में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा कि उन्होंने आज किसानों से मुलाकात कर उन्हें प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के नाते नहीं घरौंडा विधायक के नाते आपसे मिलने आया हूं। मैं खुद एक किसान हूं। इसलिए किसानों की दिक्कत अच्छे से समझता हूं। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते मेरा कर्तव्य है कि किसानों की जायज मांगों को मुख्यमंत्री और केंद्र सरकार व केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तक पहुँचाया जाए। आज किसानों से बात की है और उनसे धरना समाप्त करने का अनुरोध किया है।

**अधिकारियों के साथ की बैठक :** निरीक्षण से पहले हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में एनएचएआई के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उपायुक्त उत्तम सिंह व घरौंडा के एसडीएम राजेश सोनी मौजूद रहे। बैठक में रिंग रोड से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही किसानों की शिकायतों और रास्तों से संबंधित बाधाओं का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए।

# भगवान अनेक कारणों से राम जी के रूप में अवतार लेते हैं : गणेशानंद

**पंचकूला, 12 मार्च ( सतीश मंगला ):** श्री दुर्गा माता मन्दिर सैक्टर 7 पंचकूला में चल रही राम कथा के तीसरे दिन कथा वाचक पण्डित





गणेशानंद मिश्रा महाराज ने राम चरित्र मानस के आधार से राम जन्म तक की कथा सुनाई। जिसमे चोपाई राम जन्म के हेतू अनेका। परम विचित्र एक ते एका से कथा प्रारम्भ की गई। बताया की भगवान अनेक कारणों से राम जी के रूप में अवतार लेते हैं। उन करणों में मुख्य कारण तो जब जब होई धर्म के हानि। बाढ़हीं असुर अधम अभिमानी जब जब अधर्म का धर्म पर अतिक्रमण होने लगता है। आसुरी प्रवर्ती बढ़ने लगती है तब तब धर्म की रक्षा के लिए भगवान कोई ना कोई रूप धारण कर के अवतार लेते हैं। त्रेता युग में भी अधर्म बड़ने लगा तो धरती की रक्षा, धर्म की रक्षा , सज्जनों और गौ माता के रक्षा के लिए भगवान ही महाराज दशरथ के पुत्र राम बनकर के आए। एक साधारण मनुष्य के समान लीला करते और मर्यादा का निर्वाह कर मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। एक साधारण मनुष्य भी अपने निजधर्म में रह कर कैसे धर्म की रक्षा का कार्य कर सकता है ये शिक्षा अपनी लीला से भगवान श्री राम चन्द्र जी ने जन मानस को दी। राम जन्म उत्सव बड़ी धूम धाम से श्री दुर्गा माता मंदिर के प्रांगण में नाच गा कर मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक जिंदल, योगराज बंसल, राजेंद्र गुप्ता, धर्मपाल बंसल, राजेंद्र गोयल, अरुन नाकरा, सौरभ गुप्ता, रोहतास गुप्ता, मुकेश सिंगला, अर्जुन बंसल, सी बी गोयल पूर्व पार्षद, रितु गोयल पार्षद, सुमेर चंद गर्ग, राम गोपाल जिंदल, श्याम लाल मित्तल, विमल शर्मा, सीए अश्वनी मित्तल, भगवानदास मित्तल आदि समेत नगर अनेकों गणमान्य व्यक्ति और महिलाएं शामिल रहीं।

# समाधान शिविर में एसडीएम प्रदीप कुमार ने सुनीं समस्याएं, संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के दिए निर्देश





**करनाल, 12 मार्च ( सोनी दुआ ):** एसडीएम प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में एसडीएम ने आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। करनाल मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में तीन, उपमंडल नीलोखेड़ी, घरौंडा व असंध में एक-एक शिकायत प्राप्त हुई। वहीं उपमंडल इंद्री में आयोजित समाधान शिविर में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। एसडीएम प्रदीप कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार तथा डीसी उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में हर सोमवार व वीरवार को को प्रात:10 से 12 बजे तक जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लें, इसमें कोई भी लापरवाही न बरती जाए। इस प्रकार के समाधान शिविर से लोगों का प्रशासन में विश्वास बढ़ता है, इसलिए जल्द से जल्द समस्याओं का निवारण करके शिकायतकर्ता को संतुष्ट करें।

**समाधान शिविर में ये आई समस्याएं :** समाधान शिविर में करनाल निवासी जोगिंद्र कुमार बिजली विभाग से संबंधित शिकायत, कर्म सिंह सेक्टर-37 व 43 ए से गुजर रहे बरसाती पानी के नाले से संबंधित व हिमांशु परिवार पहचान पत्र से संबंधित शिकायत लेकर पहुंचे। इसी प्रकार नीलोखेड़ी उपमंडल में गुरदीप सिंह बीपीएल कार्ड से संबंधित समस्या लेकर समाधान शिविर पहुंचे। घरौंडा उपमंडल में सुनील बिजली विभाग से संबंधित समस्या लेकर पहुंचे। असंध उपमंडल में आयोजित समाधान शिविर में गौरव परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्या लेकर पहुंचे। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मलाबार ग्रुप के चेयरमैन बिजनेस भूषण पुरस्कार से सम्मानित

**जबलपुर, 12 मार्च ( निस ):** मालाबार ग्रुप के चेयरमैन, एम.पी. अहमद को लोकमत महाराष्ट्रियन ऑफ द ईयर अवार्ड्स 2026 में प्रतिष्ठित बिजनेस भूषण अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान उनके दूरदर्शी नेतृत्व और वैश्विक स्तर पर ज्वेलरी रिटेल क्षेत्र के साथ-साथ समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है। मुंबई के ऐतिहासिक गेटवे ऑफ इंडिया पर आयोजित इस भव्य समारोह में राजनीति, उद्योग और मनोरंजन जगत की दिग्गज हस्तियां शामिल हुईं। पुरस्कार वितरण महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किया। इस अवसर पर लोकमत के चेयरमैन विजय दर्डा कई मंत्री, अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियां मौजूद थीं।

# श्री हिंदू तख्त का बयान, जनता के हित में काम करने वालों को मिलेगा समर्थन : महंत प्रवीण कुमार



**पंचकूला, 12 मार्च ( सतीश मंगला ):** श्री हिंदू तख्त के अध्यक्ष महंत प्रवीण कुमार ने महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने कहा कि श्री हिंदू तख्त किसी भी राजनीतिक दल का अंध समर्थन नहीं करेगा, बल्कि उस पार्टी और उम्मीदवार का समर्थन करेगा जो वास्तव में जनता के हित में कार्य कर रहा हो और समाज की भलाई के लिए प्रतिबद्ध हो। महंत प्रवीण कुमार ने कहा कि आज के समय में राजनीति का मुख्य उद्देश्य केवल सत्ता हासिल करना नहीं होना चाहिए, बल्कि समाज सेवा, विकास और जनकल्याण होना चाहिए। जो भी पार्टी प्रदेश के विकास, धार्मिक मूल्यों की रक्षा, सामाजिक एकता और आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए ईमानदारी से काम करेगी, श्री हिंदू तख्त उसका पूरा समर्थन करेगा। उन्होंने कहा कि श्री हिंदू तख्त हमेशा से समाज में भाईचारे, सद्भाव और धार्मिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करता रहा है। संस्था का उद्देश्य समाज को एकजुट रखना और लोगों के हित में सकारात्मक भूमिका निभाना है। इसी सोच के तहत आगामी चुनावों को लेकर भी श्री हिंदू तख्त का रुख साफ है कि जनता के हित सर्वोपरि हैं। महंत प्रवीण कुमार ने कहा कि पंजाब की जनता विकास, शांति और बेहतर व्यवस्था चाहती है। इसलिए सभी राजनीतिक दलों को चाहिए कि वे जनता की भावनाओं को समझें और प्रदेश के विकास के लिए ठोस योजनाएं बनाकर ईमानदारी से काम करें। उन्होंने यह भी कहा कि श्री हिंदू तख्त आने वाले समय में प्रदेश के हालात और विभिन्न दलों के कार्यों को देखते हुए निर्णय करेगा कि किस पार्टी को समर्थन दिया जाए। जो भी दल जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेगा, श्री हिंदू तख्त उसी का साथ देगा।

## COURT NOTICE

**In the Court of**
**Sh. Tushar Sharma**
**Civil Judge (Jr. Divn), Kaithal**
**C.I.S. No.CS/1874/2025**
**Date of Instt. 14.11.2025**
**Next Date of hearing : 24.03.2026 at 10:00 AM**

Bhagwan Dass son of Ganpat Ram resident of Subhash Nagar, Karnal Road, Gali No. 2, Kaithal
.........Petitioner
Versus
1) Neelam Wife of Sushil Ravish Son of Sewa Singh r/o Village Guliyana, now residing at Janakpuri Colony, Kaithal and others.
.......Respondent

**Application Under Order 1 Rule 8 CPC**

Notice to: 1. Shrawan Kumar Son Of Prithichand Son Of Nathuram 2. Balbir Singh Son Of kali Ram 3. Naseeb Singh Son Of Rameshwar Das 4.Smt. Parveen Wife Of Shyamlal, Ramdhari 5. Naresh Devi Wife Of Dunichand 6. Jaibhngwan Son Of Rameshwar Das 7. Smt. Anguri Devi Wife Of Dhup Singh Son Of Mange Ram 8. Mahindra Singh Son Of Ruldu Son Of Ruliya Ram 9. Mohan Lal Son Of Jai Narayan Son Of Shyochand 10. Raghbir Singh Son Of Jile Singh Son Of Harpal Singh 11. Smt. Kamlesh Devi Wife Of Suresh Chand 12. Smt. Rekha Devi Wife Of Vikram Singh 13. Kuldeep Singh Son Of Balbir Singh 14. Devi Dayal Son Of Puran Chand Son Of Nand puri 15. Lajayanti Wife Of Jagdish Prasad 16. Ranbir Singh Son Of Mani Ram Son Of Moti Ram 17. Ram niwas Son Of Jagar Ram 18. Ramkumar Son Of Sharab Singh Son Of Moti Ram 19. Satish Kumar Son Of Hari Ram 20. Dharam Singh S/o Moman Das 21. Sonath Son Of Premanand 22. Bhagwan Das Son Of Ganpat Das 23. Ramesh Chand Son Of Sadhu Ram 24. Smt. Sheela Devi Wife Of Ishwar Singh Son Of Didar 25. Laxmi Wife Of Latif 26. Satpal Son Of Bachan Singh Son Of Chatru 27. Sudeshrani Wife Of Ramesh Kumar Son Of Satyanarayan 28. Uma Rani Wife Of Mukesh Kumar Son Of Satyanarayan 29. Sandeep Son Of Ajmer Singh Son Of Jhandu Ram 30. Manderp Son Of Ajmer Singh Son Of Jhandu Ram 31. Suman Wife Of Jasmer Son Of Ajmer 32. Usha Wife Of Ishwar Son Of Balbir 33. Sewapati Wife Raghbir Singh Son Sardara 34. Paramjeet Son Prem Singh Son Mewa 35. Satbir Son Sadhu Ram 36. Sita Devi Wife Ranbir Son Of Mani Ram 37. Om Wati Wife Of Balwant Son Of Bhali Ram 38. Sunita Devi Wife of Shriniwas Son Of Jagar 39. Sushil Rani Wife Of Parveen Son Of Ranjha Ram 40. Kamlesh Wife Of Laxmi Narayan Son Of Shri Chand 41. Sanita Wife Of Karnail Son Of Jati Ram 42. Balwan Singh Son Of Deva Son Of Leela Ram 43. Kamla Devi Son Of Tek Ram 44. Ashok Kumar Son Sukhma Son Of Manroop 45. Sushila Devi Daughter Dalip Singh Son Of Kanshi Ram 46. Satish Son Of Sadhu Ram 47. Tarsem Kaur Wife Of Shamsher Singh Son Of Mange Ram 48. Virender Son Of Vishnu Dutt Son Of Dhanna Ram 49. Vishnu Dutt Son Of Dhanna Ram Sharma 51.. Kavita Rani Wife Of Yujvinder Son Of Balbir 52. Sandeep Kumar Son Of Om Parkash Son Of Ram Sarup 53. Sunil Son Of Om Parkash Son Of Ram Sarup 54. Anil Kumar Singh Son Jile Singh Son Of Harlal 55. Mahinder Kumar Son Jaibir Jain 56. Ramphal Son Of Chdtí Ram 57. Balbir Singh Son Of Baru Ram 58. Vedpal Son Of Nafe Singh 59. Deepak Kumar Son Of Dharampal Son Of Sher Singh 60. Ashok Son Of Sehaj Ram 61. Saroj Devi Widow Of Ajmer Singh Son Of Jhandu Ram 62. Sushma Daughter Of Ajmer Singh Son Of jhandu Ram 63. Parveen Kumar Son Of Jile Singh Son Of Harlal 64. Shrimati Ishwar Devi Wife Of Lal Chand. 65. Sanjay s/o Lal Chand 66. Sushil Son Of Lal Chand 67. Parveen Son Of Rajender Singh 68. Shriram Avtari Wife Of Ramphal 69. Manjit Kaur Wife Of Balwinder Singh Son Of Amar Singh 70. Baljora Singh Son Of Phool Son Of Bishan 71. Sushila Wife Of Kuldeep Son of Ratan Singh 72 Sudesh Devi Wife Of Mahavir Son Of Surat Singh 73. Seema Lailar Wife Darshan Son Of Randeep Singh 74: Samsher Singh Son Of Gopal Ram Son Of Sardara 75: Meena Wife Of Gurnam Son Of Satpal 76: Rajwant Kaur Wife Of Rajesh Kumar 77: Sushila Rani Wife Of Kuldeep Singh son Of Ratan Singh 78: Ravi Kumar Son Of Rajendra Singh Son Of Ruknu Ram 79. Pradeep Kumar Son Of Subhash Chand 80. Kuldeep Son Of Inder Singh Son Of Bhalle Ram 81. Deepak Son Of Dharampal Son Of Sher Singh 83. Sanjay Malik Son Of Randhir Singh Son Of Saradara 84. Satish Son Of Satpal Son Of Mangal Singh 85. Mukesh Devi Wife Of Anoop Singh Son Of Hawa Singh 86. Sunita Wife Of Rajesh Kumar Son Of Ramkumar 87. Neelam Devi Wife Of Sushil Kumar Son Of Sewa Singh 88. Kalawati Wife Of Dharampal Son Of Gori Shankar 89. Geeta Rani Wife Of Barjesh Kumar Son Of Mahendra Singh 90. Sandeep Kumar Son Of Subhash Chand 91. Harita Wife Of Balinder Singh Son Of Satbir Singh 92. Krishna Devi Wife Of Dharampal Son Of Rameshwar Dass 93. Jagdeep Singh Son Of Anchal Singh Son Of Dewa Singh 94. Parveen Kumar Son Of Randeep Singh Son Of Kapoora 95. Neelam Wife Of Karambir Son Of Ajmer 96. Mamta Wife Of Sandeep Kumar Son Of Satpal

In above titled plaint, sald co-sharers (detalled list of co-sharers attached herewith) of land described in case could not served in ordinary way of process thus, it is ordered that the co-sharers should appear in person or through counsel on 24.03.2026 at 10:00 am.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Kaithal

**Sd/- Sh. Tushar Sharma**
**Civil Judge (Jr. Divn), Kaithal**

# किसी को नहीं पता राहुल गांधी किस दुनिया में रहते हैं - गिरिराज सिंह

**नई दिल्ली 12 मार्च ( निस ):** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि गांधी को खुद ही नहीं पता कि वह किस दुनिया में रहते हैं। सिंह ने कांग्रेस पर संसद में मुद्दे उठाकर और फिर बहस में भाग न लेकर भ्रम फैलाने और जनता के पैसे की बर्बादी करने का भी आरोप लगाया।उन्होंने कहा, किसी को नहीं पता कि राहुल गांधी किस दुनिया में रहते हैं; शायद उन्हें खुद भी नहीं पता। लोगों को शायद उनकी तस्वीर किसी मनोवैज्ञानिक को भेजनी पड़े। शायद कोई मनोवैज्ञानिक ही इसका पता लगा सके। सिंह ने यह टिप्पणी लोकसभा में गांधी की कम उपस्थिति के आरोपों का जिक्र करते हुए की।मंत्री ने कहा, ये लोग देश के दुश्मन हैं, ये लोकतंत्र के दुश्मन हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा में बहस में भाग न लेकर वे गरीबों के पैसे की बर्बादी करते हैं। लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ विपक्ष के प्रस्ताव का हवाला देते हुये उन्होंने कहा, अगर उन्हें कुछ कहना है तो वह सदन चलने दें और वहीं अपने मुद्दे रखें।

## COURT NOTICE

**In the Court of**
**Ms. Yachana**
**Civil Judge Senior Division, Panipat**
**CNR No. HRPP02-000809-2021**
**Next Date : 04.05.2026**
**CS/667/2021**

Union Bank of India
Versus
M/s Suman Prints

Suit for recovery

Notice to: 1. M/S Suman Prints Through its Prop. Sh. Jai Bhagwan S/O Sh. Ram Kishan R/O Gali No. 4, Behind Gurudwara Market, Vikas Nagar, Panipat 2. Sh. Jai Bhagwan S/O Sh. Ram Kishan, Proprietor Of M/S Suman Prints, Gali No.02 Vikash Nagar, NFL Township Panipat

In above titled case the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **04.**05.2026 at 10:00 A.M.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district=Panipat

Dated this day of 05-03-2026

**Sd/- Civil Judge Senior Division,Panipat**

---

**In the Court of**
**Shri Bharat**
**Civil Judge (Junior Division), Pehowa**
**CNR NO. HRKUA0-000482-2023**
**Next Date : 23.03.2026**

Partap Singh
Versus
Mandeep Singh

A Decree For Declaration To The Effect That: (A) Sale Deed No. 4402 Dated 02.01.2013 And Mutation No. 18307 And Further Sale Deed No. 4402 Dated 02.01.2013 And Mutation No. 18307 And Sale Deed No. 5328 Dated 06.03.2013 Mutation No. 18816 Are Null And Void And Are Not Binding Upon The Rights Of Plaintiffs S Qua His Share i.e. Land Measuring 0 Kls 1.3/4 Mls (B). The Plaintiff Is Owner In Possession Of Suit Land Mentioned In Para No. 1 Of The Plaint May Kindly Be Passed In Favour Of Plaintiffs And Against. The Defendants No. 1 To 6 And A Decree For Mandatory Injunction Directing The Defendant No. 7 And 8 To Correct The Revanue Record From Jamabandi 1989-90 To Date As Per Sale Deed No. 2196 Dated 08.01.1996 And Sale Deed No. 779 Dated 22.05.2008 And A Decree For Permanent Injunction Restraining The Defendants No. 1 To 6 To Alienate The Suit Property Mentioned In Para No. 1 Of The Plaint In Any Manner May Kindly Be Passed In Favour Of Plaintiff And Against The Defendants With Costs In The Interest Of Justice. Any Other Relief To Which The Plaintiff Is Found Entitled By This Hon'ble Court May Also Be Granted.

Notice to: No. 1 Mandeep Singh No. 2 Parminder Singh Sons Of Shri Mehar Singh Son Of Shri Gajjan Singh (Both Resident Of Guru Nanak Colony, Pehowa, Distt. Kurukshetra No. 5 Balwinder Kaur Wife Of Of Satpal Singh Son Of Shri Kandhara Singh Resident Of Amardass Colony, Pehowa, Pehowa, District Kurukshetra. No. 6 Rajwinder Kaur Wife Of Shri Joginder Singh Son Of Pritam Singh Resident Of Opposite Rest House Pehowa, District Kurukshetra.

In above titled case the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **23.**03.2026 at 10:00 A.M.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district=Kurukshetra

Dated this day of 26-02-2026

**Sd/- Bharat**
**Civil Judge (Junior Division), Pehowa**

---

**(Succession Case)**
**In the Court of**
**Ms. Khushboo Goel**
**Additional Civil Judge (Senior Division), Karnal**
**CNR No. HRKR02-000075-2026**
**Next Date of hearing : 15.04.2026**
**SUCC/2/2026**

Darshana
Versus
General Public

Notice to: General Public:- Karnal

In above titled case the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **15.**04.2026 at 10:00 A.M.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district=Karnal

Dated this day of 11-03-2026

**Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Karnal**

---

**(Under Guardian and Ward Act)**
**In the Court of**
**Sh. Avinash Yadav**
**Additional Civil Judge (Senior Division), Gohana**
**CNR No. HRSOB0-000054-2026**
**Next Date : 06.04.2026**

Vivek Narwal
Versus
General Public

Notice to: General Public:- Gohana

In above titled case the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **06.**04.2026 at 10:00 A.M.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district=Sonipat

Dated this day of 07-03-2026

**Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division),Sonipat**

# राहुल गांधी को राहत: कोर्ट ने बंद किया मानहानि केस

**नई दिल्ली 12 मार्च ( निस ):** कांग्रेस नेता और लोकसभा सांसद राहुल गांधी के खिलाफ सावरकर पर 2022 में की गई टिप्पणी को लेकर दर्ज मानहानि मामले को नासिक की एक आपराधिक अदालत ने बंद कर दिया है। यह टिप्पणी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हुई थी। मामला देवेंद्र भूटाडा, नासिक स्थित निर्भया फाउंडेशन के अध्यक्ष, ने दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि गांधी ने 15 और 16 जून 2022 को हिंगोली और अकोले में रैलियों में की गई टिप्पणियां मानानि और अपमानजनक थे।शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 499 (मानहानि) और धारा 504 (जानबूझकर अपमान) के तहत अपराध दर्ज किया गया था।

# सम्पादकीय

## चुनाव आने को है लेकिन नही भरे गए केबिनेट के 5 पद!

उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार केबिनेट बैठक कर विभिन्न निर्णय तो ले रही है ,लेकिन वास्तव में धामी सरकार की कैबिनेट वर्षों से आधी अधूरी है।केबिनेट के 12 सदस्यों के बजाए मात्र 7 ही वजूद में है और वही केबिनेट निर्णय भी ले रहे है।जिनपर 12 सदस्यों के सापेक्ष मात्र 7 सदस्य होने के कारण सवाल भी उतना स्वाभाविक है।सरकार के स्पष्ट बहुमत में होने के बावजूद ऐसी क्या कमी या परेशानी है ,जो सरकार अपने मंत्रिमंडल को पूरा नही कर पा रही है।जिसे लेकर उत्तराखंड की सियासत एक बार फिर गर्माने लगी है। लंबे समय से कैबिनेट विस्तार का इंतजार कर रहे विधायकों के अरमान बिखरते नज़र आ रहे हैं। पुष्कर सिंह धामी सरकार ने पांच खाली पदों को भरने की तैयारी की तैयारी तो कई बार शुरू की है,लेकिन फिर भी खाली पद भरे नही जा सके। इस साल या अगले वर्ष के शुरू में राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भी कैबिनेट विस्तार अहम माना जा रहा है।राज्य मंत्रिमंडल में फिलहाल पांच पद खाली हैं। इनमें से चार पद लंबे समय से रिक्त चल रहे हैं, जबकि एक पद पूर्व संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के इस्तीफे के बाद पिछले वर्ष खाली हुआ था। भाजपा विधायकों को इन पदों के भरे जाने का बेसब्री से इंतजार है।भाजपा सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जब भी दिल्ली दौरे पर जाते है तो कैबिनेट विस्तार की चर्चाएं तेज हो जाती है। कई बार धामी कह भी चुके है कि उनकी शीर्ष नेतृत्व से अहम बातचीत हुई है। माना जा रहा था कि शीर्ष नेतृत्व की हरी झंडी मिलने के बाद इस पर जल्द फैसला किया जाएगा।लेकिन हर बार मंत्रिमंडल विस्तार ठंडे बस्ते में चला जाता है। मुख्यमंत्री धामी के साथ ही प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भी इस संबंध में कई बार संकेत दिए है। उन्होंने कहा कि धामी कैबिनेट के खाली पद भरने को लेकर लंबे समय से कवायद जारी है। बातचीत अंतिम चरण में है और जल्द ही रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी।जिसे लेकर उत्तराखंड के सियासी गलियारों में कैबिनेट में शामिल किए जाने वाले चेहरों को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। जिन नामों को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं उनमें विधायक खजानदास, मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा, विनोद कंडारी, भरत चौधरी, बंशीधर भगत, राम सिंह कैड़ा आदि के नाम शामिल हैं।पुष्कर सिंह धामी से कई विधायकों ने मिलकर अपनी दावेदारी भी की है,वही कई भाजपा हाईकमान का दरवाजा खटखटा चुके है।पिछले दिनों मंत्री पद के दावेदार विधायकों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात भी की है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खुद सोशल मीडिया के जरिए विधायकों से मुलाकात की जानकारी दी थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलने वाले भाजपा विधायकों में गंगोलीहाट विधायक फकीर राम टम्टा, रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान, जागेश्वर विधायक मोहन सिंह माहरा तथा दायित्वधारी कैलाश पंत और रजनी रावत शामिल थे। भाजपा जब सन 2022 में लगातार दूसरी बार सत्ता में आई तो मुख्यमंत्री धामी सहित कुल नौ मंत्रियों ने शपथ ली थी। संवैधानिक प्रावधान के तहत उत्तराखंड में राज्य मंत्रिमंडल में अधिकतम 12 सदस्य हो सकते हैं।अप्रैल 2023 में सामाजिक कल्याण और परिवहन मंत्री चंदन रामदास के निधन के बाद मंत्रिमंडल में आठ सदस्य रह गए थे और प्रेमचंद अग्रवाल के इस्तीफे के बाद यह संख्या घटकर सात पर पहुंच गई। भारतीय जनता पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने स्वयं माना कि 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव भी अब ज्यादा दूर नहीं है। यह बिल्कुल सही समय है कि मुख्यमंत्री अपने मंत्रिमंडल का विस्तार और उसमें फेरबदल करे।भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने माना कि राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार का सही समय आ गया है। उन्होंने कहा कि उनकी इस मामले पर मुख्यमंत्री के साथ चर्चा हुई है और वे इस बात पर सहमत हैं कि राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार के लिए यह उपयुक्त समय है। सूत्रों ने बताया कि मंत्रिमंडल विस्तार से पहले पार्टी के केंद्रीय नेताओं की राय लेने के लिए मुख्यमंत्री एक बार फिर दिल्ली जा सकते हैं।अब दिल्ली में उन्हें मंत्री पद के खाली 5 पदों को भरने की अनुमति मिलती है या नही ,यह भाजपा हाईकमान ही बता सकती है,लेकिन इतना जरूर है कि चुनाव की आहट तक पहुंच जाने पर भी मंत्रिमंडल के 5 पदों को न भरा जाना यह दर्शाता है कि शायद धामी सरकार को 5 विधायकों को मंत्री बनाने पर मंत्री बनने से वंचित रहने वाले विधायकों में असंतोष पनपने का डर सता रहा है।इसी कारण ये पद अभी तक भरे नही गए है।

### मिथ्या और वास्तविक अहंकार

मिथ्या अहंकार का अर्थ है, इस शरीर को आत्मा मानना। जब कोई यह जान जाता है कि वह शरीर नहीं, अपितु आत्मा है तो वह वास्तविक अहंकार को प्राप्त होता है। अहंकार तो रहता ही है। मिथ्या अहंकार की भर्त्सना की जाती है, वास्तविक अहंकार की नहीं। वैदिक साहित्य में कहा गया है अहं ब्रह्मास्मि– मैं ब्रह्म हूं, मैं आत्मा हूं। 'मै हं' ही आत्म भाव है और यह आत्म साक्षात्कार की मुक्त अवस्था में भी पाया जाता है। 'मै हं' का भाव ही अहंकार है लेकिन जब ' मै हं' भाव को मिथ्या शरीर के लिए प्रयुक्त किया जाता है, तो वह मिथ्या अहंकार होता है। जब इस आत्म भाव (स्वरूप) को वास्तविकता के लिए प्रयुक्त किया जाता है, तो वह वास्तविक अहंकार होता है। ऐसे कुछ दार्शनिक हैं जो यह कहते हैं कि हमें अपना अहंकार त्यागना चाहिए। लेकिन हम अपने अहंकार को त्यागे कैसे? क्योंकि अहंकार का अर्थ है स्वरूप। लेकिन हमें मिथ्या देहात्मबुद्धि का त्याग करना ही होगा। जन्म, मृत्यु, जरा तथा व्याधि को स्वीकार करने के कष्ट को समझना चाहिए। वैदिक ग्रन्थों में जन्म के अनेक वृत्तान्त है। श्रीमद्भागवत में जन्म से पूर्व की स्थिति, माता के गर्भ में बालक के निवास, उसके कष्ट आदि का सजीव वर्णन है। चूंकि हम भूल जाते हैं कि माता के गर्भ में हमें कितना कष्ट मिला है, अतएवं हम जन्म तथा मृत्यु की पुनरावृत्ति का कोई हल नहीं निकाल पाते।

# बंगाल में राष्ट्रपति-मुख्यमंत्री टकराव: संविधानिक गरिमा का प्रश्न

--एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं

लोकतंत्र में प्रोटोकॉल केवल औपचारिक नियम नहीं होते बल्कि वे संस्थाओं की गरिमा और व्यवस्था को बनाए रखने का माध्यम होते हैं चुनावी मौसम और संवैधानिक टकराव का नया अध्याय - राजनीतिक मतभेदों के बावजूद संवैधानिक मर्यादाओं और संस्थाओं का सम्मान करना लोकतंत्र की मज़बूती का सटीक मंत्र वैश्विक स्तरपर पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर उस मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है,जहाँ संवैधानिक मर्यादाएँ, प्रोटोकॉल, राजनीति और चुनावी रणनीतियाँ एक साथ टकराती नज़र आती हैं। वर्ष 2026 के विधानसभा चुनावों का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और इसी बीच राष्ट्रपति के उत्तर बंगाल दौरे को लेकर पैदा हुआ विवाद राष्ट्रीय बहस का विषय बन गया है। इस विवाद के केंद्र में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और भारतीय प्रधानमंत्री के बीच राजनीतिक टकराव भी दिखाई देता है। एक ओर केंद्र सरकार और सत्तारुड़ पार्टी इसे राष्ट्रपति पद की गरिमा और संविधान के सम्मान से जोड़कर देख रही है, वहीं दूसरी ओर पश्चिम बंगाल की सीएम इसे चुनाव से पहले की राजनीतिक रणनीति और केंद्र द्वारा राज्य सरकार को घेरने की कोशिश बता रही हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि यह विवाद केवल प्रोटोकॉल या औपचारिकताओं तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह केंद्र-राज्य संबंधों, संवैधानिक मर्यादाओं और चुनावी राजनीति की जटिलताओं को भी उजागर कर रहा है।लोकतंत्र में प्रोटोकॉल केवल औपचारिक नियम नहीं होते बल्कि वे संस्थाओं की गरिमा और व्यवस्था को बनाए रखने का माध्यम होते हैं।राष्ट्रपति प्रधानमंत्री या अन्य संवैधानिक पदों के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल इसलिए बनाए गए हैं ताकि शासन प्रणाली में अनुशासन और सम्मान बना रहे। यदि इनका पालन नहीं होता तो इससे संस्थागत असंतुलन पैदा हो सकता है।आने वाले महीनों में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों की घोषणा होने की संभावना है। ऐसे में यह विवाद चुनावी प्रचार का प्रमुख मुद्दा बन सकता है।सत्ताधारी पार्टी इसे संवैधानिक सम्मान और आदिवासी गौरव के मुद्दे के रूप में प्रस्तुत कर सकती है, जबकि पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी इसे केंद्र की राजनीतिक साजिश बताकर अपने समर्थकों को लामबंद करने की कोशिश करेगी। इस पूरे विवाद में मीडिया की भूमिका भी महत्वपूर्ण




रही है। विभिन्न समाचार माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर इस घटना को लेकर तीखी बहस छिड़ गई है,कुछ लोग इसे राष्ट्रपति का अपमान मान रहे हैं,जबकि कुछ इसे राजनीतिक विवाद बता रहे हैं।लोकतंत्र में मीडिया जनमत को प्रभावित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है और ऐसे मामलों में उसकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। साथियों बात अगर हम राष्ट्रपति का उत्तर बंगाल दौरा और विवाद की शुरुआत को समझने की करें तो,पूरा विवाद उस समय शुरू हुआ जब माननीय राष्ट्रपति पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में आयोजित नौवें अंतरराष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने पहुँचीं। यह कार्यक्रम एक निजी संगठन इंटरनेशनल संथाल काउंसिल द्वारा आयोजित किया गया था।मूल रूप से इस सम्मेलन का आयोजन दार्जिलिंग जिले के बिधाननगर क्षेत्र में प्रस्तावित था, जहाँ बड़ी संख्या में संथाल आदिवासी समुदाय के लोगों के पहुँचने की संभावना थी। हालांकि बाद में सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और अन्य प्रशासनिक कारणों का हवाला देते हुए कार्यक्रम स्थल को बदलकर बागडोगरा एयरपोर्ट के पासगोशाईंपुर कर दिया गया।राष्ट्रपति ने स्वयं इस परिवर्तन परअसंतोष व्यक्त किया और कहा कि नया स्थल छोटा था,जिसके कारण हजारों संथाल समुदाय के लोग कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। राष्ट्रपति की यह नाराजगी धीरे-धीरे राजनीतिक विवाद का रूप लेने लगी। साथियों बात अगर हम प्रोटोकॉल का प्रश्न और राष्ट्रपति की नाराजगी को समझने की करें तो राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में इस बात पर भी आश्चर्य व्यक्त किया कि उनके स्वागत के लिए न तो मुख्यमंत्री और न ही राज्य सरकार का कोई वरिष्ठ मंत्री उपस्थित था।उन्होंने यह भी कहा कि व्यक्तिगत रूप से उन्हें इससे कोई शिकायत नहीं है, लेकिन राष्ट्रपति पद के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री को छोटी बहन बताते हुए यह सवाल भी किया कि क्या वे उनसे नाराज हैं?। राष्ट्रपति के इस बयान ने राजनीतिक माहौल को और गर्म कर दिया, क्योंकि यह पहली बार था जब किसी कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने सार्वजनिक रूप से प्रोटोकॉल के पालन पर प्रश्न उठाया। इस बयान के बाद सत्तारुड़ पार्टी ने इसे संवैधानिक गरिमा से जोड़कर मुद्दा बनाया और राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। साथियों बात अगर हम प्रधानमंत्री और सत्ताधारी पार्टी की प्रतिक्रिया को समझने की करें तो पीएम ने भी इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया दी और कहा कि यह केवल राष्ट्रपति का अपमान नहीं बल्कि भारत के संविधान और लोकतांत्रिक परंपराओं का भी अपमान है। उन्होंने यह भी कहा कि द्रौपदी मुर्मू स्वयं आदिवासी समुदाय से आती हैं और उनके विकास के लिए समर्पित हैं, ऐसे में उनके कार्यक्रम में अव्यवस्था होना और राज्य सरकार का उचित सहयोग न मिलना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा नेताओं ने इसे आदिवासी अस्मिता से जोड़ते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने राष्ट्रपति के कार्यक्रम को गंभीरता से नहीं लिया। सत्तारुड़ पार्टी के लिए यह मुद्दा राजनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण था क्योंकि बंगाल में आदिवासी समुदाय एक महत्वपूर्ण वोट बैंक माना जाता है। साथियों बात अगर हम पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री कापलटवार और राजनीतिक आरोप को समझने की करें तो उन्होंने इन सभी आरोपों को सिरे सेखारिज करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम राज्य सरकार का नहीं बल्कि एक निजी संस्था का आयोजन था।उनके अनुसार राज्य प्रशासन ने पहले ही राष्ट्रपति सचिवालय को यह सूचित कर दिया था कि आयोजकों की तैयारी पर्याप्त नहीं है और इतनी बड़ी सभा को संभालने की क्षमता उनके पास नहीं है।उन्होंने यह भी कहा कि यदि राष्ट्रपति साल में एक बार किसी कार्यक्रम में आती हैं तो वे स्वयं स्वागत केलिए जा सकती हैं,लेकिन यदि चुनाव से पहले बार-बार कार्यक्रम होते हैं तो हर बार उपस्थित रहना संभव नहीं है। सत्ताधारी पार्टी पर आरोप लगाया कि राष्ट्रपति के पद का उपयोग राजनीतिक लाभ के लिए किया जा रहा है। ममता बनर्जी का यह बयान राजनीतिक दृष्टि से बेहद तीखा माना गया क्योंकि उन्होंने यहाँ तक कह दिया कि राष्ट्रपति सत्ताधारी पार्टी की नीतियों और निर्देशों से प्रभावित होकर कार्य कर रही हैं।

# वैश्विक युद्धोन्माद के बीच विश्व शांति की पुकार

- ललित गर्ग

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद विश्व ने एक ऐसी व्यवस्था बनाने की कोशिश की थी जिसमें शक्ति को नियमों और संस्थाओं के माध्यम से नियंत्रित किया जा सके। लगभग आठ दशकों तक यह वैश्विक व्यवस्था अनेक उतार-चढ़ावों के बावजूद किसी-न-किसी रूप में कायम रही। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं, बहुपक्षीय समझौते, कूटनीतिक संवाद और साझा नियम-इन सबका उद्देश्य यही था कि दुनिया 'मत्स्य-न्याय' यानी शक्तिशाली द्वारा कमजोर को निगल जाने की प्रवृत्ति से बची रहे। इसी सोच के तहत युनाइटेट नेशनस्, वर्ल्ड ट्रेड ऑरगेनाइजेशन, वर्ल्ड हेल्थ ऑरगेनाइजेशन, यूनेस्को और अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों की स्थापना हुई। इन संस्थाओं ने विश्व राजनीति को पूरी तरह आदर्श नहीं बनाया, लेकिन उन्होंने कम-से-कम इतना अवश्य सुनिश्चित किया कि शक्ति के साथ नियम और नैतिकता का एक आवरण बना रहे। परंतु आज यह व्यवस्था अभूतपूर्व संकट के दौर से गुजर रही है। विश्व राजनीति में एक नया रुझान तेजी से उभर रहा है जिसमें सहयोग, संवाद और बहुपक्षीयता की जगह एकपक्षीय कार्रवाई, सैन्य शक्ति और त्वरित लाभ की मानसिकता को प्राथमिकता दी जा रही है। विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका की नीतियों ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। जो देश कभी वैश्विक नियम-आधारित व्यवस्था का प्रमुख निर्माता और संरक्षक था, वही अब अनेक अंतरराष्ट्रीय समझौतों और संस्थाओं से दूरी बनाता दिखाई देता है। ट्रंप के पहले कार्यकाल में ही यह संकेत मिल गया था जब अमेरिका ने पेरिस क्लाइमेंट अग्रीमेंटस्, इरान न्यूक्लियर डील्स्, विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनेस्को जैसी संस्थाओं से खुद को अलग करने की प्रक्रिया शुरू की। इन कदमों का संदेश यह था कि यदि किसी समझौते से तात्कालिक राष्ट्रीय हित प्रभावित होते हैं तो उसे छोड़ देना ही बेहतर है। इससे वैश्विक सहयोग की उस भावना को गहरा आघात पहुंचा, जो दशकों से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की आधारशिला रही है। आज स्थिति और भी जटिल हो गई है। दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और संघर्ष सामान्य घटनाओं की तरह स्वीकार किए जाने लगे हैं। चार वर्षों से जारी रुस-यूक्रेन युद्ध और दो वर्षों से चल रहा गाजा युद्ध इसका सबसे दुखद एवं विडम्बनापूर्ण उदाहरण हैं। इन संघर्षों ने लाखों लोगों के जीवन को संकट में डाल दिया है, शहरों को खंडहर में बदल दिया है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर बना दिया है। युद्ध की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि वह किसी स्थायी समाधान की ओर नहीं ले जाता। युद्ध में विजय का दावा करने वाले भी अंततः विनाश और पीड़ा के साथ ही जीते हैं। इतिहास गवाह है कि युद्ध ने कभी भी मानवता को गौरव नहीं दिया; उसने केवल तबाही, भय और अस्थिरता को जन्म दिया है। युद्ध के परिणामस्वरूप पर्यावरण का भारी नुकसान होता है, आर्थिक संसाधन नष्ट हो जाते हैं, महंगाई बढ़ती है, रोजगार के अवसर घटते हैं और समाज में असुरक्षा तथा अविश्वास की भावना गहरी हो जाती है। आज विश्व के सामने सबसे बड़ी चिंता यह है कि युद्ध और हिंसा धीरे-धीरे सामान्यीकृत होते जा रहे हैं। अनेक बार युद्ध का उद्देश्य वास्तविक समाधान नहीं बल्कि घरेलू राजनीति में छवि निर्माण, शक्ति प्रदर्शन या आंतरिक संकटों से ध्यान हटाना बन जाता है। ऐसी परिस्थितियों में वैश्विक नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून दोनों कमजोर पड़ते हैं। यदि शक्तिशाली देश ही नियमों को तोड़ने लगें तो पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता खतरे में पड़ जाती है। मानवाधिकारों के प्रश्न पर भी दोहरे मानदंड दिखाई देते हैं। किसी एक देश की आलोचना की जाती है, लेकिन उसी तरह के कृत्यों पर दूसरे देशों के संदर्भ में चुप्पी साध ली जाती है। इससे मानवाधिकार एक सार्वभौमिक मूल्य के बजाय भू-राजनीतिक बहस का उपकरण बन जाते हैं। यदि विश्व समुदाय वास्तव में मानवता की रक्षा करना चाहता है तो उसे हर देश के लिए समान मानदंड अपनाने होंगे। इन परिस्थितियों में यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या दुनिया फिर से उस दौर की ओर बढ़ रही है जहां जिसकी लाठी उसकी भैंस ही अंतरराष्ट्रीय राजनीति का नियम बन जाएगा। यह केवल छोटे देशों के लिए ही नहीं बल्कि पूरी मानव सभ्यता के लिए गंभीर खतरा होगा। भारत का ऐतिहासिक दृष्टिकोण इस संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने संप्रभुता, गैर-हस्तक्षेप और बहुपक्षीय सहयोग की नीति का समर्थन किया है। भारत का यह विश्वास रहा है कि वैश्विक समस्याओं का समाधान केवल सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। यही कारण है कि भारत ने हमेशा शांति, संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता दी है। आज जब विश्व व्यवस्था डगमगा रही है, तब भारत की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत न केवल एक उभरती आर्थिक शक्ति है बल्कि एक ऐसी सभ्यता का प्रतिनिधि भी है जिसने सदियों से अहिंसा, सह-अस्तित्व और मानवता के मूल्यों को महत्व दिया है। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने बढ़ते वैश्विक प्रभाव का उपयोग विश्व शांति की दिशा में और अधिक सक्रिय रूप से करें। पिछले वर्षों में भारत ने कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति, सहयोग और विकास की बात को प्रमुखता से उठाया है।

# फूहड़ कंटेंट, सोशल मीडिया और संस्कृतिः आखिर जिम्मेदारी किसकी

- डॉ. प्रियंका सौरभ

डिजिटल युग ने हमारे समाज की संरचना, सोच और अभिव्यक्ति के तरीकों को गहराई से बदल दिया है। आज मोबाइल फोन और इंटरनेट के माध्यम से कोई भी व्यक्ति कुछ ही सेकंड में लाखों लोगों तक पहुंच सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने अभिव्यक्ति को लोकतांत्रिक बनाया है—जहां पहले मनोरंजन और प्रसिद्धि के अवसर सीमित लोगों तक होते थे, वहीं अब हर व्यक्ति के पास अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच है। लेकिन इस नए अवसर के साथ कई नई चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। इन चुनौतियों में सबसे बड़ी बहस उस कंटेंट को लेकर है जिसे समाज का एक वर्ग फूहड़ या अशोभनीय मानता है। पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो तेजी से वायरल होते देखे गए हैं जिनमें डांस, अभिनय या मनोरंजन के नाम पर ऐसे हाव-भाव और प्रस्तुति दिखाई जाती है जिन्हें कई लोग सांस्कृतिक मूल्यों के विरुद्ध मानते हैं। इन वीडियो को लाखों व्यूज, लाइक्स और शेयर मिलते हैं, जिससे वे और अधिक लोगों तक पहुंचते हैं। लोकप्रियता की इस दौड़ में कई बार कंटेंट की गुणवत्ता और सामाजिक जिम्मेदारी पीछे छूट जाती है।समाज के एक बड़े वर्ग का मानना है कि इस प्रकार के कंटेंट का प्रभाव विशेष रूप से युवाओं और किशोरों पर पड़ता है। जब वे देखते हैं कि कुछ लोग केवल कुछ सेकंड के वीडियो बनाकर अत्यधिक प्रसिद्धि और आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं, तो उनके मन में भी वैसा ही करने की इच्छा पैदा हो सकती है। कई बार यह प्रेरणा रचनात्मक दिशा में जाती है—जैसे संगीत, कला, नृत्य या शिक्षा से जुड़े कंटेंट बनाना। लेकिन कई मामलों में यह प्रेरणा केवल वायरल होने की दौड़ में बदल जाती है, जहां ध्यान आकर्षित करने के लिए किसी भी प्रकार का तरीका अपनाया जाता है। यह भी देखा गया है कि सोशल मीडिया पर ट्रेंड और एल्गोरिद्म का बहुत बड़ा प्रभाव होता है। जो कंटेंट अधिक देखा और साझा किया जाता है, वही तेजी से फैलता है। ऐसे में यदि दर्शक बार-बार उसी प्रकार के वीडियो देखते हैं जिन्हें वे स्वयं फूहड़ कहते हैं, तो अनजाने में वे उसी प्रवृत्ति को बढ़ावा भी दे रहे होते हैं। इसलिए केवल कंटेंट बनाने वालों को दोष देना इस समस्या का पूरा समाधान नहीं है। दर्शक भी इस डिजिटल



पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। दूसरी ओर, यह तर्क भी सामने आता है कि कला और मनोरंजन की अपनी स्वतंत्रता होती है। नृत्य, अभिनय और अभिव्यक्ति के कई रूप होते हैं, और हर व्यक्ति उन्हें अलग-अलग तरीके से देखता है। जो एक व्यक्ति को अनुचित लगता है, वही दूसरे के लिए केवल मनोरंजन या कला का एक रूप हो सकता है। इसी कारण इस विषय पर समाज में तीखी बहस देखने को मिलती है। कुछ लोग इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हिस्सा मानते हैं, जबकि अन्य इसे सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों के क्षरण के रूप में देखते हैं।

यहाँ एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है—क्या किसी भी प्रकार की लोकप्रियता को सफलता का मानक माना जाना चाहिए? सोशल मीडिया ने प्रसिद्धि प्राप्त करने की प्रक्रिया को बहुत तेज कर दिया है। पहले किसी कलाकार को पहचान पाने में वर्षों लग जाते थे; आज एक वायरल वीडियो किसी को रातों-रात स्टार बना सकता है। लेकिन यह त्वरित प्रसिद्धि कई बार स्थायी नहीं होती और इसके सामाजिक प्रभाव भी जटिल हो सकते हैं। कई युवा इस भ्रम में पड़ सकते हैं कि केवल विवादास्पद या ध्यान आकर्षित करने वाला कंटेंट ही सफलता का रास्ता है। परिणामस्वरूप वे अपनी प्रतिभा को विकसित करने की बजाय तात्कालिक लोकप्रियता के पीछे भागने लगते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल व्यक्तिगत विकास को प्रभावित करती है, बल्कि समाज में मनोरंजन की गुणवत्ता पर भी असर डालती है। संस्कृति की बात करें तो यह किसी एक व्यक्ति या एक पीढ़ी की देन नहीं होती। संस्कृति सदियों के अनुभव, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से बनती है। इसमें परिवर्तन भी होता रहता है—क्योंकि हर युग अपने साथ नए विचार और नए रूप लेकर आता है। लेकिन परिवर्तन और अतिरेक के बीच संतुलन बनाए रखना भी आवश्यक है। जब मनोरंजन का उद्देश्य केवल सनसनी या ध्यान आकर्षित करना बन जाए, तो समाज में यह चिंता स्वाभाविक है कि कहीं हम अपने मूल्यों से दूर तो नहीं जा रहे।

इस संदर्भ में परिवार, शिक्षा और समाज की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है। बच्चों और युवाओं को यह समझाना जरूरी है कि इंटरनेट पर दिखने वाली हर चीज़ अनुकरण के योग्य नहीं होती। डिजिटल साक्षरता—यानी यह समझ कि ऑनलाइन दुनिया कैसे काम करती है—आज के समय की बड़ी आवश्यकता बन गई है। यदि युवा यह समझ पाएँ कि एल्गोरिद्म कैसे काम करते हैं, व्यूज और लाइक्स कैसे बढ़ते हैं, और किस प्रकार का कंटेंट उन्हें प्रभावित कर सकता है, तो वे अधिक जागरूक निर्णय ले सकेंगे। कंटेंट क्रिएटर्स की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। जो लोग लाखों दर्शकों तक पहुंच रखते हैं, उनके पास समाज को प्रभावित करने की शक्ति भी होती है। यदि वे अपनी लोकप्रियता का उपयोग सकारात्मक संदेश, रचनात्मक कला और प्रेरणादायक सामग्री के लिए करें, तो वही सोशल मीडिया समाज के लिए एक सशक्त मंच बन सकता है। कई उदाहरण ऐसे भी हैं जहां क्रिएटर्स ने शिक्षा, लोक संस्कृति, भाषा और परंपराओं को बढ़ावा देने का काम किया है और लाखों लोगों को प्रभावित किया है।

इसलिए समाधान केवल विरोध या बहिष्कार में नहीं, बल्कि संतुलित दृष्टिकोण में है। समाज को यह तय करना होगा कि वह किस प्रकार के कंटेंट को बढ़ावा देना चाहता है। यदि दर्शक रचनात्मक, ज्ञानवर्धक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध सामग्री को अधिक समर्थन देंगे, तो स्वाभाविक रूप से वही कंटेंट अधिक दिखाई देगा। सोशल मीडिया का एल्गोरिद्म अंततः दर्शकों की पसंद पर ही निर्भर करता है। इसके साथ ही प्लेटफॉर्म कंपनियों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे ऐसे मानक और नीतियाँ विकसित करें जो समाज के व्यापक हितों का ध्यान रखें।

# घरेलू व कमर्शियल गैस की किल्लत पर कांग्रेस नेता सुभाष पाली ने उठाए सवाल



**कुरुक्षेत्र, 12 मार्च ( करणदीप सिंह ) :** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश संगठन सचिव सुभाष पाली ने घरेलू व कमर्शियल गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर भाजपा सरकार पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गैस की कमी के कारण आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुभाष पाली ने कहा कि सरकार एक समय उज्ज्वला योजना के तहत घर-घर गैस सिलेंडर पहुंचाने के बड़े-बड़े दावे करती थी, लेकिन वर्तमान में स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि आज लोगों को गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ रहा है, फिर भी समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा। उन्होंने कहा कि केवल घरेलू गैस ही नहीं बल्कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की भी भारी किल्लत देखी जा रही है, जिससे आम परिवारों के साथ-साथ छोटे दुकानदारों और व्यापारियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सुभाष पाली ने कहा कि गैस की यह किल्लत भाजपा सरकार की नीतियों की विफलता का जीता-जागता उदाहरण है। उन्होंने सरकार से मांग की कि जल्द से जल्द गैस की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू किया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरियाणा सरकार महिलाओं को रैपिडो प्लेटफॉर्म पर करेगी ऑन बोर्ड




**सोनीपत, 12 मार्च ( ब्यूरो ) :** डी.सी सुशील सारवान ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके लिए नए रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है। इस पहल के अंतर्गत महिलाओं को स्व-रोजगार एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से रैपिडो प्लेट फार्म पर ऑन बार्ड किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा रैपिडो कंपनी के साथ एमओयू किए जाने का प्रस्ताव रखा गया है, जिसके तहत महिलाओं को रैपिडो सेवा में कैप्टन/ड्राइवर के रूप में जोड़ा जाएगा, जिससे उन्हें रोजगार के नए अवसर मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि रैपिडो प्लेटफॉर्म से जुड़कर महिलाएं स्वयं का रोजगार शुरू कर सकेंगी और अपनी आय में वृद्धि कर सकेंगी। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना के तहत जिले से कम से कम 25 से 30 इच्छुक महिला लाभार्थियों के आवेदन पत्रों को मुख्यालय भिजवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए इच्छुक पात्र महिलाएं 14 मार्च तक पुरानी डीसी ऑफिस बिल्डिंग के कमरा नंबर 18 में स्थित जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय में अपना पंजीकरण करवा सकती है। इस योजना का लाभ पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत आवेदन करने वाली महिला हरियाणा राज्य की निवासी होनी चाहिए तथा उसकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी आवश्यक है। इसके अलावा आवेदनकर्ता अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग से संबंधित हो या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंध रखती हो तथा उसके पास प्रमाणित जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध होना चाहिए। इसके अलावा उसके पास पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी मान्य ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है। महिला द्वारा स्व-हस्ताक्षरित सहमति पत्र भी देना होगा तथा यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि आवेदिका किसी भी क्षेत्र में घोषित डिफॉल्टर न हो। उपायुक्त ने पात्र व इच्छुक महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि वे इस पहल का लाभ उठाएं और स्वरोजगार के इस अवसर से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएं। यह पहल महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी और उन्हें समाज में आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करेगी।

## महामहिम राज्यपाल के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन




**करनाल, 12 मार्च ( परमजीत कौर ) :** जिला रेडक्रॉस सोसायटी करनाल द्वारा महामहिम राज्यपाल एवं हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रेडक्रॉस के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि आज हमारे माननीय राज्यपाल एवं अध्यक्ष हरियाणा रेड क्रॉस प्रो. असीम घोष के जन्मदिन पर रेड क्रॉस कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रेडक्रॉस के आह्वान पर युवक एवं युवतियों ने भाग लिया, जिसमे हरियाणा रोडवेज विभाग में प्रशिक्षण ले रहे चालको ने रक्तदान किया। रेडक्रॉस कार्यालय से राजपाल चौधरी, कार्यवाहक जिला प्रशिक्षण अधिकारी ने भी 39 वीं बार रक्तदान कर कर्मचारियों और युवाओं को रक्तदान करने का संदेश दिया। इनकी बेटी अनु गाड़तान ने भी पिता को आदर्श मान 5 वी बार रक्तदान किया। वही फर्स्ट ऐड लेक्चरर नरेशपाल ने भी रक्तदान किया। डॉ संजय वर्मा इंचार्ज ब्लड बैंक सिविल अस्पताल करनाल की टीम ने रक्त एकत्रित किया। इसी कड़ी में आज घरौंडा की अग्रवाल धर्मशाला में भी रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। दोनों शिविर में दोपहर 1ः30 बजे तक 85 रक्तदाताओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट मैनेजर परमिला, लेखाकार सपना पाल, लिम्ब मेकर प्रवीन सिंगला, कॉर्डिनेटर रीना, विजय कंबोज सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पी.ओ. स्टाफ की टीम ने दो भगोड़े आरोपियों को किया गिरफ्तार



**यमुनानगर, 12 मार्च ( दिनेश कुमार ) :** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस द्वारा भगोड़े आरोपियों और बेल जंपर्स की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के दिशा-निर्देशों पर कार्य करते हुए पी.ओ. स्टाफ की टीम ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने न्यायालय द्वारा भगोड़ा घोषित किए गए दो भगोड़े आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत आगे की कार्रवाई के लिए अदालत में पेश कर दिया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पी.ओ. स्टाफ के इंचार्ज निरीक्षक जगबीर सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें एएसआई अश्विनी, मुख्य सिपाही संदीप , बिजेंदर, महावीर व महिला सिपाही सोनिया को शामिल किया गया। टीम ने संयुक्त प्रयास से दो भगोड़े आरोपियों गांव दादूपुर निवासी अक्षय पुत्र महेंद्र पाल व गांव लवाणी निवासी सतनाम सिंह पुत्र ईशर सिंह को गुप्त सूचना के आधार पर सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी एक आपराधिक मामले में संलिप्त थे और न्यायालय में पेश न होने के कारण उन्हें माननीय अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे, लेकिन टीम की सतर्कता और प्रयासों के चलते उन्हें दबोच लिया गया।

पुलिस अधीक्षक ने टीम के इस कार्य की सराहना की है और कहा है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ यह अभियान भविष्य में भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा, जिससे कानून व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।

# दिल्ली के कोचिंग सेंटर में 12वीं की लड़कियों से रेप करता था टीचर

**नई दिल्ली, 12 मार्च ( निस ) :** कोचिंग में पढ़ाने वाले टीचर ने 12वीं की 3 लड़कियों के साथ लंबे समय तक रेप किया। आरोपी टीचर 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली इन छात्राओं को फोटो-वीडियो वायरल करने और उनके परिवार की हत्या करने की धमकी देकर चुप कराता था। बुराड़ी इलाके से गुरु-शिष्य के रिश्ते को शर्मसार करने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक निजी संस्थान का ट्यूशन टीचर पिछले दो साल से अपनी तीन छात्राओं का यौन शोषण कर रहा था। आरोपी टीचर 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली इन छात्राओं को फोटो-वीडियो वायरल करने और उनके परिवार की हत्या करने की धमकी देकर चुप कराता था। पीड़ित छात्राओं ने सोमवार को थाने में अपनी आपबीती बताई। छात्राओं का आरोप है कि आरोपी धीरज चौधरी ट्यूशन पढ़ाने के बहाने उनके साथ अश्लील हरकतें करता था। विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट, मारपीट और बंधक बनाने जैसी संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। 17 वर्षीय पीड़िता रंजना (परिवर्तित नाम) के अनुसार अक्तूबर 2024 में ट्यूशन टीचर धीरज चौधरी ने जन्मदिन के बहाने पार्टी रखी थी। आरोप है कि पार्टी के दौरान वह शराब के नशे में तीनों छात्राओं से मारपीट करने लगा। दरअसल, उसे पता चला था कि छात्राएं अपने दोस्तों के साथ घूमने गई थीं। पीड़िता के मुताबिक पिछले साल अगस्त में धीरज ने उसे और उसकी एक सहेली को कोचिंग सेंटर बुलाया। वहां आरोपी ने दोनों की बेल्ट से पिटाई की और उनके साथ दुष्कर्म किया। इसके दो दिन बाद उसने तीसरी छात्रा को भी सेंटर बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। रंजना ने जब घटना की जानकारी परिवार को देने की बात कही तो आरोपी ने धमकी दी कि वह एआई तकनीक से उनकी अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। पीड़िता के अनुसार सोमवार को आरोपी धीरज एक छात्रा के घर पहुंचा, जहां उसकी मां भी मौजूद थीं। वहां उसने तीनों सहेलियों के चरित्र पर सवाल उठाते हुए उन्हें बदनाम करने की कोशिश की। इसी दौरान एक छात्रा ने परिजनों के सामने पूरी घटना का खुलासा कर दिया। आरोप है कि यह सुनते ही धीरज घबरा गया और अचानक कमरे से बाहर निकलकर दरवाजे की कुंडी बाहर से लगाकर मौके से फरार हो गया। अंदर मौजूद लोग कुछ देर तक कमरे में फंसे रहे। बाद में पड़ोसियों की मदद से दरवाजा खुलवाया गया। इसके बाद तीनों छात्राओं ने अपने परिजनों को आरोपी की हरकतों के बारे में विस्तार से बताया। पीड़िता की शिकायत पर बुराड़ी थाने में आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पोक्सो, मारपीट और बंधक बनाने की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस को आशंका है कि मामले में और पीड़िताएं सामने आ सकती हैं।

## एमएचयू कई अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर शोध कार्य आगे बढ़ा रही : प्रो. सुरेश मल्होत्रा



**करनाल, 12 मार्च ( संदीप रोहिला ) :** आस्ट्रेलियाई बागवानी उद्यमों में कुशल और अर्ध कुशल श्रमिकों की भर्ती और उन्हें एकीकृत करने के लिए पायलट कार्यक्रम के तहत आस्ट्रेलियां, दक्षिण अफ्रीका के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल बृहस्पतिवार को महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी करनाल के माननीय कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा से मुलाकात की। लूसी ग्रेग, महाप्रबंधक, जनसंपर्क एवं संचार, जेसिका पैटरसन, मानव संसाधन प्रबंधक जेरेला होल्डिंग्स दक्षिण अफ्रीका, पैनी पटाने, निदेशक, पटाने प्रोड्यूस प्राइवेट लिमिटेड, बोर्ड सदस्य।

जोडी ओब्रायन, महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं संस्कृति, बुलमर फार्म्स दक्षिण अफ्रीका,सुखपाल सैमी सिंह रंधावा, हार्वेस्ट मैनेजर फ्रैगापेन फार्म्स (विक्टोरिया) आदि शामिल रहे। इनके साथ राष्ट्रीय कौशल विकास निगम इंटरनेशनल की नियोक्ता रीमा भी साथ रही। कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने प्रतिनिधिमंडल सदस्यों से आस्ट्रेलियां में बागवानी खेती के बारे में बातचीत की। उन्होंने बताया कि एमएचयू किस प्रकार बागवानी खेती किसानी के लिए अपना योगदान दे रही है, उन्होंने कहा कि एमएचयू के विद्यार्थियों को न केवल पढ़ाई के क्षेत्र में तैयार किया जा रहा है बल्कि प्रैक्टिकल भी करवाया जा रहा है ताकि वे धरातल पर जाकर बागवानी की खेती में आने वाली चुनौतियों को समझ सकें ओर उनका निवारण कर सकें। इसके अलावा एमएचयू कई अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर शोध कार्य आगे बढ़ा रही है, जिनकी सराहना आस्ट्रेलियां के साथ अमेरिका, इग्लैडं, जापान द्वारा की जा रही है। प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने बागवानी विश्वविद्यालयों में एमएचयू के कार्यों की सराहना की और कहा कि एमएचयू के विद्यार्थी अंतरराष्ट्रीय स्तर की बागवानी में मानव संसाधन की मांग पूरा करने में सक्षम है। क्योंकि एमएचयू आस्ट्रेलियां एवं कई अन्य विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर वर्तमान ओर भविष्य की कई चुनौतियों से निपटने के लिए शोध कार्यों में जुटा है।

## रोटरी क्लब को मिले महत्त्वपूर्ण सम्मान, क्लब के कार्य निरंतर रहेगे जारी : डा. घुम्मन




**शाहाबाद मारकंडा, 12 मार्च ( रूबी ) :** रोटरी क्लब के प्रधान डॉ. आर. एस. घुम्मन ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3080 द्वारा दिसंबर माह के लिए घोषित डिस्ट्रिक्ट मंथली अवॉर्ड्स में क्लब को दो महत्वपूर्ण पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। इनमें पहला पुरस्कार मीडियम क्लब्स (31 से 70 सदस्य) श्रेणी में माह के दौरान सर्वाधिक प्रोजेक्ट करने के लिए प्रदान किया गया, जबकि दूसरा पुरस्कार सबसे नवाचारपूर्ण प्रोजेक्ट के लिए मिला। यह पुरस्कार क्लब द्वारा सरकारी कन्या विद्यालय में नए शौचालय, ब्लॉक के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य के लिए प्रदान किया गया है। डॉ. आर. एस. घुम्मन ने कहा कि यह सम्मान पूरे क्लब के सदस्यों की मेहनत, सेवा भावना और समाज के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब हमेशा से ही शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में निरंतर कार्य करता रहा है और आगे भी इसी प्रकार समाज हित में प्रोजेक्ट चलाए जाते रहेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और भविष्य में भी और अधिक सेवा कार्य करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर चीफ एडवाइजर टू डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राज कुमार गर्ग ने क्लब को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि रोटरी क्लब ने कम समय में समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर पूरे जिले में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि सरकारी कन्या विद्यालय में शौचालय ब्लॉक का निर्माण एक अत्यंत सराहनीय और उपयोगी प्रोजेक्ट है, जिससे छात्राओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि क्लब आने वाले समय में भी इसी प्रकार नवाचारपूर्ण और जनहितकारी प्रोजेक्ट करके समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करता रहेगा। इस अवसर पर मोहसिन खान, सीमा, पायल आदि उपस्थित रहे।

## मेथाला बांध परियोजना को मिली गति, 10 गांवों की 6,550 हेक्टेयर जमीन को मिलेगा सिंचाई लाभ

**गांधीनगर, 12 मार्च ( निस ) :** मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के सतत मार्गदर्शन में वन विभाग से संबंधित वर्षों से लंबित भावनगर जिले के मेथाला बांध परियोजना के मुद्दे का सकारात्मक समाधान सामने आया है। इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षार नियंत्रण के साथ वर्षा जल का संचयन होगा और 10 गांवों की लगभग 6,550 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई का लाभ मिलेगा। वन एवं पर्यावरण मंत्री अर्जुन मोढवाडिया ने बताया कि भावनगर जिले के तलाजा तालुका के मेथाला गांव के पास बगड नदी पर बनने वाली इस महत्वाकांक्षी बांध परियोजना में वन विभाग की कुल 598.2427 हेक्टेयर भूमि डूब क्षेत्र में आती है। इस परियोजना के लिए केंद्र सरकार की पूर्व स्वीकृति के अंतर्गत 15 मार्च 2024 को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की गई थी। इसके बदले भावनगर जिले के वल्लभीपुर तालुका के मोणपुर गांव के सर्वे नंबर 515/1 की 598.2427 हेक्टेयर गैर-वन भूमि वन विभाग को आवंटित की गई है। यह भूमि राज्य के प्रसिद्ध 'वेलावदर नेशनल पार्क' के निकट स्थित है, जिससे काले हिरण (काळीयार) और अन्य वन्यजीवों के लिए यह क्षेत्र एक महत्वपूर्ण आवास के रूप में उपयोगी साबित होगा। जल संसाधन मंत्री ईश्वरसिंह पटेल ने बताया कि तलाजा तालुका की मेथाला बांध योजना के लिए राज्य सरकार द्वारा 285 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। वर्षों से लंबित इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र में क्षार नियंत्रण करना है। इस परियोजना के तहत लगभग 655 मिलियन घनफुट वर्षा जल का संचयन होगा, जिससे 10 गांवों के साथ 6,550 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इसके साथ ही भूजल रिचार्ज होने से कुओं और बोरवेल में पानी का स्तर भी बढ़ेगा। बांध बनने से समुद्री पानी की आगे बढ़ने की समस्या भी रुकेगी, जिससे क्षेत्र में लवणता बढ़ने से रोका जा सकेगा।

मंत्री ने कहा कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद लगभग दो वर्षों में इस परियोजना को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। यह परियोजना क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों के लिए वरदान साबित होगी।

# उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने उप तहसील बाबैन व गांव गुहन में गिरदावरी को लेकर किया औचक निरीक्षण



**बाबैन, 12 मार्च ( राजेश कुमार ) :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने उप तहसील कार्यालय बाबैन में वार्षिक निरीक्षण और गांव गुहन में गिरदावरी को लेकर औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान किसानों से उनकी समस्याओं के बारे में भी बात की और फसल प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण सलाह दी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि गेहूं की फसल की गिरदावरी (फसल सर्वेक्षण) का कार्य, जोकि जमीन और बोई गई फसलों का सरकारी दस्तावेजीकरण है। इस निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गिरदावरी में सही खसरा नंबर, फसल का प्रकार और किसान का नाम दर्ज हो, ताकि किसानों को उनके नुकसान या उपज का सही मुआवजा मिल सके। रबी फसलों विशेष रूप से गेहूं की गिरदावरी का उद्देश्य पटवारी द्वारा किए गए सर्वेक्षण की सटीकता को जांचना है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने वीरवार को उप तहसील कार्यालय बाबैन का निरीक्षण कर विभिन्न कार्यालयों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उपायुक्त ने उप तहसील के निरीक्षण के दौरान पेपरलेस रजिस्ट्रेशन, हेल्प डेस्क, राजस्व कोर्ट तथा ई-दिशा केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सेवाओं की समीक्षा की। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान कार्यालयों परिसर की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया और साफ-सफाई सहित मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने विभिन्न शाखाओं में चल रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए संबंधित रजिस्टरों और अभिलेखों की स्थिति की समीक्षा की।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेंडिंग म्यूटेशन, इंतकाल और गिरदावरी के मामलों को बिना विलंब ऑनलाइन किया जाए और प्रत्येक प्रकरण का समय पर निपटान सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने राजस्व कार्यालय में मौजूद नागरिकों से भी बातचीत कर समस्याओं को जाना और अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाया जाए। इस अवसर पर तहसील कार्यालय मे उपस्थित लोगों ने उपायुक्त के सामने पीने के पानी की समस्या को रखा और उपायुक्त महोदय ने जल्द ही तहसील परिसर मे वाटर कूलर लगवाए जाने का आश्वाशन दिया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार गीता राम, कानूनगो साहब सिंह, सुरजीत सिंह, संदीप कुमार, पहलवान शर्मा, देवेन्द्र, ऋषि पाल, मान सिंह, अंग्रेज सिंह, जगतार सिंह, रामकला, इकबाल, रविन्द्र व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने डीयू के विरोध प्रदर्शनों के बैन पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, 12 मार्च ( निस ) :** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली यूनिवर्सिटी और दिल्ली पुलिस द्वारा विरोध प्रदर्शनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश पर सवाल उठाया है। दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) और दिल्ली पुलिस के यूनिवर्सिटी में विरोध प्रदर्शनों पर पूरी तरह बैन लगाने के आदेश पर सवाल उठाते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि विरोध प्रदर्शनों और जुलूसों पर पूरी तरह बैन नहीं लगाया जा सकता। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने कहा कि अगर कानून-व्यवस्था का कोई उल्लंघन होता है, तो पुलिस को कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन पूरी तरह बैन लगाना सही नहीं हो सकता। बेंच ने डीयू और पुलिस को एक हफ्ते के अंदर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि हलफनामा देखने के बाद मामले पर फैसला लिया जाएगा। कोर्ट ने यह टिप्पणी डीयू के लॉ फैकल्टी के स्टूडेंट उदय भदौरिया की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। याचिका में प्रॉक्टर ऑफिस की तरफ से 17 फरवरी को जारी नोटिफिकेशन को चुनौती दी गई है।

# पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के चुनाव हरियाणा में 18 मार्च को होंगे

**करनाल, 12 मार्च ( प्रवीन ) :** जिला उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के चुनाव हरियाणा राज्य में 18 मार्च को सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। यह चुनाव अधिवक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण है, जिसमें पंजीकृत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। चुनाव सुचारू रूप से संपन्न करवाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव को फ्री एंड फेयर करवाने के लिए मतदान अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ट्रेनिंग 13 मार्च को अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएगी। संबंधित अधिकारी/कर्मचारी अपनी ट्रेनिंग में पूर्ण रूप से उपस्थित रहें ताकि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके। जिले के सभी अधिवक्ताओं से अनुरोध है कि वे इस महत्वपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग प्रदान करें तथा किसी भी प्रकार की अफ्वाह या गलत सूचना से बचें। किसी भी जानकारी के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय या मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा के कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

# अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस से 14 मार्च तक मनाया जा रहा स्वच्छता परववाड़ा

### मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी थीम को लेकर स्वच्छता अभियान से गणमान्य लोगों को जोड़ने का मुख्य उद्देश्य : संदीप लोहट

**घरौंडा, 12 मार्च ( नरेन्द्र लाठर )** : घरौंडा नगर पालिका की ओर से स्वच्छ सर्वेक्षण2025-26 के अंतर्गत स्वच्छता प्रेरकों के माध्यम से 8 मार्च से 14 मार्च तक चलने वाले अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का उत्सव, स्वच्छ भारत मिशन सुगम स्वच्छता प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से गुरुवार को नगर पालिका सचिव रवि प्रकाश के निर्देश पर स्वर्ण वाटिका स्कूल में मनाया गया।जिसमें छात्रों को स्वच्छता, प्लॉस्टिक बैन के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता लाइब्रेरियन संदीप लोहट, सैनिटरी इंस्पेक्टर राहुल बामनिया, सुपरवाइजर सुरेन्द्र बेनीवाल, प्रिंसीपल अमित जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता संदीप लोहट ने संबोधित करते हुए बताया कि स्वच्छ भारत मिशन की ओर से अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च से 14 मार्च तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। सौभाग्य से इस पखवाड़े में भारत की पहली महिला शिक्षिका, सामाजिक सुधारक और महिलाओं की शिक्षा की जननी सावित्रीबाई फुले की पुण्य तिथि पर उनको शत शत नमन करता हूँ। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में लाल किले की प्राचीर से देश को स्वच्छ बनाने की



अपील की थी, वह आज सार्थक हो रही है।हरियाणा में प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा को स्वच्छ बनाने की ठानी ओर मुख्यमंत्री नायब सैनी के मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व में हरियाणा स्वच्छता में आगे बढ़ रहा है, जिसके चलते हमें स्वच्छ सर्वेक्षण में घरौंडा शहर प्रथम स्थान हासिल हुआ था और अब हमें नम्बर वन पर बने रहना है। इसके लिए स्वच्छता कार्यों में नागरिकों, एनजीओ, स्कूलों, सामाजिक संस्थाओं इत्यादि को भी अपने साथ जोडे रखना होगा। उन्होंने कहा कि मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी थीम को लेकर स्वच्छता अभियान में गणमान्य लोगों को जोड़ने का मुख्य उद्देश्य शहर के समग्र विकास को गति देना, नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करना तथा साफ-सफाई की व्यवस्था को ओर अधिक बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के लिए नागरिकों की सहभागिता बेहद जरूरी है, इसलिए हमें आसपास रह रहे लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना चाहिए।उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह पूरे शहर की सामूहिक जिम्मेदारी हैं। स्वच्छता प्रेरक सुषमा ने बताया कि हमें अपने घरों से निकलने वाले गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करके दें। सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फैलाएं तथा नगर पालिका द्वारा चलाई जा रही स्वच्छता गतिविधियों में सहयोग करें। यदि शहर का प्रत्येक नागरिक स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएगा तो घरौंडा शहर को स्वच्छ व स्वस्थ शहर का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकेगा।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता लाइब्रेरियन संदीप लोहट, सैनिटरी इंस्पेक्टर राहुल बामनिया, सुपरवाइजर सुरेन्द्र बेनीवाल, सुगम स्वच्छता की आईईसी टीम से स्वच्छता प्रेरक सुषमा, योगीन्द्र, स्कूल प्रिंसिपल अमित जैन, स्कूल स्टाफ व छात्र मौजूद रहे।

## क्षणिक मस्ती से जिंदगी हो सकती है बर्बाद, नियमों का पालन करें व सुरक्षित रहें : कमलदीप गोयल

**यमुनानगर, 12 मार्च ( दिनेश कुमार )** : पुलिस विभाग द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने युवाओं और आम नागरिकों को एक सशक्त संदेश देते हुए नशे से दूर रहने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान का उद्देश्य समाज को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित जीवनशैली को बढ़ावा देना है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि थोड़ी मस्ती के चक्कर में जिंदगी का सफर छोटा मत बनाओ। नशा छोड़ो, नियम अपनाओ ताकि हर सफर सुरक्षित हो। उन्होंने बताया कि क्षणिक आनंद और मस्ती के लिए नशे का सहारा लेना न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है, बल्कि यह समाज और परिवार के लिए भी गंभीर खतरा बन सकता है। उन्होंने कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिनके कारण कई दर्दनाक सड़क दुर्घटनाएं सामने आती हैं। कई बार एक छोटी सी



लापरवाही पूरे परिवार की खुशियां छीन लेती है और जिंदगी भर का दुख दे जाती है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग का यह अभियान केवल कानून का पालन करवाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य एक सुरक्षित, स्वस्थ और जागरूक समाज का निर्माण करना है। इसी कड़ी में पुलिस विभाग द्वारा स्कूलों, कॉलेजों और विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में विशेषज्ञों द्वारा युवाओं और विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों, मानसिक और शारीरिक प्रभावों तथा सुरक्षित जीवनशैली अपनाने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

एस.पी ने अभिभावकों से विशेष अपील करते हुए कहा कि वे अपने नाबालिग बच्चों को दोपहिया या चारपहिया वाहन चलाने की अनुमति न दें। कम उम्र में वाहन चलाना कानूनन अपराध है और यह उनके जीवन के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा के लिए भी बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि कई बार अभिभावकों की छोटी सी लापरवाही बच्चों के भविष्य को अंधकार में धकेल सकती है, इसलिए समय रहते बच्चों को सही मार्गदर्शन देना और उन पर उचित नियंत्रण रखना बहुत आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से भी आग्रह किया कि वे नशे से पूरी तरह दूर रहें, यातायात नियमों का पालन करें और जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं। युवाओं से विशेष रूप से अपील की गई कि वे इस जन-जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं, स्वयं जागरूक बनें और अपने मित्रों व समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने और सुरक्षित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करें। पुलिस विभाग का मानना है कि यदि समाज के सभी वर्ग इस अभियान में सहयोग करेंगे तो निश्चित रूप से नशे और सड़क दुर्घटनाओं जैसी समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकेगा और एक सुरक्षित तथा जागरूक समाज का निर्माण संभव हो।

## पेंशन लाभार्थियों की वेरिफिकेशन के लिए अब 14 व 15 मार्च को होंगी एरिया सभा की बैठकें

### प्रत्येक वार्ड में लाडो लक्ष्मी योजना, बुढ़ापा व विधवा पेंशन लाभार्थियों की होंगी वेरिफिकेशन, नगर निगम ने लगाई एरिया सभा सचिवों व नोडल अधिकारियों की ड्यूटियां

**यमुनानगर, 12 मार्च ( दिनेश कुमार )** : लाडो लक्ष्मी योजना, बुढ़ापा पेंशन व विधवा पेंशन के लाभार्थियों के सत्यापन के लिए नगर निगम द्वारा फिर प्रत्येक वार्ड में 14 और 15 मार्च को एरिया सभा की बैठकें आयोजित की जाएगी। इससे पहले नगर निगम द्वारा 21 जनवरी, 5 व 6 फरवरी, 25 व 26 फरवरी को पेंशन लाभार्थियों की वेरिफिकेशन की गई थी। उनमें जो लाभार्थी वेरिफिकेशन से वंचित रह गए थे, उनकी सूची निदेशालय से नगर निगम के पास आई है। बैठकों में निदेशालय से आई सूची में शामिल पेंशन लाभार्थियों के दस्तावेजों की जांच कर वेरिफिकेशन की जाएगी। वेरिफिकेशन प्रक्रिया की कार्रवाई संबंधित एरिया के दस प्रतिशत वोटर को कोरम पूरा होने के बाद शुरू होगी। यह जानकारी महापौर सुमन बहमनी व अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने दी। उन्होंने सभी एरिया सभाओं के सचिवों व नोडल अधिकारियों की ड्यूटियां लगाकर निर्देश दिए कि शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय, हरियाणा से प्राप्त निर्देशों के अनुसार प्रत्येक एरिया सभा में समयबद्ध तरीके से लाभार्थियों की वेरिफिकेशन की जाए। उन्होंने लाभार्थियों से अपील की है कि वे अपने वार्ड के निर्धारित स्थान और समय पर अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपनी वेरिफिकेशन करवाएं। ताकि पात्र लाभार्थियों को इन योजनाओं का लाभ निरंतर मिलता रहे।

**14 मार्च को यहां होंगी एरिया सभा की बैठकें** : 14 मार्च यानी शनिवार को सुबह 10 बजे से वार्ड एक में सामुदायिक केंद्र गुलाब नगर। वार्ड 2 में डीडी अग्रवाल स्कूल जगाधरी। वार्ड 3 में सामुदायिक केंद्र उधमगढ़। वार्ड 4 में सामुदायिक केंद्र



बूड़िया और वार्ड 5 में राजा वाला मंदिर कल्याण नगर में एरिया सभा की बैठकें होंगी। 14 मार्च शनिवार को ही दोपहर दो बजे से वार्ड 6 में गुरु रविदास मंदिर दुर्गा गार्डन, वार्ड 7 में सामुदायिक केंद्र सेक्टर 17, वार्ड 8 में यमुना क्लब मॉडल टाउन, वार्ड 9 में बजरंग भवन मॉडल कॉलोनी। वार्ड 10 में शीतल गिरी विद्या मंदिर स्कूल शांति कॉलोनी और वार्ड 11 में सामुदायिक केंद्र दड़वा में एरिया सभा की बैठकें होंगी।

**15 मार्च को यहां होंगी एरिया सभा की बैठकें** : 15 मार्च रविवार को सुबह 10 बजे से वार्ड 12 में खेड़ा मंदिर तीर्थ नगर, वार्ड 13 में गढ़वाली धर्मशाला जम्मू कॉलोनी, वार्ड 14 में सामुदायिक केंद्र पुराना हमीदा, वार्ड 15 में नगर निगम कार्यालय फव्वारा चौक, वार्ड 16 में स्वर्ण जयंती पार्क और वार्ड 17 में एमसी धर्मशाला मेन बाजार कैंप में एरिया सभा की बैठकें आयोजित होंगी। इसी तरह रविवार को दोपहर बाद 2 बजे से वार्ड 18 में अपना मंच पार्क फर्कपुर, वार्ड 19 में एसडी पब्लिक स्कूल लक्ष्मी नारायण मंदिर विष्णु नगर, वार्ड 20 में एमसी सामुदायिक केंद्र, वार्ड 21 में भगवान परशुराम धर्मशाला, वार्ड 21 में वाल्मीकि धर्मशाला गोल्डनपुरी में एरिया सभा की बैठकें होंगी।

## विकसित भारत के निर्माण में हरियाणा की रहेगी विशेष भूमिका : सुभाष कलसाना

**शाहाबाद मारकंडा, 12 मार्च ( रूबी )** : गांव अढोनी में भाजपा नेता सुभाष कलसाना का नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अतुल सैनी और पवन कुमार के नेतृत्व में किया गया। जिसमें गांव के सरपंच परमजीत सहित अनेक गणमान्य लोग और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में सुभाष कलसाना के साथ रघुबीर सैनी और रविन्द्र सांगवान ठोल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजकों अतुल सैनी और पवन



कुमार ने आये हुए अतिथियों का अभिनंदन पुष्प मालाओं के साथ किया। कार्यक्रम के दौरान गांव के सरपंच ने गांव से संबंधित विभिन्न समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर एक मांग पत्र सुभाष कलसाना को सौंपा और इन मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। ग्राम पंचायत ने गांव के स्वर्ग आश्रम में शैड निर्माण, पेयजल सप्लाई के लिए पाईप लाईन सहित अन्य कई मांगे रखी। मांग पत्र स्वीकार करते हुए सुभाष कलसाना ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की पंचायते विकास के रूप में सशक्त हुई हैं और गांव अढोनी की सभी मांगों को पूरा करवाने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हरियाणा के चहुंमुखी विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि विकसित भारत के निर्माण में हरियाणा का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा और मुख्यमंत्री नायब सैनी इसी दिशा में मजबूती से काम कर रहे हैं। विशेष अतिथि रघुबीर सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि गांवों का विकास ही प्रदेश की असली ताकत है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को मिलकर हल किया जाएगा और विकास कार्यों को गति दी जाएगी। वहीं रविन्द्र सांगवान ठोल ने कहा कि गांव अढोनी के लोगों का उत्साह और एकजुटता सराहनीय है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और समाज के सहयोग से क्षेत्र में विकास के नये आयाम स्थापित किये जायंगे। कार्यक्रम के अंत में क्रिकेट खिलाडियों ने सुभाष कलसाना से मुलाकात करके क्रिकेट किट की मांग रखी।

जिस पर सुभाष कलसाना ने कहा कि क्रिकेट किट जल्द ही खिलाडियों को मिल जायेगी। इस अवसर पर रविन्द्र सांगवान ठोल, रघुबीर सैनी, एडवोकेट मनदीप रावा, अजय सैनी, राजीव सैनी और सारजैंट सैनी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और ग्रामीण मौजूद रहे।

## गर्मी में न हो पेयजल की परेशानी, गुणवत्तापूर्वक जलापूर्ति सुनिश्चित करवाएं अधिकारी : डीसी अपराजिता


**कैथल, 12 मार्च ( सुरेंद्र कुमार )** : डीसी अपराजिता ने वीरवार सुबह प्योदा रोड स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। डीसी ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के दृष्टिगत पेयजल आपूर्ति को लेकर कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में गुणवत्तापूर्वक पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें। डीसी वीरवार सुबह प्योदा रोड स्थित जल घर पहुंचीं। जहां उन्होंने सबसे पहले स्टोरेज टैंक का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने पानी को शुद्ध करने की पूरी प्रक्रिया की बारीकी से जानकारी हासिल की। जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता कृष्ण कुमार एवं कार्यकारी अभियंता अभिषेक शेर ने पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। इसके बाद डीसी ने मैप पर पूरे शहर



में जलापूर्ति की पूरी प्रक्रिया को समझा और कहा कि शहर के किसी भी हिस्से में पानी की कमी नहीं होनी चाहिए। गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। इसीलिए विभागीय अधिकारी जहां भी जरूरत हो, वहां मरम्मत का कार्य पूरा करें। लीकेज ठीक करवाएं। पेयजल में किसी भी तरह की गंदगी न हो। इसके बाद डीसी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अपने संदेश में डीसी अपराजिता ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए नागरिकों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी जलघरों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान डीसी ने पानी की गुणवत्ता की जांच करने के भी निर्देश दिए और कहा कि नियमित रूप से पानी के सैंपल लिए जाएं। उन्होंने आमजन का आह्वान किया कि जल हमारे जीवन में महत्वपूर्ण है। हमें जल का संरक्षण करना है और पानी को बर्बाद होने से बचाना है। इसलिए बेवजह पानी नल खुला न छोड़ें। पानी को व्यर्थ में न बहाएं। वहीं जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शहर में दो वाटर ट्रीटमेंट प्लांट है, जोकि प्योदा रोड स्थित तथा दूसरा मानस रोड पर स्थित है। प्योदा रोड स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता 20 एमएलडी है तथा मानस रोड स्थित प्लांट की क्षमता 13 एमएलडी है। कैथल में 16 बूस्टर तथा 40 पंपों के माध्यम से निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। पेयजल आपूर्ति समुचित रूप से चलाने के लिए शहर में 90 किलोमीटर पुरानी लाइन को बदला जाएगा, जिस पर लगभग 5 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च आएगी। जिले में दो पानी जांच लैब हैं, जोकि एक कैथल तथा दूसरी चीका में है। इस मौके पर जन स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता कृष्ण कुमार गिल, कार्यकारी अभियंता अभिषेक शेर, एसडीओ गोपाल वैध, जेई राहुल के अलावा अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रभातफेरी में प्रभु श्रीराम के भजनों पर जमकर थिरके श्रद्धालु

**शाहाबाद मारकंडा,12 मार्च ( रूबी )** : श्री राम नवमी के उपलक्ष्य में श्री बैकुंठपुरी हनुमान मंदिर सभा द्वारा निकाली जा रही प्रभातफेरियों की श्रृंखला



में चौंदवें दिन की प्रभातफेरी का आयोजन श्री बैकुण्ठ पूरी हनुमान मंदिर में किया गया। यजमान वीरेंद्र कोहली ने अपने परिवार के सदस्यों सहित विधिवत पूजन किया। अनमोल छाबड़ा द्वारा विघ्न विनाशक श्री गणेश जी की वंदना व राजिन्दर द्वारा श्री राम स्तुति गई गई। अशोक सेठी द्वारा श्री हनुमान चालीसा व राजू सपरा द्वारा गीता पाठ हुआ। श्री राम स्तुति के बाद गायकों ने एक से एक सुंदर भजन गाकर भगवान की आराधना की। सागर कोहली के राधा रानी सरकार के भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। भजन गायकों में सन्नी, राघव, अजय, सोनिया, गीता, रवि नवीन, निखिल, अंकुश गोयल व सागर कोहली ने सुंदर भजनों द्वारा समय बाँध दिया। वरिंदर कोहली, सन्नी, वैशाली, विकास, नेहा, वरुण, आँचल, सपना सहित पूरे परिवार को बधाई दी गई और विधायक राम करण काला, प्रभजीत तनेजा, जगदीश सभरवाल,चंद्र मोहन कोहली, राजपाल, सूरज मल्होत्रा, प्रवीण मदान, हरीश बॉबी, नवनीत कौर, गीता मदान सहित गणमान्य लोगों ने प्रभातफेरी के आयोजकों को स्मृति चिह्न देकर कर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगरपालिका प्रधान गुलशन कवातरा, पूर्व प्रधान हरीश कवातरा, गौरव खुराना, संजीव भसीन, रविन्द्र अंटाल, ढूंड राज आनंद, विजय मलिक, संजय कोहली, मयंक तुली, सुशील कुमार, गौरव सभरवाल, सुभाष अरोड़ा, पंकज बुद्धिराजा, ईशा अग्रवाल, सोनिया, सुनीता, टीना अरोड़ा आदि मौजूद रहे। प्रधान सुधीर सूद ने बताया कि 14 मार्च की प्रभातफेरी मनोज शर्मा न्यू मॉडल टाऊन में जाएगी।

## ट्रक व बाईक की टक्कर लगने से बाईक सवार युवक की मौत ट्रक चालक फरार

**लाडवा, 12 मार्च ( रामगोपाल )** : लाडवा पिपली मार्ग पर निवारसी कॉलोनी के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। मृतक युवक की पहचान रजत कुमार पुत्र राम कुमार 33 वर्ष निवासी गांव अलीपुरा थाना रादौर जिला यमुनानगर के रूप में हुई है। पुलिस को दी अपनी शिकायत में सोहन लाल पुत्र बलबीर सिहं निवासी गांव बनी छान्नो थाना लाडवा जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि मंगलवार देर रात उसका भांजा रजत अपनी स्पलेंडर बाइक पर सवार होकर अपने निजि काम के लिए लाडवा से सोंटी के लिए गया था। जैसे ही वह निवारसी कॉलोनी के सामने बस स्टैंड पर पहुंचा तो बिना इंडिकेटर के खड़े ट्रक में टक्कर हो गई। टक्कर लगने से उसका भांजा बुरी तरह घायल हो गया। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सहायता से उसके भांजे रजत को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे एलएनजेपी कुरूक्षेत्र रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एंटी नारकोटिक्स सेल की कार्रवाई, एनडीपीएस एक्ट के मामले में आरोपी काबू

### कब्जे से 1 किलो 15 ग्राम चरस की बरामद

**करनाल, 12 मार्च ( संदीप रोहिला )** : नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस करनाल की एंटी नारकोटिक्स सेल ने एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करते हुए दो आरोपियों को काबू किया है। यह कार्रवाई एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज उप निरीक्षक हिम्मत सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर



कार्रवाई करते हुए आरोपी.. रामकुमार पुत्र हरदा राम निवासी गांव हथलाना, थाना निसिंग जिला करनाल को काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी प्रवीण के कब्जे से 1 किलों 15 ग्राम चरस नशीला पदार्थ बरामद की गई। इस संबंध में एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज उप निरीक्षक हिम्मत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के विरुद्ध थाना सदर,करनाल में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इस संबंध में आरोपी से गहन पूछताछ कर नशा तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता के संबंध में अनुसंधान जारी है।

## एलपीजी, पेट्रोल व डीजल की सप्लाई पर प्रशासन की कड़ी नजर

### जमाखोरी व ओवरचार्जिंग पर होगी कार्रवाई

**हिसार, 12 मार्च ( ब्यूरो )** : उपायुक्त महेंद्र पाल ने कहा है कि ज़िले में एलपीजी, पेट्रोल व डीज़ल की सप्लाई पर प्रशासन की कड़ी नज़र है। इस संबंध में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग सहित संबंधित विभागों की टीमें गठित कर दी गई है। वर्तमान में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि घरेलू एलपीजी का अन्य कार्यों के लिए दुरुपयोग न हो और गैस एजेंसियों द्वारा डबल स्टॉकिंग या अधिक कीमत वसूलने जैसी गतिविधियां किसी भी सूरत में न हों। साथ ही उपभोक्ताओं को भी किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने और निर्धारित मानकों के अनुसार एलपीजी का विवेकपूर्ण उपयोग करने की सलाह दी गई है। उपायुक्त ने कहा कि सभी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को जिला प्रशासन को प्रतिदिन एलपीजी स्टॉक और सप्लाई की स्थिति की जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्थान पर जमाखोरी या कालाबाजारी की शिकायत मिलती है तो आवश्यक वस्तु अधिनियम और एलपीजी सप्लाई व वितरण आदेश 2000 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों से संबंधित शिकायतों के लिए टोल-फ्री नंबर 1800-180-2087 भी जारी किया गया है।

## जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता : डॉ. कमल गुप्ता

**हिसार, 12 मार्च ( ब्यूरो )** : भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय



में आज पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने नागरिकों की जनसमस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों से तुरंत फोन पर बातचीत कर कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, सामाजिक प्रतिनिधि और क्षेत्रवासी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम नागरिकों के कार्यों में अनावश्यक देरी न हो तथा समस्याओं का शीघ्र और पारदर्शी तरीके से निपटारा किया जाए। बैठक के दौरान उपस्थित जनों ने वैश्विक स्तर पर बढ़ रहे तनाव और उसके भारत पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों पर भी चिंता व्यक्त की।

इस विषय पर चर्चा करते हुए डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में देश को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत सरकार के सक्षम नेतृत्व में देश हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है। इस अवसर पर पार्टी के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने जनहित के मुद्दों पर अपनी बात रखते हुए समाधान की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर सुरेश गोयल धूप वाला, रामचंदर गुप्ता, सतीश सुरलिया, लोकेश असीजा, विनोद तोशावाड़, सुरेंदर सिंह सैनी, अनुज जैन, प्रोमिला पुनिया, अनिल गोदारा, प्रवीण नारंग आदि उपस्थित रहें।

## डीसी ने जारी किए स्थिति को देखते हुए विशेष निर्देश

**कैथल, 12 मार्च ( सुरेंद्र कुमार ) :** डीसी अपराजिता ने गैस, पेट्रोल व डीजल निर्बाध आपूर्ति और उपलब्धता बनाए रखने के लिए विशेष निर्देश जारी किए हैं। जिले में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. सुशील कुमार को जिला में गैस, पेट्रोल व डीजल की उपलब्धता और सप्लाई की मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही सभी उपमंडलाधीश अपने-अपने क्षेत्रों में गैस, पेट्रोल व डीजल की उपलब्धता और सप्लाई पर कड़ी नजर रखेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नागरिकों को न हो। कैथल का खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक यह सुनिश्चित करेंगे कि घरेलू सिलेंडर कमर्शियल कामों के लिए उपयोग में न लाया जाए और कोई भी जमाखोरी न होने दें, ज़्यादा पैसे लेना या ब्लैक मार्केटिंग भी न हो। जिले में काम करने वाली सभी तेल मार्केटिंग कंपनियां, पेट्रोलियम डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर पर्याप्त स्टॉक रखेंगे और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। खाद्य एवं पूर्ति विभाग पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की स्टॉक पोजीशन, सप्लाई, डिस्ट्रीब्यूशन और रिटेल कीमतों पर नजर रखेगा। अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों जैसे जरूरी संस्थानों में समुचित तौर से उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। डीसी ने इन निर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। डीसी ने कहा कि कैथल में गैस, पेट्रोल एवं डीजल की प्यांप्त उपलब्धता है। जिला प्रशासन स्थिति पर नजर रखे हुए है।

# लिफ्ट देकर बुजुर्ग से नगदी चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार 40 हजार रूपये व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद

**लाडवा, 12 मार्च ( राम गोपाल ) :** पुलिस ने चोरी की वारदात को सुलझाते हुए बुजुर्ग व्यक्ति को लिफ्ट देकर नगदी चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अपराध अन्वेषण शाखा एक की टीम ने बुजुर्ग व्यक्ति को लिफ्ट देकर नगदी चोरी करने के आरोपी सूरज उर्फ़ चौटाला वासी जोडियां जिला यमुनानगर को गिरफ्तार करके 40 हजार रूपये व वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी गुरनाम सिंह ने बताया कि 9 मार्च 26 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में बलबीर सिंह वासी गिलौर जिला यमुनानगर ने बताया वह खेती बाड़ी का काम करता है। 9 मार्च को वह लाडवा स्थित बैंक से घर के कामकाज लिए एक लाख रूपये निकालने आया था। उसने बैंक से रूपये निकालकर जेब में रख लिए और निजी काम के लिए लाडवा मार्किट में जाने लगा। उसी समय इंद्री चौंक के पास एक मोटरसाइकिल पर खड़े दो लडकों ने उससे मथाना जाने का रास्ता पूछा। इसके बाद उन लडकों ने उसको रामकुण्डी चौंक तक लिफ्ट दे दी। जब वह रामकुण्डी चौंक पर मोटरसाइकिल से उतरा तो उसकी जेब से सारे पैसे मोटरसाइकिल सवार लडके निकालकर ले गये। जिसकी शिकायत पर थाना लाडवा में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 को दी गई।10 मार्च 26 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी पीएसआई जसबीर सिंह के दिशा-निर्देश में सहायक उप निरीक्षक गिरवर शर्मा, पीएसआई राहुल, उप निरीक्षक सुखदेव, मुख्य सिपाही संदीप व विकास की टीम ने बुजुर्ग व्यक्ति को लिफ्ट देकर नगदी चोरी करने के आरोपी सूरज उर्फ़ चौटाला वासी जोडियां जिला यमुनानगर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से 40 हजार रूपये व वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल बरामद की गई। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

## 19 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा हिंदू नववर्ष

***नवसंवत 2083 का होगा शुभारंभ : पं. लक्ष्मी प्रसाद***



**शाहाबाद मारकंडा, 12 मार्च ( रूबी ) :** भारतीय पंचांग के अनुसार 19 मार्च 2026, गुरुवार को हिंदू नववर्ष नवसंवत् 2083 का शुभारंभ होगा। भगवान नृसिंह परमार्थ ट्रस्ट के संचालक पं. लक्ष्मी प्रसाद भारद्वाज ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार नया वर्ष विक्रम संवत के आधार पर चैत्र मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से आरंभ होता है। इसे भारतीय संस्कृति में अत्यंत शुभ और पवित्र माना जाता है। इस दिन को नवसंवत्सर के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक विद्वानों के अनुसार यह दिन नए कार्यों की शुरुआत के लिए बहुत ही शुभ माना जाता है और इस दिन किए गए शुभ कार्यों से वर्षभर मंगल फल प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि चैत्र शुक्ल पक्ष के आरंभ के साथ ही पवित्र नवरात्र भी आरंभ हो जाते है। जो विवाह एवं अन्य कार्यों के लिए शुद्ध होते है।

## श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मिलता है पापों से छुटकारा : श्री रामलाल जी शात्री

***बोले : श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन करवाने से मिलता है सर्वाधिक पुण्य***





**करनाल, 12 मार्च ( संदीप रोहिला ) :** पृथ्वी स्थल तीर्थ सती माता गौ लोक धाम बालू में आयोजित श्रीमद भागवत कथा समारोह का गुरुवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर विशाल भंडारा लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। कथावाचक श्री रामलाल जी शास्त्री ने कथा सुनाते हुए ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन सर्वाधिक पुण्य प्रदान करता है। श्रीमद् भागवत कथा सुनने से अनेकानेक पापों का संहार होता है। भागवत कथा भक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। भक्ति को पाने का यदि इस धरा धाम पर कोई साधन है तो केवल भगवान की लीलाएं हैं। भगवान के कार्य करने पर मनुष्य जीवन में धीरे-धीरे स्वात्विकपन आता है और मनुष्य उस पथ का पथिक बन जाता है। वह समाज में एक आदर्श पुरुष के रूप में जीवन को व्यतीत करता है और उसके इस गुण की वजह से वह दूसरों को भी इस मार्ग पर ले आता है। पीठाधीश्वर पृथ्वी स्थल तीर्थ बालू श्री महंत बाबा शांतिगिरी महाराज जी ने भी लोगों को आशीर्वाद दिया और अध्यात्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अखिल भारतीय सिविल सेवा की वेटलिफ्टिंग पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में ब्रांज मेडल जीतने वाली राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जखौली में लेक्चरार मंजु गुप्ता को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान प्रदीप पांचाल, डा. अमनदीप शर्मा, सरपंच सुशील शर्मा, विजय पाल, पवन गुप्ता, कर्मचंद, मांगेराम, बाला देवी व जय नारायण गोयल आदि मौजूद रहे।

## शिकायत के आधार पर की गई जांच, अवैध खनन के मिले सबूत



**यमुनानगर, 12 मार्च ( दिनेश कुमार ) :** खान एवं भू-विज्ञान विभाग के सहायक खनन अभियंता ने बताया कि स्वास्तिक स्टोन क्रेशर/स्क्रीनिंग प्लांट के संचालक द्वारा अवैध खनन की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उनके प्लांट के पीछे पिछले कई महीनों से कुछ स्थानीय लोगों द्वारा समय-समय पर अवैध खनन किया जा रहा है। यह स्थान पहले जमुना नामक प्लांट के नाम से संचालित था, जो फिलहाल वहां से हटाया जा चुका है। अवैध खनन के कारण आस-पास की भूमि में कटाव होने का खतरा बना हुआ है। शिकायत मिलने पर विभाग की टीम ने 8 मार्च 2026 को शाम करीब 6 बजे मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोई व्यक्ति या वाहन खनन करते हुए नहीं मिला, लेकिन स्थल पर वाहनों के निशान पाए गए और मौके के फोटोग्राफ लिए गए। स्थानीय पूछताछ में पता चला कि उक्त भूमि नवनीत कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह सैनी निवासी मुजाहिदवाला, तहसील प्रतापनगर की है तथा उसी द्वारा अवैध खनन करवाया गया है। मौके पर लगभग 200 फीट लंबाई, 80 फीट चौड़ाई और 15 फीट गहराई तक खनन पाया गया, जिससे करीब 9600 मीट्रिक टन बोल्डर, ग्रैवल व रेत का अवैध खनन होने का अनुमान है। इस पर करीब 35 लाख रुपये की रॉयल्टी, पेनल्टी और जुर्माना राशि बनती है। अधिकारी ने बताया कि मौके पर जीपीएस रीडिंग सहित फोटोग्राफ लिए गए और विभागीय रिकॉर्ड के लिए प्रिंट आउट भी निकाले गए। विभाग ने अवैध खनन करवाने वाले जमीन मालिक, इसमें संलिप्त वाहनों और अवैध खनिज खरीदने वाले स्थानीय स्क्रीनिंग प्लांटों व स्टोन क्रेशरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की सिफारिश की है। उन्होंने बताया कि 7 मार्च से 11 मार्च 2026 तक संयुक्त चेकिंग अभियान के दौरान बीर टापू में 3, बेलगढ़ में 1, बीबीपुर में 1 और बल्लेवाला में 1 एफआईआर दर्ज की गई। इसके अलावा बिना ई-रवाना बिल के 12 वाहनों को जब्त किया गया है। साथ ही 11 स्टोन क्रेशर व स्क्रीनिंग प्लांटों को नोटिस जारी किए गए हैं तथा ओवरलोड वाहनों के चालान कर 5 लाख 95 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूला गया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन उपायुक्त प्रीति के मार्गदर्शन में अवैध खनन रोकने के लिए निरंतर प्रयासरत एवं प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यदि खनन गतिविधियों को निर्धारित मानदंडों के अनुरूप क्रियान्वयित नहीं किया जाता है तो इस प्रकार की कार्यवाही भविष्य में भी जारी रहेगी और जिला प्रशासन क्षेत्र में अवैध खनन को रोकने में पूरी तत्परता से कार्य करेगा।

# राजस्व कार्यों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं, लंबित कार्यों का जल्द हो निपटान : विश्राम कुमार मीणा

**लाडवा, 12 मार्च ( रामगोपाल गुप्ता ) :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व विभाग से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि व्यवस्थित व पारदर्शिता के साथ आमजन को राजस्व सेवाएं मुहैया कराना विभाग का दायित्व है, जिसे बखूबी निभाया जाए। इतना ही नहीं कार्यालयों में आने वाले नागरिकों को पारदर्शी और सरल सेवाएं उपलब्ध करवाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने वीरवार को एसडीएम कार्यालय लाडवा, तहसील कार्यालय लाडवा का निरीक्षण कर विभिन्न कार्यालयों की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने तहसील के निरीक्षण के दौरान पेपरलेस रजिस्ट्रेशन, हेल्प डेस्क, राजस्व कोर्ट तथा ई-दिशा केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सेवाओं की समीक्षा की। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान कार्यालयों परिसर की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया और साफ-सफाई सहित मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने विभिन्न शाखाओं में चल रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए संबंधित रजिस्टरों और अभिलेखों की स्थिति की समीक्षा की।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार राजस्व कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को जनसेवा की भावना के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि आमजन को समय पर और बिना किसी परेशानी के सेवाएं मिलें।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेंडिंग म्यूटेशन, इंतकाल और गिरदावरी के मामलों को बिना विलंब ऑनलाइन किया जाए और प्रत्येक प्रकरण का समय पर निपटान सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने राजस्व कार्यालय में मौजूद नागरिकों से भी बातचीत कर राजस्व सेवाओं को लेकर फीडबैक लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाया जाए।

उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस अवसर पर एसडीएम अनुभव मेहता, तहसीलदार नवम धनिया, नायब तहसीलदार बलकार सिंह, बीडीपीओ विनोद कुमार सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# ब्रह्माकुमारीज द्वारा बाबैन अनाज मंड़ी मे स्नेह मिलन कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**बाबैन, 12 मार्च ( राजेश कुमार ) :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय वरदानी भवन, बाबैन की ओर से अनाज मंडी, मे एक स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में अनाज मंडी के प्रधान जगदीश ढींगड़ा, पूर्व प्रधान लाभ सिंह अंटाल, मार्कीट कमेटी के सचिव गुरमीत सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि जगदीश ढींगड़ा तथा पूर्व प्रधान लाभ सिंह अटाल , राकेश सैनी, कौशल सैनी, सुरमुख सिंह घिसरपड़ी व अन्य सम्मानित भाइयों ने लाडवा से पधारी आदरणीय राजयोगिनी बी.के. ज्योति दीदी जी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर यमुनानगर से बी.के. प्रदीप गोयल जी ने भी अपने प्रेरणादायक विचार रखे। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता राजयोगिनी बी.के. ज्योति दीदी ने स्नेह मिलन के अवसर पर संस्था का सुंदर परिचय देते हुए आत्मा और परमात्मा के दिव्य ज्ञान पर प्रकाश डाला। उनके मधुर और प्रेरणादायक वचनों से पूरा वातावरण आध्यात्मिकता और शांति से भर गया। इसके पश्चात बी.के. अंजू बहन ने दुआएं दो दुआएं लो विषय पर सुंदर राजयोग मेडिटेशन कमेंट्री कराते हुए उपस्थित सभी को गहन शांति की अनुभूति कराई। इस अवसर पर भारी संख्यां मे भाई-बहनों ने उपस्थित होकर आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ लिया। वातावरण पूरी तरह से रूहानियत और शांति से ओतप्रोत हो गया। इस अवसर पर बी के ज्योति दीदी ने मुख्य अतिथियों को ईश्वरीय स्मृति स्वरूप शाल ओढ़ाकर व परमात्मा शिव का चित्र भेंट कर तथा ईश्वरीय प्रसाद देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर लाडवा से बी.के. बुधराम, निर्मल , सुरेश कुमार, सुनील कुमार ,धर्मपाल, सुरेश मथाना, सुरमख सिंह, रघबीर सिंह, जगमोहन, सतपाल, सुनील कुमार,जगपाल,प्रवीण,जोनी चहल, जय किशन हरकेश सैनी, कौशल सैनी, कृष्ण सैनी, कृष्ण गोयल, अंजु, अंजली रश्मि, अनिल, सुमन, संतोष उर्मिल, रूकमण, शालिनी, रूमालो, चरणो, आसपास के गांवों से भी अनेक भाई-बहन उपस्थित रहे।

# गढ़कलेवा में हुआ दीदी सम्मान समारोह आयोजित

**कोरबा, 12 मार्च ( निस ) :** विश्व महिला दिवस के अवसर पर कोरबा जिले के कटघोरा में महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गढ़कलेवा परिसर में श्रिया महिला स्व-सहायता समूह के तत्वावधान में आयोजित दीदी सम्मान समारोह में गढ़कलेवा से जुड़ी महिलाओं के साथ-साथ अन्य स्व-सहायता समूहों की करीब 200 महिलाओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के योगदान को सराहना देना और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

इस अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों बालको, कोरबा, पाली, कटघोरा और पोढ़ी-उपरोड़ा से बिहान योजना से जुड़ी स्व-सहायता समूहों की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम में कटघोरा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राज जायसवाल, उपाध्यक्ष लालबाबू ठाकुर, नगर पंचायत छुरी की अध्यक्ष पद्मिनी प्रीतम देवांगन, कटघोरा नगर पालिका परिषद के सीएमओ मुद्रिका प्रसाद तिवारी, जनपद पंचायत कटघोरा के सीईओ यशपाल सिंह तथा सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र बहादुर सिंह पैकरा सहित क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान अतिथियों ने गढ़ कलेवा संचालन से जुड़ी महिलाओं को प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी दर्ज करा रही हैं और समाज के विकास में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

कटघोरा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राज जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की मेहनत और लगन से समाज में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के बिना समाज की प्रगति संभव नहीं है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग ने यह भी बताया कि गढ़ कलेवा केंद्र के माध्यम से स्व-सहायता समूह की महिलाएं न केवल लोगों को भोजन और जलपान की सुविधा प्रदान कर रही हैं, बल्कि इससे उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी मिल रहा है। यह पहल स्थानीय महिलाओं के लिए रोजगार और सम्मान दोनों का माध्यम बन रही है।

सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र बहादुर सिंह पैकरा ने अपने उद्बोधन में महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि आज नारी शक्ति प्रशासनिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही है। उन्होंने महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व से समाज और शासन व्यवस्था दोनों मजबूत हो रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के आत्म सम्मान, स्वावलंबन और समाज में उनकी भूमिका को लेकर प्रेरणादायक विचार साझा किए गए। अंत में गढ़ कलेवा की संचालिका और श्रिया महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष नीलम सोनी ने सभी अतिथियों और उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें विश्व महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि महिलाओं की एकजुटता और मेहनत ही समाज को नई दिशा दे सकती है।

# चाय से रोटी तक महंगी दाल मखनी-कबाब बंद

**नई दिल्ली, 12 मार्च ( निस ) :** गैस संकट का असर राजधानी के होटलों पर देखने को मिल रहा है। होटल ईंधन बचाने के लिए कई तरह के बदलाव कर रहे हैं। खासतौर पर धीमी आंच पर पकाने वाले पकवान जैसे कबाब और दाल मखनी को मेन्यू से अस्थायी रूप से हटा दिया गया ईरान और इजरायल-अमेरिका युद्ध की वजह से उपजे गैस संकट का असर राजधानी के होटलों पर देखने को मिल रहा है। होटल ईंधन बचाने के लिए कई तरह के बदलाव कर रहे हैं। खासतौर पर धीमी आंच पर पकाने वाले पकवान जैसे कबाब और दाल मखनी को मेन्यू से अस्थायी रूप से हटा दिया गया है। वहीं, अधिकतर होटल-ढाबों में खाना-पीना महंगा हो चुका है। लागत में इजाफे की वजह से ग्राहकों को चाय से रोटी तक के लिए अधिक कीमत देनी पड़ रही है। दाल मखनी और गलौटी कबाब जैसी डिशेज जिन्हें 8 से 12 घंटे तक धीमी आंच पर पकाना पड़ता है, उन्हें कई रेस्तरां ने अस्थायी रूप से अनुपलब्ध कर दिया है। गैस आधारित तंदूरों का उपयोग सीमित कर दिया गया है। कई होटलों में अब केवल पीक ऑवर्स ( रात 8 से 11 बजे ) में ही तंदूरी डिशेज परोसी जा रही हैं। होटलों ने अपने 10-15 पन्नों के विस्तृत मेन्यू को छोटा करके 2-3 पन्नों का लिमिटेड मेन्यू कर दिया है। फोकस उन डिशेज पर है जो स्टीमिंग तकनीक से जल्दी बन जाती हैं, क्योंकि इनमें गैस की खपत कम होती है। कई प्रीमियम डाइनिंग आउटलेट्स अब कोल्ड ऐपेटाइज़र सलाद और सैंडविच जैसी चीजों को प्रमोट कर रहे हैं जिन्हें पकाने की आवश्यकता नहीं होती। इससे उनकी गैस की निर्भरता कम हो रही है। बड़े होटलों ने भारी कमर्शियल इंडक्शन प्लेट्स, एयर फ्रायर्स और इलेक्ट्रिक ओवन का इस्तेमाल 40 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। हालांकि, इससे बिजली के बिल में बढ़ोतरी हो रही है, लेकिन गैस की अनिश्चितता से बचने का यह एकमात्र तरीका बचा है। इससे उनका ब्रांड का नाम कायम रहेगा। होटलों में लाइव कुकिंग काउंटर (जहां शेफ सामने खाना बनाते थे) ग्राहकों के आकर्षण का केंद्र होते थे, उन्हें फिलहाल बंद कर दिया है क्योंकि वहां गैस की बर्बादी अधिक होती है। यह वर्ग स्ट्रीट फूड संस्कृति का आधार है। इन्हें रोजाना नकद में सिलेंडर लेना पड़ता है। आपूर्ति कम होने से वेंडर्स छोटे दुकानदारों के बजाय बड़े होटलों को प्राथमिकता दे रहे हैं। सिलेंडर न मिलने पर कई रेहड़ी वाले अवैध रिफिलिंग ( छोटे5 किलो के अवैध सिलेंडर) का सहारा ले रहे हैं। गैस की कीमत बढ़ने से रोज़ाना की बचत में 200 रूपये- 400 रूपये की कमी आई है।

# 6 साल पहले गिरफ्तार शाहरुख पठान जेल में ही रहेगा

**नई दिल्ली, 12 मार्च ( निस ) :** दिल्ली दंगों के आरोपी शाहरुख पठान को फिलहाल जेल में ही रहना होगा। कड़कड़डूमा अदालत ने उसकी जमानत याचिका को ठुकरा दिया है। पुलिसकर्मी पर पिस्तौल ताने हुए तस्वीर वायरल होने के बाद मार्च 2020 में उसे गिरफ्तार किया गया था।

दिल्ली दंगों के आरोपी शाहरुख पठान को फिलहाल जेल में ही रहना होगा। कड़कड़डूमा अदालत ने उसकी जमानत याचिका को ठुकरा दिया है। पुलिसकर्मी पर पिस्तौल ताने हुए तस्वीर वायरल होने के बाद मार्च 2020 में उसे गिरफ्तार किया गया था।

शाहरुख के खिलाफ फरवरी 2020 में जाफराबाद पुलिस थाने में केस दर्ज किया गया था। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक लोग घायल हुए थे।

क्षेत्र में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के खिलाफ व्यापक विरोध-प्रदर्शनों के दौरान हिंसा भड़क उठी थी। दंगा भड़काने के आरोप में गिरफ्तार कई लोगों में शाहरुख पठान भी एक प्रमुख चेहरा था।

इसी साल जनवरी में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली दंगों की साजिश से जुड़े मामले के आरोपियों उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार करते हुए 5 अन्य को राहत दे दी थी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन. वी. अंजारिया की पीठ ने कहा था कि खालिद और इमाम के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां ( रोकथाम ) अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्रथम दृष्टया मामला बनता है। ये दोनों जेल में रहेंगे लेकिन अन्य आरोपियों गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद को जमानत दी गई है।

पीठ ने कहा था दोष के मामले में सभी याचिकाकर्ता समान पायदान पर नहीं हैं।

अभियोजन पक्ष के मामले से उभरे सहभागिता के स्तर के क्रम के मद्देनजर न्यायालय को प्रत्येक याचिका की अलग-अलग समीक्षा करने की आवश्यकता है।

# दिल्ली में 2 बंगलादेशी नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 12 मार्च ( निस ) :** दिल्ली पुलिस ने देश में कथित तौर पर गैर-कानूनी तरीके से रह रहे बंगलादेश के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने गुरुवार को बताया कि आरोपियों को जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन के पास से पकड़ा गया। दिल्ली पुलिस ने देश में कथित तौर पर गैर-कानूनी तरीके से रह रहे बंगलादेश के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने गुरुवार को बताया कि आरोपियों को जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन के पास से पकड़ा गया। इनकी पहचान दीसू कुमार पाल और रमा बेगम के रूप में हुई है। वे बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रह रहे थे। पुलिस ने उनके पास से दो स्मार्टफोन और छह बांग्लादेशी पहचान पत्र बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरोपी पहले भी गैर-कानूनी तरीके से भारत में आए थे और उन्हें पहले उत्तराखंड से वापस भेजा गया गया था। हालांकि, वे देश में फिर से घुसने में कामयाब रहे और फिर से गैर-कानूनी कामों में शामिल हो गए। पुलिस ने बताया कि दोनों कथित तौर पर अवैध गतिविधियों का हिस्सा थे और लोगों को भारत में गैर-कानूनी तरीके से रहने में मदद कर रहे थे। दोनों के खिलाफ विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के नियमों के तहत कार्रवाई की जा रही है, और उन्हें जल्द ही वापस भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यह भी पता चला कि एक स्मार्टफोन में प्रतिबंधित आईएमओ एप्लीकेशन लगा हुआ था, जिसका इस्तेमाल आरोपी कथित तौर पर अपने गैर-कानूनी कामों के लिए करते थे।

# ब्रह्मकुमारीज का ईश्वरीय चेहरा थीं बीके गुलजार दादी

– डॉ श्रीगोपाल नारसन



ब्रह्माकुमारीज संस्था में राजयोगिनी गुल?ार दादी जहां वर्षो तक ईश्वरीय चेहरा रही वही ब्रह्माकुमारीज की मुख्य प्रशासिका के रूप में भी उन्होंने अपनी सेवाएं देंकर संस्था को रूहानियत के शीर्ष तक पहुंचाया।उनका रूहानी नाम हृदय मोहिनी था, जिनको गुल?ार दादी के नाम से भी जाना जाता रहा। वे ब्रह्माकुमारीज अर्थात प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुख्य प्रशासनिक प्रमुख के पद पर अप्रैल सन 2020 से 10 मार्च 2021 तक रही। हालांकि गुल?ार दादी इस संस्था से सन 1936 मे ही संस्था की स्थापना के समय से मात्र 8 वर्ष की आयु में जु? गई थी।वे ओम निवास नामक बोर्डिंग स्कूल के माध्यम से इस संस्था में शामिल हुईं। इस संस्था की स्थापना दादा लेखराज यानि ब्रह्मा बाबा ने बच्चों को आध्यात्मिक एवं चारित्रिक सीख देने के लिए की थी। तब से गुल?ार दादी अपनी शारीरिक आयु 92 पूरे करके शरीर छो?ने तक इस संस्था के प्रति समर्पित रही।गुल?ार दादी जिनका लौकिक नाम शोभा था, का जन्म सन 1929 में अविभाजित भारत के समय हैदराबाद के सिंध शहर में हुआ था। शोभा आठ भाई बहन थे। उनकी माता ने स्वेच्छा से उनको शिवबाबा के यज्ञ में आत्मसमर्पण करा दिया था क्योंकि वे पहले ही चाहतीं थी कि उनका एक बच्चा आध्यात्मिकता की तरफ जाये।भगवान का बच्चा होने के रूहानी नशे से लबरे? शोभा का शुरुआती जीवन बहुत ही आनंद और म? में बीता। उन दिनों मुरली यानि ईश्वरीय वाणी में स्वर्ग के बारे में ही बताया जाता था। यह शिव बाबा की दादा लेखराज यानि ब्रह्मा बाबा द्वारा दी गयी शुरू की रूहानी शिक्षाएँ है। शोभा को वेदों की कोई जानकारी नहीं थी। फिर भी शिव बाबा की ईश्वरीय वाणी सुनकर,वे गहरे ईश्वरीय प्रेम और आध्यात्मिक आनंद अनुभव करने लगी थी।सन 1940 में उन्हें योग के समय सतयुग के दृश्य अनुभव होते थे। ब्रह्मा बाबा और मम्मा को भी यह दृश्य नहीं दिखते थे, परन्तु शोभा सहित कुछ छोटे बच्चों को नए युग के दृश्य दिखाई देने लगे थे। वे जो देखती थी, उसे सभी को बताती थीं। कराची में 1939 से 1950 तक रहने के बाद वे सन 1950 में ब्रह्मा बाबा के साथ माउंट आबू आ गई। तब तक शोभा यानि गुल?ार दादी शारीरिक व आध्यात्मिक तौर पर परिपक्व हो गयीं थी और इसलिए बाबा ने उन्हें सम्पूर्ण भारत में सेवाओं के लिए भेज दिया।दादी गुल?ार द्वारा संस्था के कई सेंटर स्थापित किए गए, जिनमे ?्यादा तर दिल्ली के आस-पास थे। वे मम्मा की सेवाएँ सम्भालतीं थीं और ब्रह्मा बाबा मधुबन के कार्यों की देख-रेख करते थे। यहां दादी गुल?ार आध्यात्मिक सेवाएँ देतीं थीं।सन 1960 में वैज्ञानिक उपकरणों की मदद से रूहानी सेवाएँ सम्पूर्ण भारत में फैल गईं। टेलीफोन द्वारा, ब्रह्माबाबा दादी गुल?ार सहित सभी बच्चों से बात करते थे और ?रूरी निर्देश देते थे। पत्र लिखना भी जारी रहा।दादी गुल?ार ने अपना अधिकांश समय बम्बई और दिल्ली की सेवाओ में बिताया। सभी गुलजार दादी को उनकी मधुरता और प्रेम के लिए बहुत मानते थे।

यहां तक की बाबा ने अपनी मुरलियों में भी कहा है की दिल्ली क्षेत्र में दादी गुलजार बहुत सेवारत रही।गुलजार दादी ने ऑस्ट्रेलिया, जापान, न्यू?ीलैंड, फिलीपींस, हॉन्ग कॉन्ग, सिंगापुर, मलेशिया, इंडोनेशिया, श्रीलंका, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रा?ील, मेक्सिको, केनेडा, इंग्लैंड, जर्मनी, फ्रांस, हॉलैंड, पोलैंड, अफ्रीका आदि समेत कई पूर्व व पश्चिम देशों का दौरा कर वहां आध्यात्मिकता की खुशबू फैलाई। उन्होंने आध्यात्मिकता, फिलॉसफी, राजयोग, आर्ट ऑफ लिविंग आदि विषयों मे निपुणता के साथ कई व्याख्यान विदेशों में दिए। वह विचारों मे स्पष्ट, अनुभवों की धनी व बोल मे सादगी का गुण रखती थी, जिस कारण अनेकों ने उनके द्वारा परमात्मा का संदेश पाया।



ब्रह्मा बाबा 18 जनवरी, 1969 को अव्यक्त हुए तो वे दादी गुल?ार के माध्यम से रूहानी बच्चों से मिलने लगे और मुरली सुनाने का माध्यम भी वे ही बनीं। 1969 से 2015 तक गुलजार दादी ने लगातार ब्रह्माकुमारीज सेवाकेन्द्रों का भ्रमण किया व संगमयुग की पावन वेला मे स्व-परिवर्तन पर व्याख्यान दिए।गुलजार दादी वी.आई.पी के सम्मेलनो में शिवबाबा का संदेश अति सरल मगर दिल को छू जाने वाले शब्दों में देतीं थीं। उनका सरल ,भोलापन व सबसे स्नेह रखने वाला स्वभाव ही मुख्य आकर्षण का केंद्र था। उन्होंने सन 2007 से मुख्यत: मधुबन अर्थात माउंट आबू या फिर दिल्ली सेवाकेंद्र पर रहकर सेवा का पार्ट बजाया,11 मार्च 2021 को दादी हृदय मोहिनी यानि गुलजार दादी के शरीर छोड़ने के बाद वर्तमान में दादी रतन मोहिनी जी को ब्रह्माकुमारी संस्था की मुख्य प्रशासिका का दायित्व संभाल रही है। जिस दिन उन्होंने अपने शरीर का त्याग किया उस दिन पवित्र महाशिवरात्रि का पवित्र अवसर था। जो उनकी स्मृति को हमेशा हमेशा के लिए यादगार बना गया।

# बेड के नीचे सामान रखने से बढ़ती है नकारात्मकता

बेडरूम ऐसी जगह मानी जाती है जहां व्यक्ति दिनभर की थकान के बाद आराम करता है, इसलिए यहां की व्यवस्था और वस्तुओं का सही स्थान बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। यदि बेड या उसके आसपास कुछ चीजों को गलत तरीके से रखा जाता है तो इससे नकारात्मक ऊर्जा बढ़ने की संभावना रहती है, जिसका असर मानसिक शांति और जीवन की संतुलित स्थिति पर पड़ सकता है। कई लोग कमरे को व्यवस्थित दिखाने के लिए बेड के नीचे अलग-अलग सामान रख देते हैं, लेकिन वास्तु शास्त्र में इसे उचित नहीं माना गया है। माना जाता है कि बेड के नीचे ज्यादा सामान रखने से ऊर्जा का प्रवाह प्रभावित होता है। खासतौर पर लोहे से बनी वस्तुओं को बेड के नीचे रखने से बचना चाहिए। ऐसी वस्तुएं जो लंबे समय तक उपयोग में नहीं आतीं, उन्हें बेड के नीचे जमा कर देने से वातावरण में नकारात्मकता बढ़ सकती है।



झाड़ू को भी बेड के नीचे रखना उचित नहीं माना जाता है। वास्तु मान्यताओं के अनुसार इससे घर के वातावरण और स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए झाड़ू को हमेशा निर्धारित स्थान पर ही रखना बेहतर माना जाता है।

इसी तरह सोने-चांदी के आभूषण भी बेड के नीचे नहीं रखने चाहिए। वास्तु शास्त्र में इसे शुभ नहीं माना जाता और ऐसा करने से आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की मान्यता है।

अक्सर लोग पढ़ते-पढ़ते किताबें या अन्य चीजें बेड पर ही छोड़ देते हैं, लेकिन वास्तु के अनुसार ऐसा करना उचित नहीं माना जाता। बेड को हमेशा साफ और व्यवस्थित रखना चाहिए। माना जाता है कि बेड पर अनावश्यक वस्तुएं छोड़ने से मानसिक अशांति और नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ सकता है।

सोने वाले स्थान के आसपास भी कुछ चीजों को रखने से बचना चाहिए। जूते-चप्पल को बेड के पास रखना वास्तु की दृष्टि से सही नहीं माना जाता। इन्हें हमेशा कमरे के निर्धारित स्थान पर ही रखना बेहतर होता है।

इसी तरह कई लोग रात में सुविधा के लिए पानी की बोतल बेड के बिल्कुल पास रख लेते हैं, लेकिन वास्तु शास्त्र के अनुसार इसे थोड़ी दूरी पर रखना अधिक उचित माना जाता है। इसके अलावा घड़ी, लैपटॉप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को भी बेड पर या उसके आसपास छोड़ना सही नहीं माना जाता, क्योंकि इससे विश्राम के वातावरण पर असर पड़ सकता है।

वास्तु शास्त्र में बेडरूम और उसमें रखे बेड की दिशा को भी महत्वपूर्ण माना गया है। मान्यता है कि यदि बेड सही दिशा में रखा हो तो घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बेहतर बना रहता है। वास्तु नियमों के अनुसार बेडरूम का स्थान उत्तर-पश्चिम या दक्षिण-पश्चिम दिशा में होना शुभ माना जाता है। वहीं बेड को इस प्रकार रखना उचित माना जाता है कि सोते समय सिर की दिशा दक्षिण या पूर्व की ओर हो।

# उत्तराखंड के इस प्राचीन काली मंदिर की है अपनी अलग पहचान

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में पर्वतों के बीच कालापानी का प्राचीन काली मंदिर बना हुआ है। कहा जाता है कि यहीं से काली नदी की शुरुआत होती है। लोगों की मान्यता है कि मंदिर के पास बहने वाली एक छोटी सी पवित्र धारा ही आगे चलकर काली नदी का रूप ले लेती है। यही काली नदी आगे जाकर भारत और नेपाल के बीच प्राकृतिक सीमा भी बनाती है। मंदिर परिसर में बहते इस जल को लोग देवी काली का आशीर्वाद मानते हैं और श्रद्धा के साथ इसे अपने साथ ले जाते हैं। कालापानी का यह काली मंदिर आदि कैलाश और ओम पर्वत की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक अहम पड़ाव भी है। जो भी यात्री इस दुर्गम और दिव्य यात्रा पर निकलते हैं, वे यहां रुककर माता काली के दर्शन जरूर करते हैं और आगे की यात्रा के लिए आशीर्वाद लेते हैं। चारों तरफ फैली बर्फ से ढकी हिमालय की चोटियां, ठंडी हवाएं और शांत वातावरण इस जगह को और भी विशेष बना देते हैं। मंदिर के पास ही व्यास गुफा भी स्थित है।मान्यता है कि महान ऋषि वेद व्यास ने इसी गुफा में बैठकर कठोर तपस्या की थी और यहीं से उन्होंने ज्ञान की अलौकिक रोशनी से मानवता को मार्ग दिखाया। इसी कारण यह स्थान सिर्फ एक मंदिर नहीं, बल्कि एक पवित्र तपोभूमि भी माना जाता है। मान्यता है कि यह जगह पांडवों की कथाओं से भी जुड़ी हुई है। माना जाता है कि अपने वनवास के दौरान पांडवों ने इस क्षेत्र में कुछ समय बिताया था। आसपास के कई स्थानों के नाम जैसे भीम शिला और युधिष्ठिर मार्ग इन्हीं कथाओं से जुड़े बताए जाते हैं। इस क्षेत्र में रहने वाला भोटिया समुदाय काली माता को अपना रक्षक देवता मानता है। उनका विश्वास है कि माता काली इस पूरी घाटी की रक्षा करती हैं और सच्चे मन से आने वाले यात्रियों की यात्रा सुरक्षित बनाती हैं।हालांकि कालापानी तक पहुंचना आसान नहीं है। यात्रियों को धारचूला से कठिन पहाड़ी रास्तों से गुजरना पड़ता है।



# भारतीय ज्ञान परंपरा में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान

– संजय गोस्वामी

वैदिक काल (लगभग 1700-900 ई.पू.) से भारत में शिक्षा की शुरुआत मान सकते हैं। 'वैदिक शिक्षा' शब्द का प्रयोग इस अवधि में प्रयुक्त शिक्षण पद्धति के अर्थ में किया जाता है। एक व्यापक अर्थ में इस शब्द का प्रयोग उस शिक्षा पद्धति के लिए किया जाता है जो पूर्व वैदिक काल में प्रारंभ हुई और लगभग 550 ई. (गुप्त साम्राज्य के पतन तक) विकसित होती रही। इसे 'ब्राह्मण शिक्षा-पद्धति', 'शिक्षा की हिंदू प्रणाली' और शिक्षा की 'गुरुकुल प्रणाली' भी कहा जाता है। भारतवर्ष मैं रहने वाली सर्वप्रथम जाति आर्य थी और वैदिक संस्कृति आर्यों की अपनी संस्कृति थी 7 वैदिक-संस्कृति सत्य, सनातन है और वेद को अनादि अथवा ईश्वरीय माना गया है, क्योंकि मनुष्य और उसकी सभ्यता के बारे में सबसे प्राचीन इतिहास भी इसी संस्कृति की देन है 7 जिसमें ऋषियों द्वारा मानव समाज को ब्यवस्थित तरीके से चलाने के लिये मर्यादित आचरण की ब्यवस्था दी गयी 7वैदिक शिक्षा-प्रणाली की ख़ास विशेषता थी गुरुकुल [ शाब्दिक अर्थ शिक्षक का घर ' ] की प्रणाली। छात्रों को शिक्षा के पूरे काल के लिए शिक्षक और उनके परिवार के साथ रहना आवश्यक था। कुछ गुरुकुल एकांत वन-क्षेत्रों में होते थे, लेकिन सिद्धांत एक ही था विद्यार्थियों को गुरु (शिक्षक) / गुरु और उनके परिवार के साथ रहना होता था। यह प्रणाली लगभग 2500 वर्षों तक यथावत चलती रही। पाठशालाओं तथा शिक्षण संस्थाओं का विकास बहुत बाद में हुआ शिक्षा के उद्देश्य का पहला उल्लेख ऋग्वेद के 10 वें मंडल में पाया जाता है। इस मंडल के एक सूक्त में कहा गया है कि विद्या का उद्देश्य वेदों तथा कर्मकांड के ज्ञान के अतिरिक्त समाज में सम्मान प्राप्त करना, सभा-समिति में बोलने में सक्षम होना, उचित-अनुचित का बोध आदि है। इससे प्रतीत होता है की पूर्व वैदिक युग में शिक्षा के उद्देश्य व्यावहारिक थे। बाद में, उपनिषद काल में, ज्ञान का उद्देश्य अधिक सूक्ष्म हो गया। विद्या को दो भागों में बांटा गया ङ्क परा विद्या और अपरा विद्या। अपरा विद्या में प्राय: समस्त पुस्तकीय तथा व्यावहारिक ज्ञान आ गया। केवल ब्रह्म विद्या को परा विद्या माना गया। परा विद्या श्रेष्ठ मानी गई क्योंकि उससे मोक्ष प्राप्त होता है। मोक्ष शिक्षा का अंतिम उद्देश्य हो गया। लेकिन यह लक्ष्य आदर्श ही रहा होगा, न की व्यावहारिक, क्योंकि मोक्ष सभी के लिए साध्य नहीं हो सकता। इतिहासकार ए.एस.अल्तेकर ने वैदिक शिक्षा के व्यावहारिक उद्देश्य बताये हैं जो निम्नलिखित हैं।



**1 ) चरित्र निर्माण--**

सत्यवादिता , संयम , व्यक्तिगत शील , सफाई , शांत स्वभाव और उदारता आदि अच्छे चरित्र के गुण किसी भी पेशे ङ्क पुरोहित , शिक्षक , चिकित्सक , राजसेवक, व्यापारी या सैनिक - के लिए बुनियादी आवश्यकता के रूप में प्राचीन ग्रंथों में निर्धारित किये गए हैं। शिक्षा का उद्देश्य इन गुणों का विकास करना था। मनुस्मृति में कहा गया है कि निर्मल चरित्र का ब्राह्मण सभी वेदों का ज्ञान रखने वाले दुश्चरित्र ब्राह्मण से अच्छा होता है। शिक्षा आरम्भ करने के पूर्व उपनयन संस्कार होता था जिसमें भावी विद्यार्थी को नैतिक आचरण के नियमों का पालन करने का उपदेश दिया जाता था। इसी तरह शिक्षा के समापन पर भी गुरु उपदेश देता था। उदाहरण के लिए तैत्तिरीय उपनिषद से दीक्षांत भाषण एक अंश उद्धृत है -

सच बोलो, धर्म का आचरण करो, वेदों का प्रतिदिन अभ्यास करो, माता पिता को देवतुल्य समझो, गुरु को देवतुल्य समझो। अतिथि को देवतुल्य समझो।

2) व्यक्तित्व का विकास-

प्रत्येक शिक्षार्थी को आत्मनिर्भरता , आत्म - संयम और जीवन में वर्ण और आश्रम के अनुरूप आचरण करने का कौशल सिखाया जाता था। विद्यार्थी भिक्षा मांगकर और शारीरिक श्रम करके अपना और गुरु के परिवार का भरण-पोषण करते थे। इससे आत्म-निर्भरता उत्पन्न होती थी। संयम विद्यार्थी-जीवन ही नहीं समस्त जीवन का अनिवार्य अंग था और शिक्षा जीवन में इस पर बहुत बल दिया जाता था। अपने वर्ण से सम्बंधित कार्य कुशल ढंग से कर पाने की सामर्थ्य शिक्षा द्वारा दी जाती थी। साथ ही यह भी सिखाया जाता था कि विभिन्न आश्रमों [गृहस्थ, वानप्रस्थ, संन्यास] में किस तरह आचरण करना होगा। अथर्ववेद के ब्रह्मचर्य सूक्त में कहा गया है की गुरु, शिक्षार्थी को दुबारा जन्म देता है, अर्थात उसका मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक कायाकल्प कर देता है।

# भगवान राम ही परब्रह्म हैं अविनाशी हैं

– संजय गोस्वामी



जो नित्य, अविनाशी, आदि पुरुष, परब्रह्म राम है वे ही हृदय में रहते हैं। प्रकट करने के लिए स्वयं को प्रयास करना होगा। दूसरे का इसमें कोई रोल नहीं है। अपका स्वरूप परमचेतन ब्रह्म है, उनसे प्रत्यक्ष होना स्वयं पर निर्भर है। उसको राम नहीं सत्य नाम कह कर सम्बोधित किया गया है आर्ष ग्रंथों में ऋषियों द्वारा और बाद के संतों ने भी अपनी शब्दों में सत्य नाम का वर्णन किया है यह जो उल्टा नाम जपे जग जाना यह कोई व्यक्ति विशेष का नाम नहीं यह नाम राम ही प्रभु को ही नाम कहा है उसी का सुमिरन सुरती को उलट कर संत अपने आत्मा में अनुभव करते हैं यह साधना का विषय है अनुभव का विषय है जीव सनातन ईश्वर का अंश है उसी प्रकृति के कारण सदैव आनन्द की तलास में रहता है। इस प्रकिया में कभी स्त्री पुत्र से तो कभी धन सम्पत्ति से तो कभी स्वादिष्ट पदार्थों से सदैव आनन्द प्राप्त करने में सतत् लगा रहता है, परंतु उपरोक्त सभी आनन्द क्षणिक होते हैं। और नये आनन्द के प्रयास में लग जाता है। जीवन के आखिरी क्षण तक सतत् यही प्रयास चलता रहता है। वास्तव में पदार्थों में आनन्द है ही नहीं केवल आनन्दका आभास है, वह उसे भोगने के बाद मिट जाता है। इसलिए जो आत्मानन्द जो स्वयं का स्वरूप है, जबतक इसमें स्थित नहीं होंगे तबतक पूर्ण आनन्द नहीं मिलेगा। अर्जुन के मनमें ऐसी धारणा हुई कि कुटुम्बियोंको मारना, और सो भी राज्यके लिये, बहुत ही निन्दनीय अधर्म है। महाभारत में अर्जुन साधारण पुरुषों के समान वह यह सोच रहा था कि इस युद्ध में 'मैं मारनेवाला हूँ और ये सब मरनेवाले है। यह सोचकर वह युद्धसे उपरत हो गया। तब मैने रणभूमिमें बहुत -सी युक्तियाँ देकर वीरशिरोमणि अर्जुनको समझाया था। उस समय अर्जुनने भी मुझसे यही प्रश्न किया था, जो तुम कर रहे हो। उद्धवजी! मैं समस्त प्राणियोंका आत्मा, हितैषी, सुहृद् और ईश्वर—नियामक हूँ। मैं ही इन समस्त प्राणियों और पदार्थोंके रूपमें हूँ और इनकी उत्पत्ति, स्थिति एवं प्रलयका कारण भी हूँ। गतिशील पदार्थोंमें मैं गति हूँ। अपने अधीन करनेवालोंमें मैं काल हूँ। गुणोंमें मै उनकी मूलस्वरूपा साम्यावस्था हूँ और जितनेभी गुणवान् पदार्थ हैं, उनमें उनका स्वाभाविक गुण हूँ। गुणयुक्त वस्तुओंमें मैं क्रिया-शक्ति-प्रधान प्रथम कार्य सूत्रात्मा हूँ और महानोंमें ज्ञान-शक्ति प्रधान प्रथम कार्य महत्तत्व हूं। सूक्ष्म वस्तुओंमें मैं जीव हूँ और कठिनाईसे वशमें होनेवालों में मन हूँ।मैं वेदोंका अभिव्यक्ति स्थान हिरण्यगर्भ हूँ और मन्त्रोंमें तीन मात्राओं (अ+उ+म) वाला ओंकार हूँ। मैं अक्षरोंमें अकार, छन्दोंमें त्रिपदा गायत्री हूँ। समस्त देवताओंमें इन्द्र, आठ वसुओंमें अग्नि, द्वादश आदित्योंमें विष्णु और एकादश रुद्रोंमें नीललोहित नामका रुद्र हूँ। मैं ब्रह्मर्षियोंमें भृगु, राजर्षियोंमें मनु, देवर्षियोंमें नारद और गौओंमें कामधेनु हूँ। मैं सिद्धेश्वरोंमें कपिल, पक्षियोंमें गरुड़, प्रजापतियोंमें दक्ष प्रजापति और पितरोंमें अर्यमा हूँ। प्रिय उद्धव! मैं दैत्योंमें दैत्यराज प्रह्लाद, नक्षत्रोंमें चन्द्रमा, ओषधियोंमें सोमरस एवं यक्ष-राक्षसोंमें कुबेर हूं—ऐसा समझो। मैं गजराजोंमें ऐरावत, जल निवासियोंमें उनका प्रभु वरुण, तपने और चमकने वालोंमें सूर्य तथा मनुष्योंमें राजा हूँ। मैं घोड़ोंमें उच्चै:श्रवा, धातुओंमें सोना, दण्डधारियोंमें यम और सर्पोंमें वासुकि हूँ। निष्पाप उद्धवजी! मैं नागराजोंमें शेषनाग, सींग और दाढ़वाले प्राणियोंमें उनका राजा सिंह, आश्रमोंमें संन्यास और वर्णोंमें ब्राह्मण हूँ। मैं तीर्थ और नदियोंमें गंगा, जलाशयोंमें समुद्र, अस्त्र-शस्त्रों में धनुष तथा धनुर्धरोंमें त्रिपुरारि शंकर हूँ। अर्थात् सभी प्राणियोंके रूप में मैं ही सर्वत्र अनूकरूपों में व्याप्त हूं। मेरे सिवा दूसरा कुछ नहीं, मैं ही मारनेवाला और मैं ही मरनेवाला भी मैं ही हूं। पृथ्वी, वायु, आकाश, जल,तेज, अहंकार, महत्तत्व, पंचमहाभूत, जीव, अव्यक्त, प्रकृति, सत्त्व, रज, तम और उनसे परे रहनेवाला ब्रह्म—ये सब मैं ही हूँ। इन तत्त्वोंकी गणना, लक्षणों द्वारा उनका ज्ञान तथा तत्व ज्ञानरूप उसका फल भी मैं ही हूँ। मैं ही ईश्वर हूँ, मैं ही जीव हूँ, मैं ही गुण हूँ और मैं ही गुणी हूँ। मैं ही सबका आत्मा हूँ और मैं ही सब कुछ हूं। मेरे अतिरिक्त और कोई भी पदार्थ कहीं भी नहीं है। यदि मैं गिनने लगूँतो किसी समय परमाणुओंकी गणना तो कर सकता हूँ, परन्तु अपनी विभूतियोंकी गणना नहीं कर सकता। क्योंकि जब मेरे रचे हुए कोटि-कोटि ब्रह्माण्डोंकी भी गणना नहीं हो सकती, तब मेरी विभूतियोंकी गणना तो हो ही कैसे सकती है। ऐसा समझो कि जिसमें भी तेज, श्री, कीर्ति, ऐश्वर्य, लज्जा, त्याग, सौन्दर्य, सौभाग्य, पराक्रम, तितिक्षा और विज्ञान आदि श्रेष्ठ गुण हो, वह मेरा ही अंश है।जीव सनातन ईश्वर का अंश है उसी प्रकृति के कारण सदैव आनन्द की तलास में रहता है। इस प्रकिया में कभी स्त्री पुत्र से तो कभी धन सम्पत्ति से तो कभी स्वादिष्ट पदार्थों से सदैव आनन्द प्राप्त करने में सतत् लगा रहता है, परंतु उपरोक्त सभी आनन्द क्षणिक होते हैं। और नये आनन्द के प्रयास में लग जाता है। जीवन के आखिरी क्षण तक सतत् यही प्रयास चलता रहता है। वास्तव में पदार्थों में आनन्द है ही नहीं केवल आनन्द का आभास है, वह उसे भोगने के बाद मिट जाता है। इसलिए जो आत्मानन्द जो स्वयं का स्वरूप है, जबतक इसमें स्थित नहीं होंगे तबतक पूर्ण आनन्द नहीं मिलेगा।वो भगवान राम के नाम जपने और मर्यादा के पालन से अच्छे कर्म से मालूम होगा। **( यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है )**

# डेरा बाबा हीरादास व बाबा सुंदरदास जी में साप्ताहिक लंगर श्रद्धालुओं में बांटा गया



फाजिल्का, 12 मार्च (बख्शीश सिंह / जसप्रीत सिंह) फाजिल्का के गांधी नगर स्थानीय डेरा बाबा हीरा दास व बाबा सुंदर दास जी मे सप्ताहिक लंगर श्रद्धालुओं में वितरण गया। जानकारी देते खरैत लाल ने कहा डेरा बाबा हीरा दास बाबा व सुंदर दास जी मे सप्ताहिक के हर मंगलवार को शाम 7 बजे भक्तों के सहयोग से श्रद्धालुओं में लंगर विरतण किया जाता है, जो बीते मंगलवार शाम को श्रद्धालुओं में लंगर वितरण किया गया।इस अवसर पर खरैत लाल ने कहा कि गांधी नगर फाजिल्का में यह डेरा प्राचीनों मंदिरों में से एक है ।जहाँ दास पंथ के गुरुओ का आवास है और इस डेरे में माँ दुर्गा ,श्री श्री 1008 धन धन बाबा श्री चंद महाराज जी ,श्री श्री 108 बाबा हीरा दास जी महाराज व बाबा सुंदर दास जी महाराज जी की सुबह शाम पूजा अर्चना की जाती है । इस डेरे में प्राचीन समय का एक शिवलिंग भी है जहाँ शिव परिवार की श्रद्धालुओं द्वारा सुबह शाम पूजा की जाती है । इस मौके पर खैरत वर्मा ने कहा कि इस डेरे जिस भी श्रद्धालुओं ने जो भी मांगा है और उनकी मांगे जल्द पूर्ण हुई है । इस डेरे में धन धन बाबा श्री चंद जी महाराज जी अपार किरपा बनी हुई है । जहाँ श्रद्धालुओं द्वारा हर कार्यक्रम में इस डेरे में पहुंच कर दिल से सेवा की जाती है । इस मौके पर एडवोकेट राज कुमार,संपी डावर, सोनू बैस्ट, रोकी, अभिनव वर्मा, काला शर्मा आदि भक्त मजूद थे।

# फैडरेशन आफ सेल्फ फाइनेंसिंग टैक्नीकल इंस्टीटयूशन्स की जयपुर में 14 मार्च को राष्ट्रीय कार्यशाला, राजस्थान चैप्टर के गठन पर चर्चा





राजपूरा 12 मार्च (राजिंदर सिंह कंबोज)देश भर के तकनीकी शिक्षण संस्थानों के हितों के संरक्षण व उनके जुड़े मुद्दे पर कार्यरत राष्ट्रीय संस्था फेडरेशन ऑफ़ सेल्फ फाइनेंसिंग टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस और द्वारा दिनांक 14 मार्च को जयपुर रेडिसन ब्लू में एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. केवीके राव, सेक्रेट्री, एफएसएफटीआई उपस्थित रहेंगे।आयोजन समिति में आर्य ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस के चेयरमैन डॉ.अरविंद अग्रवाल, सीवॉलेट के फाउंडर विक्रम सिंह कविया, जनसंपर्क विशेषज्ञ विक्रम राठौड़, आरईसीएस सचिव श्रीधर सिंह आयोजन की तैयारी को अंतिम रूप देने में लगे हुए। जिसमें प्रदेश में संचालित सभी तकनीकी शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य निदेशक, जागरूक शिक्षाविद और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले प्रतिनिधिगण सहभागिता निभाएंगे। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, नवाचार तथा संस्थागत सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फेडरेशन ऑफ़ सेल्फ फाइनेंसिंग टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस (एफएसएफटीआई) द्वारा आयोजित इस एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के आयोजन में राजस्थान के स्ववित्तपोषित तकनीकी संस्थानों के प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, प्रबंधकों तथा उच्च शिक्षा विशेषज्ञ भाग लेकर तकनीकी शिक्षा के वर्तमान परिदृश्य और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा करेंगे।कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्ववित्तपोषित तकनीकी संस्थानों के समक्ष आने वाली चुनौतियों, गुणवत्ता उन्नयन, उद्योग-संस्थान सहयोग तथा नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श करना है। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अंशु कटारिया और कार्यशाला आयोजक आर्य ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस जयपुर के अध्यक्ष डॉ.अरविंद अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यशाला में राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी, कोटा और बीकानेर टेक्निकल यूनिवर्सिटी, बीकानेर के संबद्ध महाविद्यालयों सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं को आमंत्रित किया किया गया है।

कार्यक्रम में विभिन्न तकनीकी शिक्षण संस्थान वर्तमान में आ रही समस्याओं, मुद्दों और सुझावों सहित विभिन्न एजेंडों पर आपसी चर्चा करेंगे। इस कार्यशाला में सहभागिता पूर्णतया निःशुल्क रखी गई है। भारत भर के लगभग 10,000 स्व-वित्तपोषित गैर-सहायता प्राप्त तकनीकी कॉलेजों से एक राष्ट्रीय मंच पर एकजुट होने का आह्वान करते हुए एफएसएफटीआई (अखिल भारत) और पीयूसीए के अध्यक्ष डॉ. अंशु कटारिया ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को वैश्विक ज्ञान और तकनीकी शिक्षा केंद्र में बदलने के लिए सामूहिक प्रयास महत्वपूर्ण हैं।

## दिल्ली में सिलेंडर की लाइन में लगी भीड़ आ रहीं कई समस्याएं

नई दिल्ली 12 मार्च (निस) राजधानी दिल्ली में गैस सिलेंडर लेने के लिए आम आदमी लाइनों में खड़ा है। उसे कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन इसके उलट दिल्ली सरकार लगातार कह रही है कि राजधानी में एलपीजी, पीएनजी, डीजल और पेट्रोल खाड़ी देशों में चल रही जंग की आंच भारत की रसोई तक पहुंच गई है। राजधानी दिल्ली में गैस सिलेंडर लेने के लिए आम आदमी लाइनों में खड़ा है। उसे कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन इसके उलट दिल्ली सरकार लगातार कह रही है कि राजधानी में एलपीजी, पीएनजी, डीजल और पेट्रोल की आपूर्ती सामान्य है। गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित होने और बुकिंग प्रक्रिया में बदलाव के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# लवमैरिज करवाने वालों को किया सावधान! पंचायत ने लिया अहम फैसला

टांडा 12 मार्च (निस) नवां गांव के पास स्थित गांव टांडा की पंचायत ने सर्वसम्मति से एक अहम फैसला लिया है। पंचायत के अनुसार यदि गांव का कोई लड़का-लड़की, महिला या पुरुष शादी करने के लिए घर से भाग जाता है, तो उसे गांव में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पंचायत का कहना है कि यह कदम गांव की परंपराओं और रीति-रिवाजों को बचाने के लिए उठाया गया है। इस संबंध में सरपंच सतनाम सिंह ने बताया कि ऐसे मामलों से गांव का माहौल प्रभावित होता है, इसलिए पंचायत ने इस पर सख्त रुख अपनाया है। पंचायत ने चेतावनी दी है कि अगर कोई व्यक्ति ऐसे मामलों में दोषी की मदद करता है या जानकारी छिपाता है, तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है। सरपंच सतनाम सिंह का कहना है कि गांव उनके लिए परिवार की तरह है और यहां रहने वाले सभी लोग उनके परिवार के सदस्य हैं।

गांववासियों के अनुसार पिछले दिनों गांव में इस तरह के कुछ रिश्तों के मामले सामने आए थे, जिसके कारण पंचायत को यह प्रस्ताव लाने के लिए मजबूर होना पड़ा। उनका कहना है कि गांव में आपसी मेल-जोल और गांव की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। गांववासियों का कहना है कि अगर यह प्रस्ताव पास नहीं किया जाता, तो इसका असर गांव के अन्य बच्चों, लड़कियों और महिलाओं पर भी पड़ सकता था।

## नशे के खिलाफ बड़ा एक्शन: कई इलाकों में पुलिस की दबिश

जालंधर 12 मार्च (निस) नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत देहात पुलिस द्वारा संदिग्ध इलाकों में कासो ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान एसएसपी हरविंदर विर्क सहित अन्य पुलिस अधिकारी और 300 कर्मी तैनात रहे। एसएसपी विर्क ने बताया कि कासो ऑपरेशन डीएसपी (डिटेक्टिव) इंदरजीत सिंह, डीएसपी सुखपाल सिंह सब डिवीज़न शाहकोट और डीएसपी ओंकार सिंह सब डिवीज़न नकोदर की सुपरविज़न में चलाया गया। एसएसपी ने कहा कि सर्च ऑपरेश ने में उन संदिग्ध इलाकों में स्पेशल चेकिंग की गई, ड्रग्स को लेकर अधिक मामले सामने आ रहे थे।एसएसपी ने बताया कि सर्च दौरान उनकी टीम ने रावण दी माला, मेहतपुर और धर्मे दियां छन्ना जैसे इलाकों में कार्रवाई की है। इस ऑपरेशन के दौरान 4 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गईं। इसी के साथ 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान 74 नशीली गोलियां बरामद की गईं और जांच के लिए 10-12 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया।

# कालका कॉलेज में मेगा एल्यूमिनी मीट मिलाप 15 मार्च को : विजय बंसल एडवोकेट

**कालका, 12 मार्च ( अख्तर फारूकी/अजीत सिंह ):** अरुणा आसिफ अली पोस्टग्रेजुएट कॉलेज कालका में एल्यूमनी बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज प्रिंसिपल गीता सुखीजा मुख्य अतिथि थी जबकि



बैठक की अध्यक्षता राजकीय कॉलेज कालका एल्युमनि एसोसिशन प्रधान विजय बंसल एडवोकेट ने की। इस अवसर पर बैठक में एस के थामा, संजय बंसल, अरुण कुमार कोड़ा, जीतेन्द्र, रमेश चौधरी, शशि गुप्त, प्रो. मीनू ख्यालिया, प्रो. नवनीत नैंसी, प्रो. भैरवी सहित अन्य लोग भी शामिल हुए। एल्युमिनि एसोसिएशन प्रधान विजय बंसल एडवोकेट ने बताया कि इस अवसर पर सभी सदस्यों ने सर्व समिति से निर्णय लिया कि आगामी 15 मार्च 2026 को राजकीय कॉलेज कालका परिसर में ही मेगा एल्यूमिनी मीट मिलाप का आयोजन किया जाएगा। इसी कार्यक्रम को लेकर सभी सदस्यों ने विस्तार से चर्चा की और कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। उन्होंने बताया कि इस एल्यूमिनी मीट में कालका कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करके गए पुराने छात्र अपनी पुरानी यादों को ताजा करेंगे और अपने अनुभव भी साझा करेंगे। साथ ही कालका राजकीय कॉलेज और कॉलेज के छात्रों के विकास के लिए विचार विमर्श कर आगे की रणनीति तैयार करेंगे। उन्होंने बताया कि कालका राजकीय कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करके गए अनेक छात्र आज उच्च पदों पर विराजमान है और कई छात्रों ने विशेष उपलब्धियां भी प्राप्त की है। यह सभी छात्रों के लिए सौभाग्य की बात होगी कि वह सभी छात्र एक बार फिर एक दूसरे के रूबरू होकर अपने वर्षों पुराने दिनों की यादो को ताजा करेंगे। 15 मार्च को होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी देते हुए विजय बंसल एडवोकेट ने बताया कि सुबह 10 बजे कार्यक्रम की शुरुआत में आने वाले अतिथियों के लिए जलपान की व्यवस्था की जाएगी, तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी जिसमें सभी एल्यूमिनी सदस्य अपनी पुरानी यादों को ताजा करते हुए अपने विचार साझा करेंगे और इस दौरान सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा। दोपहर के भोजन की व्यवस्था भी की गई है। विजय बंसल ने बताया कि गत कई वर्षो से एल्यूमिनी सदस्य इस प्रकार के आयोजन करते आ रहे हैं। इस अवसर पर प्रिंसिपल गीता सुखीजा ने कहा कि एल्युमिनी संगठन के सदस्यों की ओर से कॉलेज स्टाफ और कॉलेज के छात्रों को समय-समय पर मार्गदर्शन मिलता रहता है और पुराने छात्र कॉलेज के विकास के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## फिरौती की मांग को लेकर अस्पताल में फायरिंग करने वाले 2 गिरफ्तार, बरामद हुआ ये सामान

नवांशहर 12 मार्च (निस) 50 लाख रुपए की फिरौती की मांग को लेकर कस्बा बंगा स्थित एक अस्पताल में फायरिंग करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त 2 पिस्टल, 7 जिंदा कारतूस तथा मोटरसाइकिल बरामद की है। नवांशहर में आयोजित प्रेस वार्ता में एस.एस.पी. तुषार गुप्ता ने बताया कि गत 9 मार्च को कस्बा बंगा के मुकंदपुर रोड स्थित महिंद्रा अस्पताल के बाहर बाइक सवार 2 नौजवानों ने 2 राउंड फायर किए थे। उन्होंने बताया कि उक्त अस्पताल के मालिक डॉ. ओंकार सिंह पुत्र चरन सिंह निवासी मुकंदपुर रोड, नजदीक पूनिया फाटक को गत 3 मार्च को विदेशी मोबाइल नंबर से जसप्रीत सिंह उर्फ कन्नू निवासी कुकड़ मजारा, हाल निवासी यूएसए ने जान से मारने की धमकी देते हुए 50 लाख रुपए की फिरौती की मांग की थी। जिस पर डॉ. ओंकार सिंह के बयानों के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। उन्होंने बताया कि 8 मार्च को पुनः विदेशी नंबर से डॉ. ओंकार को जसप्रीत सिंह उर्फ कन्नू की कॉल आई, जिसमें फिरौती की मांग को दोहराया गया। एस.एस.पी. ने बताया कि 9 मार्च को जसप्रीत सिंह उर्फ कन्नू की ओर से भेजे गए 2 अज्ञात बाइक सवार नौजवानों ने सुबह करीब साढ़े 6 बजे महिंद्रा अस्पताल के बाहर फायरिंग की थी।

## पंजाब में फिर अंधाधुंध फायरिंग, कार सवार हमलावरों ने युवक को मारी गोली

मोगा 12 मार्च (निस) मोगा शहर में पुरानी रंजिश के चलते फायरिंग की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। इस घटना में कुलजीत सिंह नाम का एक युवक गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे इलाज के लिए लुधियाना के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, वेदांत नगर का रहने वाला कुलजीत सिंह कल देर रात अपने दोस्त के साथ टोल बूथ नंबर 3 के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान कार सवार कुछ अनजान युवकों ने अचानक उस पर फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान एक गोली कुलजीत के पैर में लगी और हमलावर घटना को अंजाम देकर तुरंत मौके से फरार हो गए।इस घटना का ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज भी सामने आया है, जिसमें कार सवार युवक कुलजीत सिंह पर फायरिंग करते और फिर मौके से भागते हुए देखे जा सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, यह हमला पुरानी रंजिश के चलते किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके की जांच शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज के आधार पर हमलावरों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है और दावा किया है कि जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस प्रशासन ने लोगों को भरोसा दिलाया है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## दिनदहाड़े लूट की वारदात, बाइक सवार बदमाशों ने बुजुर्ग महिला को बनाया निशाना

लुधियाना 12 मार्च (निस) नगर में दिन प्रतिदिन बढ़ रही छीना झपटी की घटनाओं ने लोगों का जीना दुभर कर दिया है। कोई दिन ऐसा नहीं, जिस दिन नगर के किसी भी क्षेत्र में उक्त घटनाएं न हुई हो। आज ऐसी ही एक घटना केसर गंज रोड पर नानू हलवाई चौक में एक महिला के साथ घटित हुई। वृद्ध महिला अपने परिवार के सदस्य के साथ एक्टिवा पर दवाई लेकर अपने घर लौट रही थी कि पीछा कर रहे दो अज्ञात लोग जिनके मुंह ढके हुए थे। मोटरसाइकिल पर आए और वृद्ध महिला के कानों में पहने हुई सोने की वालियां खींचकर फरार हो गए जिसके चलते वृद्ध महिला के कान से बुरी तरह से जख्मी भी हो गई। अज्ञात लोगों द्वारा की गई घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। स्थानीय पुलिस लुटेरों को पकड़ने के लिए कई जगह छापेमारी कर रही है।

# भगवंत सिंह मान की लीडरशिप में पूरे राज्य में सरकार ने खेल मेले शुरु किए-कुलवंत



मोहाली 12 मार्च (निस) शीतला माता मंदिर मेला कमेटी ने गांव नडियाली (मोहाली) में सरपंच दविंदर सिंह की देखरेख में कुश्ती मेला करवाया, विधायक कुलवंत सिंह ने मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लिया, विधायक कुलवंत सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि दविंदर सिंह सरपंच की पूरी टीम खेल मेले का आयोजन कर रही है, माता शीतला इसी तरह टीम पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें, विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि पंजाब के खेल %कबड्डी और कुश्ती पूरी ताकत और धीरज का खेल है। आम आदमी पार्टी सरकार खेलों को बढ़ावा देने में लगी हुई है, माननीय मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की तरफ से पूरे पंजाब में बड़े पैमाने पर खेल मेले शुरू किए गए हैं, भगवंत सिंह मान सरकार की तरफ से दिए गए सभी वादे पूरे किए गए हैं और यह सब लोगों के सहयोग और आशीर्वाद से ही मुमकिन हो पाया है। विधायक कुलवंत सिंह ने खेल आयोजकों को 31000 रुपए देने की भी घोषणा की, उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किए जा रहे लगातार प्रयासों के कारण, पंजाब फिर से रंगला पंजाब बनने की ओर बढ़ रहा है, युवाओं को नशे के दलदल से निकालकर खेल के मैदान की ओर ले जाने और खिलाड़ियों के लिए जरूरी सामान मुहैया करवाया जा रहा है, उन्होंने कहा कि खेल उत्सवों के आयोजकों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि वे बड़े स्तर पर ऐसे खेल उत्सव आयोजित करते रहें और खिलाड़ियों को अपना खेल कौशल दिखाने का मौका मिले, इस अवसर पर लखमीर कुमार रूपिंदर सिंह, गुरिंदरजीत सिंह के अलावा, इंद्रजीत सिंह, सुखविंदर सिंह, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता - कुलदीप सिंह समाना अवतार सिंह मौली वैदवान, गुरप्रीत सिंह बरियाली, डॉ. कुलदीप सिंह, जसपाल सिंह मटौर, सुरिंदर सिंह रोड़ा सुहाना, रविंदर सिंह शामपुर, तरलोचन सिंह मटौर, भूपिंदर सिंह पंच, करमजीत कुमार सरपंच, राजिंदर सिंह सरपंच, जगदेव शर्मा, सुखविंदर सिंह, लवलेश सिंह, धर्मप्रीत सिंह पंचायत सदस्य भी मौजूद थे,

फोटो कैप्शन- विधायक कुलवंत सिंह, शीतला माता मंदिर कमेटी, गांव नंदियाली द्वारा आयोजित कुश्ती मैच के दौरान साथ हैं सरपंच दविंदर सिंह और अन्य

# आईपीएस डीसीपी दिल्ली पुलिस विपुल अनेकांत का जीएवी जैन स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत




फाजिल्का, 12 मार्च (बख्शीश सिंह / जसप्रीत सिंह) आईपीएस डीसीपी दिल्ली पुलिस विपुल अनेकांत स्थानीय जी.ए.वी जैन आदर्श विद्यालय में पहुंचे। विद्यालय परिसर में पहुंचने पर उनका बहुत ही भावपूर्ण और जोरदार स्वागत किया गया। इस विशेष अवसर पर स्कूल के चेयरमैन एडवोकेट अनिल जैन की अगुवाई में पूरा प्रबंधन और स्टाफ मौजूद रहा।जानकारी देते हुए स्कूल के वाइस प्रिंसिपल शीनम धूड़िया ने बताया कि सर्वप्रथम डीसीपी विपुल अनेकांत विद्यालय के मुख्य द्वार पर पहुंचे, वहां मौजूद विद्यार्थियों और शिक्षकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका अभिनंदन किया। चेयरमैन एडवोकेट अनिल जैन ने डीसीपी का स्वागत करते हुए उन्हें विद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि एक उच्च अधिकारी का विद्यालय में आना विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है और इससे बच्चों में कानून और व्यवस्था के प्रति सम्मान की भावना जागृत होती है। इस गरिमामयी कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के चेयरमैन एडवोकेट अनिल जैन की विशेष उपस्थिति रही और उनकी अगुवाई में प्रिंसिपल नरेश सपड़ा ने डीसीपी विपुल अनेकांत का औपचारिक रूप से स्वागत किया। प्रिंसिपल नरेश सपड़ा ने डीसीपी को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका विद्यालय आगमन पर आभार व्यक्त किया। स्वागत समारोह के दौरान चेयरमैन अनिल जैन ने जोर देकर कहा कि पुलिस प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों का शिक्षण संस्थानों के साथ इस तरह का संवाद समाज में एक सकारात्मक संदेश भेजता है। डीसीपी विपुल अनेकांत ने भी विद्यालय की व्यवस्थाओं और वहां के अनुशासित वातावरण की सराहना की। उन्होंने उपस्थित स्टाफ से बातचीत करते हुए शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के चारित्रिक निर्माण और उन्हें जागरूक नागरिक बनाने की दिशा में काम करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रिंसिपल नरेश सपड़ा ने विश्वास दिलाया कि विद्यालय सदैव समाज सेवा और शिक्षा के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।वाइस प्रिंसिपल शीनम धूड़िया ने बताया कि डीसीपी विपुल अनेकांत के आगमन को लेकर स्कूल के छात्र-छात्राओं और स्टाफ में भारी उत्साह देखने को मिला।

# रायपुररानी थानाध्यक्ष की खामोशी- बड़े कब्जेदारों की जीत, संजीव शर्मा ने दी अनशन पर बैठने की धमकी

## अतिक्रमण हटाओ अभियान या गरीब हटाओ, रसूखदार बचाओ



**रायपुररानी, 12 मार्च ( देवेन्द्र सिंह ):** रायपुररानी में चल रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान अब केवल सड़कें साफ करने की कार्रवाई नहीं, बल्कि प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करने का मुद्दा बन गया है। आरोप है कि अभियान के दौरान छोटे व्यापारियों पर सख्ती दिखाई गई, जबकि बड़े और प्रभावशाली प्रतिष्ठानों के अतिक्रमण आज भी जस के तस बने हुए हैं। समाजसेवी संजीव शर्मा का कहना है कि मुख्य बाजार में अधिकांश दुकानदारों के अतिक्रमण अब भी यथावत बने हुए हैं। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि बुलडोजर और प्रशासनिक सख्ती केवल गरीबों और छोटे व्यापारियों तक ही सीमित है, जबकि रसूखदारों के लिए थानाध्यक्ष की खामोशी ही सुरक्षा कवच बन गई है। संजीव शर्मा ने आरोप लगाया कि थानाध्यक्ष सत्ताधारी नेताओं के दबाव में काम कर रहे हैं, जिसके चलते प्रभावशाली लोगों और बड़े प्रतिष्ठानों के अतिक्रमण पर कार्रवाई नहीं हो रही। उनका कहना है कि प्रशासन की यह दोहरी नीति आम लोगों में रोष पैदा कर रही है। उन्होंने बताया कि पंचकूला उपायुक्त के आदेशों के बावजूद बड़े अतिक्रमणों पर कोई ठोस कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही। उनका आरोप है कि यह अभियान दिखावटी सख्ती बनकर रह गया है, जिसमें कमजोरों पर कार्रवाई और ताकतवरों को राहत दी जा रही है। संजीव शर्मा ने स्टेट हाईवे और आसपास के कई स्थानों का जिक्र करते हुए कहा कि रामकुंडी चौक, खेड़ा शिव मंदिर से डाकघर रोड, बीडीपीओ कार्यालय के पास, सब्जी मंडी, सरकारी स्कूल के आसपास, गुप्ता नर्सिंग होम से पशु चिकित्सालय तक रिंग रोड और त्रिलोकपुर चौक पर कई बड़े प्रतिष्ठान अतिक्रमण किए बैठे हैं। उनका कहना है कि स्टेट हाईवे पर अब भी कई प्रतिष्ठानों के शेड-टीन, अलमारियां और निर्धारित सीमा से अधिक बाहर रखा सामान सड़क और फुटपाथ पर कब्जा किए हुए हैं। इससे न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि आम लोगों को भी रोजमर्रा की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल संजीव शर्मा ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन जल्द बड़े अतिक्रमणों पर कार्रवाई नहीं करता, तो वे प्रशासन के खिलाफ अनशन पर बैठने को मजबूर होंगे।

# ऊर्जा मंत्री अनिल विज का पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा व कई विधायकों ने हालचाल जाना तथा उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की

### ऊर्जा मंत्री अनिल विज का हाल जानने के लिए आज साइंस इंडस्ट्री, रोटरी अस्पताल व हरियाणा चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स से पदाधिकारी पहुंचे



**चंडीगढ़, 12 मार्च ( के.के संधू ):** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज से आज उनके आवास पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पहुंच उनका हालचाल जाना और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस बीच दोनों नेताओं के बीच बातचीत भी हुई। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री के साथ बदली (झज्जर) विधायक कुलदीप वत्स, अम्बाला शहर विधायक चौ. निर्मल सिंह और फतेहाबाद विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया एवं अन्य भी मौजूद रहे। वहीं ऊर्जा मंत्री अनिल विज से साइंस इंडस्ट्री, रोटरी अस्पताल और हरियाणा चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स से वरिष्ठ सीए एडी गांधी, उद्योगपति डा. आशावंत, कमलजीत जैन, सीए संजय लाल, अश्विनी गोयल, पुनीत गुप्ता, प्रो. केके जैन, सुरेश धीमान, सुभाष बंसल सहित अन्य ने उनका हालचाल जाना और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इसके अलावा विभिन्न स्कूलों से आए नन्हें बच्चों ने भी ऊर्जा मंत्री अनिल विज का हालचाल जानते हुए उनके जल्द स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना की। इसके अतिरिक्त विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं अन्य संगठनों के पदाधिकारियों के अलावा भाजपा कार्यकर्ताओं ने ऊर्जा मंत्री का हालचाल जाना।

**नवनियुक्त जज को ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने आर्शीवाद दिया** : ऊर्जा मंत्री अनिल विज से आज उनके आवास पर गुजरात ज्यूडिशरी में नवनियुक्त जज रिया गोयल ने मुलाकात की। इस दौरान मंत्री विज ने रिया गोयल को उनकी नियुक्ति पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अम्बाला की बेटियां बुलंदियों को छू रही है और अपने शहर का नाम रोशन कर रही हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता रवि बुद्धिराजा सहित रिया के परिजन भी उपस्थित रहे।

# दहेज के 11 लाख लौटाकर दूल्हे आशीष राणा ने लिया केवल 1 रुपया,समाज को दिया प्रेरणादायी संदेश

### स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने की सराहना, ग्रामीणों ने बताया युवाओं के लिए मिसाल



**करनाल, 12 मार्च ( संदीप रोहिला ):** दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ गांव कालरों के युवा आशीष राणा ने एक सराहनीय और प्रेरणादायक कदम उठाते हुए अपनी शादी में मिले 11 लाख रुपये लौटाकर केवल 1 रुपया शगुन के रूप में स्वीकार किया। आशीष राणा के इस फैसले की क्षेत्र में खूब चर्चा हो रही है और लोग इसे समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश के रूप में देख रहे हैं। जानकारी के अनुसार आशीष राणा का विवाह गांव मोरा, जिला सहारनपुर निवासी करूणा, सुपुत्री जितेंद्र राणा के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुआ। विवाह के दौरान लड़की पक्ष की ओर से परंपरा के अनुसार 11 लाख रुपये भेंट किए गए थे, लेकिन आशीष राणा ने इस राशि को लेने से इनकार कर दिया और पूरे सम्मान के साथ यह राशि वापस लौटा दी। उन्होंने केवल 1 रुपया शगुन के रूप में स्वीकार कर यह संदेश दिया कि विवाह एक पवित्र बंधन है और इसमें लेन-देन की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। आशीष राणा ने कहा कि दहेज प्रथा समाज के लिए एक गंभीर समस्या बन चुकी है और इसे खत्म करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि विवाह रिश्तों और आपसी सम्मान पर आधारित होना चाहिए, न कि पैसे के लेन-देन पर। आशीष राणा के इस फैसले का स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आशीष हरियाणा पुलिस का कर्मचारी है और मधुबन में तैनात है, इसने जिस साहस और सोच के साथ यह कदम उठाया है, वह समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव की शुरुआत होती है और युवाओं को दहेज प्रथा के खिलाफ आगे आने की प्रेरणा मिलती है। वहीं गांव कालरों के सरपंच प्रतिनिधि नरेन्द्र राणा ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आशीष राणा ने अपने इस कदम से पूरे समाज को एक नई दिशा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यदि समाज के युवा इसी तरह आगे आएं तो दहेज जैसी कुप्रथा को समाप्त करना कठिन नहीं होगा। ग्रामीणों और क्षेत्र के लोगों ने भी आशीष राणा और उनके परिवार की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कदम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा बनेगा और समाज में दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने में मदद करेगा।

## असंध की बेटी निधि गोयल ने सिविल जज बनकर क्षेत्र का नाम किया रोशन

**असंध, 12 मार्च ( दलसिंह मान ):** असंध की बेटी निधि गोयल ने गुजरात न्यायिक सेवा परीक्षा 2025 पास कर सिविल जज बनकर क्षेत्र



का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में प्रधानाचार्य सुखपाल सिंह मान , कुलवंत कौर व स्कूल गतिविधि इंचार्ज रुही वर्मा ने निधि गोयल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और उन्हें बधाई दी । निधि गोयल के पिता संजीव गोयल ने बताया कि निधि गोयल की प्रारंभिक शिक्षा डीएवी पब्लिक स्कूल असंध से हुई, जहां से उन्होंने वर्ष 2019 में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की । इसके बाद कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से वर्ष 2024 में एलएलबी की डिग्री प्राप्त की । निधि गोयल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और अध्यापकों को दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में उतार चढ़ाव आते रहते है , लेकिन मेहनत और धैर्य से अपने लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है । असफलता से घबराने की बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। प्रधानाचार्य सुखपाल सिंह मान ने कहा कि निधि गोयल ने असंध क्षेत्र का ही नहीं पूरे हरियाणा का नाम रोशन किया है। निधि की सफलता ने साबित कर दिया है कि दृढ़ निश्चय और कड़ी मेहनत से किसी भी लक्ष्य को पाया जा सकता है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। निधि के पिता संजीव गोयल, माता मधु गोयल व चाचा सुनील गोयल व सुरेन्द्र गोयल ने बताया कि निधि की इस उपलब्धि पर उनके परिवार, रिश्तेदारों और क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताई है। उनकी सफलता से क्षेत्र के युवाओं को भी प्रेरणा मिल रही है। इस अवसर पर पीटीआई साहब सिंह, पूजा बलूजा , वीना खुराना , कमलेश पहल , प्रदीप कुमार, संजय मल्होत्रा सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## भक्ति दीप आश्रम में भागवत कथा का जादू, दूसरे दिन उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

***सद्गुरुदेव गणेश शास्त्री जी महाराज बोले : भगवान की भक्ति से मिटते हैं जीवन के दुख, मिलता है सच्चा आनंद***

**रायपुररानी, 12 मार्च ( देवेन्द्र सिंह ):** गांव फिरोजपुर स्थित भक्ति दीप आश्रम में चल रहे श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दूसरे दिन श्रद्धा




और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचने लगे और पूरा पंडाल भगवान के जयकारों व भजनों से गूंज उठा। परम श्रद्धेय सद्गुरुदेव गणेश शास्त्री जी महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मनुष्य के जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य मार्ग है। कथा श्रवण से पापों का क्षय होता है और जीवन में सुख, शांति तथा आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। कथा के दौरान संगीतमय भजनों ने माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए और पूरा परिसर जयकारों से गूंजता रहा। इस अवसर पर भक्ति दीप आश्रम शिष्य परिवार ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का लाभ उठाने और अपने जीवन को धर्म व भक्ति के मार्ग पर अग्रसर करने की अपील की।

# नरवाना के गांव कालवन का कपिलाश्वर तीर्थ बना सरस्वती तट प्रवासी पक्षियों का प्रमुख ठिकाना,पर्यटन के रूप में होगा विकसित:धूमन सिंह किरमच



**नरवाना, 12 मार्च ( नरेन्द्र कुमार ):** सरस्वती नदी के तट स्थित प्राचीन तीर्थ स्थल न केवल धार्मिक आस्था के केंद्र हैं बल्कि यह प्रवासी पक्षियों के लिए भी महत्वपूर्ण पड़ाव बने हुए हैं। सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने गांव कालवन स्थित कपिलेश्वर तीर्थ का दौरा करते हुए कहा कि सरस्वती नदी के किनारे हर वर्ष बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी आते हैं, जो इस क्षेत्र को प्राकृतिक रूप से समृद्ध बनाते हैं।उन्होंने बताया कि सेंट्रल एशिया, साइबेरिया, मंगोलिया और दक्षिण यूरोप जैसे देशों से आने वाले प्रवासी पक्षी सरस्वती नदी के तटों पर कुछ समय विश्राम करते हैं और फिर आगे या अपने मूल स्थानों की ओर लौट जाते हैं। इन पक्षियों का यह सिलसिला सदियों से चला आ रहा है और पीढ़ी दर पीढ़ी यह परंपरा बनी हुई है।किरमच ने बताया कि सरस्वती नदी के बहाव की विशेष कंटूरिंग तथा इसके किनारे स्थित पवित्र तीर्थ स्थलों के कारण यह क्षेत्र प्रवासी पक्षियों के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आदिबद्री, कपालमोचन, कलेसर जंगल, कुरुक्षेत्र के सन्निहित सरोवर व ब्रह्मसरोवर, सरस्वती नगर तीर्थ, चिलचिला पक्षी अभयारण्य (सारसा), सियोसर जंगल, कपिल मुनि तीर्थ कलायत और कालवन गांव का कपिलेश्वर तीर्थ जैसे स्थान प्रवासी पक्षियों के प्रमुख पड़ाव हैं। इन स्थलों पर पक्षियों को पर्याप्त भोजन और अनुकूल वातावरण मिलने के कारण वे यहां नियमित रूप से आते हैं।उन्होंने कहा कि शोध के अनुसार जब एक समूह किसी स्थान पर आना शुरू करता है तो आने वाली पीढ़ियां भी उसी स्थान को अपना पड़ाव बनाती हैं। महाभारत काल से सरस्वती नदी के तट पर कई सभ्यताएं विकसित हुईं और यहां जल की उपलब्धता के कारण यह क्षेत्र पशु-पक्षियों के लिए भी अनुकूल रहा है। धूमन सिंह किरमच ने बताया कि हरियाणा सरकार और सरस्वती बोर्ड, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में इन सभी तीर्थ स्थलों को पर्यटन के रूप में विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं ताकि देश-विदेश से लोग यहां आकर प्रवासी पक्षियों और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकें। इसके लिए प्रवासी पक्षियों के लिए विशेष शेल्टर और अनुकूल वातावरण तैयार करने की योजना भी बनाई जा रही है।उन्होंने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सियोसर जंगल में सरस्वती नदी के किनारे एक रिजर्ववायर के निर्माण का शुभारंभ किया गया है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में जल स्तर बढ़ाना, पशु-पक्षियों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना और पूरे इकोसिस्टम को मजबूत बनाना है। किरमच ने कहा कि सरस्वती बोर्ड इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है ताकि सरस्वती तट के धार्मिक ऐतिहासिक और प्राकृतिक महत्व को देश-दुनिया के सामने बेहतर तरीके से प्रस्तुत किया जा सके।

## बैकुंठ धाम में भैरों बाबा की मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न



**पंचकूला, 12 मार्च ( सतीश मंगला ):** सेक्टर-20 स्थित बैकुंठ धाम परिसर में भैरों बाबा की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक श्रद्धा और भक्ति के वातावरण के बीच विधि-विधान से पूजा-अर्चना, हवन तथा लंगर प्रसाद के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर हवन में आहुति दी और समाज व देश की सुख-समृद्धि तथा शांति की कामना की।कार्यक्रम के बैकुंठ धाम के प्रधान एवं कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप गोयल ने पूजन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए , और भैरव बाबा की मूर्ति का अनावरण किया गया ,जिससे पूरे परिसर में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। इसके बाद हवन एवं पूर्णाहुति का आयोजन किया गया, जिसमें मौजूद श्रद्धालुओं और गणमान्य लोगों ने आहुति डालकर धार्मिक अनुष्ठान को पूर्ण किया। हवन के उपरांत सभी श्रद्धालुओं के लिए लंगर प्रसाद की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजित समारोह में कार्यक्रम के सयोजक प्रदीप गोयल की अध्यक्षता में मूर्ति स्थापना का आयोजन सपन्न हुआ इस मौके पर रमाकांत भारद्वाज विभाग संघ चालक विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे जबकि अतिथियों में हरियाणा के मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार तरुण भंडारी , पूर्व विधायक ज्ञानचंद गुप्ता, जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, अमित जिंदल, तेजिंदर गुप्ता टोनी जिलाा भाजपा उपाध्यक्ष, युवा प्रदेश अध्यक्ष योगिंदर शर्मा, दीपक गर्ग, श्री मेहंदीपुर बालाजी महाराज ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश बंसल, अनीष अग्रवाल, रुपाली जैन, विनीत जैन, संजय गर्ग, अनिल थापर, बेनु राव, प्रदीप गर्ग, अजय कुंडल्स, संजय आहूजा, नवीन गर्ग, युवराज कौशिक, प्रमोद वत्स, अजय शर्मआ, विशाल सेठ,परमजीत कौर, अनुराधा वर्मा, वैभव मनचंदा, ओमप्रकाश देवीनगर, दिनेश चौहान, डॉ. सिसोदिया, उमेश सूद, सतीश मंगल, नरेंद्र लुभाना, सुनीत सिंगला, सुखबीर पुनिया, राकेश गुप्ता, के चंदन, ब्रिज लाल गर्ग, महिला जिला अध्यक्ष अनुराधा पूरी और सुशीला गर्ग, ऋतु गोयल, सी बी गोयल, अमित गोयल, सुरिंदर गोयल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। पूर्व विधायक ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि भैरों बाबा की मूर्ति स्थापना से इस पवित्र स्थल की धार्मिक महत्ता और भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि बैकुंठ धाम पंचकूला में श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है और यहां होने वाले ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिकता और संस्कारों को मजबूत करते हैं। उन्होंने प्रदीप गोयल और उनके परिवार की सराहना करते हुए कहा कि उनके सहयोग से यहां पहले भी कई धार्मिक कार्य और मूर्तियों की स्थापना हो चुकी है। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार तरुण भंडारी ने कहा कि भैरों बाबा की स्थापना केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि समाज को एकजुट करने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन लोगों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक मूल्यों से जोड़ते हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने कहा कि बैकुंठ धाम परिसर के निर्माण और विकास में समाजसेवी प्रदीप गोयल और उनके परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके प्रयासों से यह स्थान आज पंचकूला में धार्मिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बन गया है। समाजसेवी प्रदीप गोयल ने बताया कि भैरों बाबा की मूर्ति स्थापना विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में श्रद्धा, सेवा और एकता की भावना को मजबूत करते हैं।समारोह के दौरान बैकुंठ धाम के प्रधान प्रदीप गोयल ने परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया एवं सभी के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे, ताकि वे श्रद्धा और भक्ति के साथ धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त कर सकें।

## चैत्र चौदस मेले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जाएगी चिकित्सा सेवाएं : डा. मनीषा

**पिहोवा, 12 मार्च ( विवेक ):** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा. मनीषा सिंह ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में चैत्र चौदस मेले के दौरान आने वाले लोगों को स्वास्थ्य सम्बंधी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों व कर्मचारियों को आदेश दिए कि मेले में आने वाले लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए शहर में एंटी लार्वा व एंटी फ्लाई गतिविधियों में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। मक्खी मच्छर से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए दुकानों रेहड़ियों आदि पर साफ सफाई के रख-रखाव हेतु उन्हें समय-समय पर जागरूक करते रहें। उन्होंने कहा कि हर प्रकार के खाद्य पदार्थ को ढक कर रखने व कटे फटे फल न बेचने के बारे में भी जांच करते रहें। लोगो को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए पानी के नमूनों का ओटी व बीटी टेस्ट किया जाए। इस कड़ी में स्वास्थ्य विभाग ने पब्लिक हेल्थ विभागीय टीम के साथ मिलकर 9 पानी के नमूने बीटी टेस्ट के लिए जिला लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल भेजे है व 15 ओटी टेस्ट किए हैं जो कि पॉजिटिव पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर में एंटी लार्वा/एंटी फ्लाई कार्य किया व पानी के नमूनों की जांच की।

